# जागरूक टाइम्स

HAPPY HOLI

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-225 ▶ मुंबई, गुरुवार, 13 मार्च 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4













## बलोचों ने 50 बंधकों को मारा

▪ कब्जे में अभी भी 180 रेल यात्री
▪ सरकार ने भेजे 200 ताबूत

**इस्लामाबाद।** बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान की सरकार से अपमी मांगों को मनवाने के लिए क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक कर लिया। अब इस मामले पर बीएलए की ओर से ताजा बयान सामने आया है कि उन्होंने अबतक 50 बंधकों को मौत के घाट उतार दिया है। यदि उनकी शर्ती नहीं मानी गईं तो संख्या और भी बढ़ सकती है। जाफर एक्सप्रेस ट्रेन के हाईजैक होने के बाद से पाकिस्तान की दुनियाभर में खूब किरकिरी हो रही है। ट्रेन हाईजैक में बंधक बनाए गए लोगों की बलूचिस्तान के लड़ाकों ने एक लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें 180 लोगों के नाम शामिल हैं। इन बंधकों में पाकिस्तानी सेना के मेजर रैंक के अफसर एम एहसान जावेद का भी नाम है, जिसे बचाने के लिए पाक सेना ने पूरा जोर लगा दिया है।



### हर घंटे 5 को मारेंगे

बीएलए ने कहा है कि यदि आरोपी दोषी पाए गए, तो उन्हें बलूच राष्ट्रीय कानूनों के अनुसार दंडित किया जाएगा। वहीं अल्टीमेटम का समय समाप्त होने के बाद प्रत्येक बीतते घंटे के साथ बंधकों के लिए परिणाम बदतर होते जाएंगे, समूह ने समय सीमा के बाद प्रत्येक घंटे की देरी के लिए पांच बंधकों को मारने की धमकी दी है।

### महिलाओं और बच्चों को छोड़ा

ट्रेन से रेस्क्यू किए गए यात्री मोहम्मद अशरफ ने कहा कि आतंकवादियों ने बुजुर्गों, नागरिकों, महिलाओं और बच्चों को जाने दिया। उन्होंने कहा, 'यात्री बहुत डरे हुए थे, यह कयामत के दिन जैसा खौफनाक मंजर था।' अशरफ ने कहा, 'मेरे अनुमान के अनुसार, वे (चरमपंथी) अपने साथ करीब 250 लोगों को ले गए थे और हमलावरों की संख्या करीब 1,100 थी।'

### बलोचो ने कहा- 'आपसे हमारी दुश्मनी नहीं, यहां से चले जाएं'

एक यात्री ने बताया कि उन्होंने हमें बुग्गी खाली करने को कहा। ऐसे में हम बुग्गी खाली कर वहां से निकल गए। उन्होंने हमें छोड़ दिया और कहा कि आप लोग यहां से चले जाएं। आपसे हमारी दुश्मनी नहीं है। फिर हमने वहां से पैदल अपना रास्ता तय किया।'

### सुसाइड जैकेट पहने हैं बलोच बॉम्बर

▪ पाकिस्तान सेना बंधकों को रिहा करवाने के लिए कोशिश कर रही है। लेकिन खबर है कि ट्रेन के अंदर बलोचों के विद्रोही सुसाइड जैकेट पहन कर बैठे हैं।

### 27 विद्रोहियों को मार गिराया गया

▪ बलोचों ने पाकिस्तानी सेना के 30 जवानों को मौत के घाट उतार दिया है। वहीं पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने करीब 27 विद्रोहियों को मार गिराया और 155 यात्रियों को रेस्क्यू कर लिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार ऑपरेशन को बेहद सावधानी से अंजाम दिया जा रहा है ताकि बंधकों की जान को कोई नुकसान न पहुंचे।

### शहबाज शरीफ ने की हमले की निंदा

▪ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हमले की निंदा की है और कहा है कि सुरक्षा अधिकारी आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन को अंजाम दे रहे हैं।

## हरियाणा में भाजपा का डंका

### 10 में से नौ निगमों में भाजपा का कब्जा

**चंडीगढ़।** हरियाणा में अब भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार होगी। विधानसभा चुनाव के करीब साढ़े पांच माह बाद हुए शहरी निकाय चुनाव में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लड़े गए शहरी निकाय चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों ने कांग्रेस प्रत्याशियों को हराकर नगर निगमों और नगर परिषदों में कमल का फूल खिलाया है। राज्य के 10 नगर निगमों में से नौ पर भाजपा की जीत हुई है, जबकि नवगठित मानेसर नगर निगम में निर्दलीय उम्मीदवार ने चुनाव जीता है। इस निर्दलीय उम्मीदवार ने भी केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत के नाम पर वोट मांगकर चुनाव जीता है। भाजपा को शहरी निकायों में शानदार जीत तब मिली, जब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को दूसरी बार सीएम का दायित्व संभालते हुए एक साल पूरा हो गया।



राज्य के किसी भी शहरी निकाय में कांग्रेस जीत के करीब तक भी नहीं पहुंच पाई। राज्य की पांचों नगर परिषदों पर भी भाजपा का कब्जा रहा, जबकि 23 नगर पालिकाओं में आठ उम्मीदवार भाजपा के जीते, जबकि 15 निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। फरीदाबाद नगर निगम में एक ही परिवार के तीन सदस्य चुनाव जीत गए हैं। फरीदाबाद में पति-पत्नी और देवर चुनाव जीते हैं। वार्ड नंबर 42 से दीपक यादव (पति), वार्ड नंबर 43 से रश्मि यादव (पत्नी) और वार्ड नंबर 40 से पवन यादव (देवर) चुनाव जीते हैं।

### 26 में से भाजपा ने 23 वार्ड जीते

▪ करीब सवा साल के बाद शहर को अपनी सरकार मिल गई है। निगम चुनाव में भाजपा ने जीत हासिल की है। भाजपा ने 26 में से 23 वार्डों पर जीत दर्ज की है। कांग्रेस एक और निर्दलीय दो वार्डों में चुनाव जीते हैं। निगम में सबसे बड़ी जीत वार्ड-4 और सबसे छोटी जीत वार्ड-19 में रही।

### फरीदाबाद में रिकॉर्ड अंतर से जीत

▪ केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल के प्रभाव वाले फरीदाबाद में भाजपा की प्रवीण बत्रा जोशी तीन लाख 16 हजार 852 मतों से चुनाव जीती हैं, जो कि देश में सबसे बड़ा जीत का अंतर है। पहले यह रिकॉर्ड गाजियाबाद की भाजपा की मेयर सुनीता दयाल के नाम था।

### ट्रिपल इंजन की सरकार करेगी विकास

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इसे प्रदेश की जनता की जीत बताते हुए कहा है कि अब राज्य में ट्रिपल इंजन की सरकार तेज गति के साथ नॉन स्टाप काम करेगी। शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल ने विधानसभा में राज्य के अधिकतर शहरी निकायों में कमल का फूल खिलने की जानकारी दी तो सभी विधायकों ने मेजें थपथपाकर अभिनंदन किया। फरीदाबाद में भाजपा की देश में सबसे बड़ी जीत हुई है।

## सेना को मिलेगा ट्रांसपोर्टेबल राडार

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना की क्षमता बढ़ाने के लिए रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक बड़ा सौदा किया। इस महत्वपूर्ण सौदे से भारतीय वायुसेना को अत्याधुनिक रडार सिस्टम (अश्विनी) हासिल होगा। 2,906 करोड़ रुपए की लागत वाला यह रडार सिस्टम नए जमाने के आधुनिक लड़ाकू जहाजों का पता लगाने में सक्षम है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह रडार सिस्टम स्वदेशी है। इसके आने पर भारतीय वायुसेना की विदेशी उपकरणों पर निर्भरता भी कम होगी। सरकार के देश की स्वदेशी रक्षा क्षमता को मजबूत करने के प्रयासों के तहत यह फैसला किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) गाजियाबाद के साथ 2,906 करोड़ रुपए की लागत से लो-लेवल ट्रांसपोर्टेबल रडार (एलएलटीआर) 'अश्विनी' की खरीद का सौदा तय किया है। इसके लिए एक पूंजी अधिग्रहण समझौते पर हस्ताक्षर भी किए गए हैं। यह रडार डीआरडीओ के इलेक्ट्रॉनिक्स और रडार विकास प्रतिष्ठान द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है। यह समझौता नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में साइन किया गया। एलएलटीआर (अश्विनी) एक एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन किया गया फेज़्ड एरे रडार है, जो अत्याधुनिक सॉलिड-स्टेट ऑफ द आर्ट तकनीक पर आधारित है।



▶▶ लड़ाकू विमानों, यूएवी और हेलीकॉप्टर्स का चलेगा पता

## होली से पहले महंगाई से जनता को राहत

**नई दिल्ली।** होली से पहले महंगाई के मोर्चे पर आम जनता को बड़ी राहत मिली है। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) पर आधारित भारत की खुदरा महंगाई फरवरी 2025 में घटकर 3.61 प्रतिशत हो गई, जो जनवरी में 4.31 प्रतिशत थी। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी धीमी हो गई थी। इसी के साथ खुदरा महंगाई फरवरी में घटकर 7 महीने के निचले स्तर पर आ गई जो रिजर्व बैंक के लक्ष्य 4 फीसदी से भी कम है। आरबीआई 2-6 फीसदी का टॉलरेंस बैंड बनाए रखता है। इसी पहले 45 अर्थशास्त्रियों के रॉयटर्स पोल ने पहले फरवरी में मुद्रास्फीति 3.98 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। इस बीच, भारत की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि जनवरी 2025 में साल-दर-साल 5 प्रतिशत हो गई, जबकि दिसंबर 2024 में यह 3.2 प्रतिशत थी।



▶▶ सात माह में निचले स्तर पर खुदरा महंगाई दर

## मप्र.: 4.21 लाख करोड़ का बजट पेश

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बुधवार को दूसरा आम बजट पेश किया। यह बजट 4 लाख 21 हजार करोड़ से ज्यादा का है, इसमें कोई नया कर नहीं लगाया गया है। इस तरह राज्य में कोई भी सामान सस्ता या महंगा नहीं होगा। पिछले बजट की तुलना में यह लगभग 15 प्रतिशत अधिक है। राज्य सरकार का यह बजट युवा, किसान, गरीब और नारी को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इन सभी के कल्याण के लिए सरकार ने विशेष प्रावधान किए हैं। इस बजट में 'लाडली बहन योजना' के लिए 18,500 करोड़ से अधिक का प्रावधान किया गया। साथ ही इसे अटल पेंशन योजना से भी जोड़ने की बात कही गई है। इस बजट में कर्मचारियों के लिए भी खुशखबरी है, क्योंकि सातवें वेतन आयोग के आधार पर महंगाई भत्ते का पुनरीक्षण 1 अप्रैल से किया जाएगा।



**500 रेलवे ओवरब्रिज बनाए जाएंगे**

इसके साथ ही मजरा टोला को सड़क से जोड़ने के लिए प्रावधान किए गए हैं। एक लाख किलोमीटर सड़क बनाई जाएगी। इसके अलावा 500 रेलवे ओवरब्रिज बनाए जाने का भी प्रावधान किया गया है।

### यूपी सरकार ने दिया तोहफा

## होली-रमजान पर सिलेंडर फ्री

**लखनऊ।** होली से पहले और रमजान के दौरान उत्तर प्रदेश में योगी सरकार की तरफ से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को मुफ्त एलपीजी सिलेंडर रीफिल उपलब्ध कराया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को इस बात की घोषणा की। लखनऊ में सब्सिडी वितरण कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि 1.86 करोड़ लाभार्थियों के लिए 1,890 करोड़ रुपए जारी किए जा रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे त्योहार से पहले लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री ने योजना के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि चूंकि होली और रमजान दोनों ही त्योहार मनाए जा रहे हैं, इसलिए हर लाभार्थी इस योजना का लाभ उठा सकता है। उन्होंने इसे "सरकार की ओर से उपहार" बताया। मुख्यमंत्री ने राज्य की सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार पर भी प्रकाश डाला और कहा कि अब राज्य में 80,000 कोटा राशन की दुकानें हैं। इन दुकानों में इलेक्ट्रॉनिक पॉइंट ऑफ़ सेल (ईपीओएस) मशीनें राशन वितरण में होने वाली गड़बड़ियों पर लगाम लगा रही हैं, जो पहले नहीं था।



▶▶ भाजपा ने विधान सभा चुनाव में किया था लोगों से वादा

## दुबई का सबसे बड़ा विदेशी निवेशक बना भारत

▪ अब तक निवेश किए 3 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** दुबई का सबसे बड़ा विदेशी निवेशक बन गया है। देश ने 2024 में वहां 3.018 अरब डॉलर का निवेश किया है, जो कि 2023 में 589 मिलियन डॉलर था। यह जानकारी मंगलवार को जारी हुई रिपोर्ट में दी गई। भारत, अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन अमीरात में एफडीआई के लिए शीर्ष सोर्स देश थे। दुबई के अर्थव्यवस्था और पर्यटन विभाग के दुबई एफडीआई मॉनिटर के अनुसार, दुबई में अनुमानित कुल एफडीआई में 21.5 प्रति. की हिस्सेदारी के साथ भारत शीर्ष पर था। इसके बाद अमेरिका (13.7 प्रति.), फ्रांस (11 प्रति.), यूनाइटेड किंगडम (10 प्रति.) और स्विट्जरलैंड (6.9 प्रति.) का स्थान था। 2024 में ग्रीनफील्ड एफडीआई परियोजनाओं का प्रदर्शन 2023 के 73.5 प्रति. के बराबर था। वहीं, पुनर्निवेश एफडीआई परियोजनाएं 2023 में 1.2 प्रति. से बढ़कर 2024 में 3.3 प्रति. हो गई हैं।



### 2024 में 14.24 अरब डॉलर की एफडीआई

2024 में दुबई ने अनुमानित 14.24 अरब डॉलर का एफडीआई आकर्षित किया जो 2023 में 10.69 अरब डॉलर था, यह सालाना आधार पर 33.2 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। यह 2020 के बाद से अमीरात के लिए एक वर्ष में दर्ज किया गया सबसे अधिक एफडीआई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुबई ने 2024 में रिकॉर्ड तोड़ 1,117 ग्रीनफील्ड एफडीआई परियोजनाओं को आकर्षित किया, जो इसके इतिहास में सबसे अधिक है।

## शिवाजी की सेना में नहीं थे मुसलमान : नितेश राणे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में 'मल्हार सर्टिफिकेशन' और मुस्लिमों को लेकर विवाद हो गया है। दरअसल राज्य के मछली पालन मंत्री नितेश राणे ने 'मल्हार सर्टिफिकेशन' की शुरुआत की। इसके तहत पूरे राज्य में हलाल मटन बेचने वाली सारी दुकानों का रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा। इन दुकानों के जरिए सिर्फ हिंदू ही मटन बेच सकेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना में एक भी मुसलमान नहीं था। इस पर राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा- कुछ लोग ऐसे बयान देते हैं जिसे महाराष्ट्र बर्दाश्त नहीं कर सकता। फिर वे चाहे विपक्ष हों या सत्ता पक्ष के। भारत और महाराष्ट्र में बड़ा मुस्लिम समुदाय है जो अपने देश से प्यार करता है। छत्रपति शिवाजी के साथ मुसलमान भी थे। उनके गोला-बारूद का प्रबंधन कौन कर रहा था। हम ऐसे कई उदाहरण दे सकते हैं।



▶▶ डिप्टी सीएम पवार ने कहा- ऐसे बयान बर्दाश्त नहीं

### अवकाश की सूचना

होली के पावन अवसर पर गुरुवार, 13 मार्च 2025 को जागरूक टाइम्स कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक शनिवार, 15 मार्च 2025 को प्रकाशित होगा।

- संपादक

### न्यूज BRIEF

#### पूर्व भारतीय क्रिकेटर सैयद अली का निधन

**नई दिल्ली।** अपनी बहुमुखी प्रतिभा और कुशल क्षेत्ररक्षण के लिए मशहूर पूर्व भारतीय ऑलराउंडर सैयद आबिद अली का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। आबिद अली हैदराबाद के शानदार क्रिकेटरों के समूह में शामिल थे, जिसका हिस्सा एमएके पटौदी, एमएल जयसिम्हा और अब्बास अली बेग थे। उनका निधन अमेरिका में हुआ। आबिद अली के निधन की खबर उत्तरी अमेरिका क्रिकेट लीग (एनएसीएल) ने साझा की।

#### राजौरी में सीमा पार से फायरिंग, जवान घायल

**जम्मू।** राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में सीमा पार से हुई गोलीबारी में मन कुमार बेगा नामक सेना का एक जवान घायल हो गया। वह गोरखा रेजीमेंट का है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि बॉर्डर पार से स्नाइपर अटैक हुआ है। एलओसी पर ब्लास्ट भी हुआ, जिसके बाद तीन राउंड फायरिंग हुई।

## लीलावती अस्पताल में 'काला जादू'!

### मानव खोपड़ियों और हड्डियों से भरे 8 कलश मिलें

**मुंबई।** मुंबई के मशहूर लीलावती हॉस्पिटल में इलाज कराने के लिए हाल में ही सैफ अली खान गए थे। उनके ऊपर जानलेवा हमला हुआ था जिसके बाद आनन-फानन में उन्हें लीलावती हॉस्पिटल ले जाया गया था। इस हॉस्पिटल से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यहां पर मानव खोपड़ियों और हड्डियों वाले 8 कलश मिले हैं जिसके बाद पूर्व ट्रस्टियों पर आरोप लगाया गया है। जानें पूरा मामला। लीलावती अस्पताल के ट्रस्टी प्रशांत मेहता ने दावा किया है कि मेहता ने अपने पूर्व ट्रस्टियों पर इन खोजों से जुड़े होने का आरोप लगाया और दावा किया कि वे हत्या जैसे काले जादू के अनुष्ठानों में शामिल थे। काले जादू के अनुष्ठान का यह आरोप दिसंबर 2024 में अस्पताल में काम करने वाले कुछ पूर्व कर्मचारियों द्वारा उनके संज्ञान में लाया गया था। जानकारी मिलने के बाद उन्होंने इंजीनियरिंग विभाग को कार्यालय के फर्श को तोड़ने का निर्देश दिया था।



### खुदाई में मिली खोपड़ी

जिसके बाद कर्मचारियों को फर्श के नीचे आठ कलश (कलश) मिले हैं, जिनमें मानव हड्डियां, खोपड़ी, बाल और चावल थे। खुदाई के दौरान इसे कैमरे में भी कैद किया गया। इन चीजों के मिलने के बाद मेहता ने कहा कि इसकी वजह से कार्यालय का माहौल निगेटिव हो गया था।

### अदालत पहुंचा मामला

लीलावती अस्पताल के कार्यकारी निदेशक मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह ने इन दावों का समर्थन करते हुए कहा कि गंभीर आरोपों के बावजूद बांद्रा पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने से इनकार कर दिया। जिसके बाद उन्होंने अदालत का रुख किया जिसने पुलिस पुलिस को ऐसा करने का निर्देश देने के बजाय खुद ही जांच करने का विकल्प चुना। इसके अलावा बता दें कि इसमें कहा गया है कि बांद्रा पुलिस स्टेशन में पहले दर्ज की गई निराधार शिकायत को पूर्व ट्रस्टियों द्वारा बॉम्बे हाई कोर्ट में चुनौती दी जा रही है। मामले की सुनवाई अभी भी बाकी है।

## देश के 773 जिलों में 5G सर्विस उपलब्ध

▶▶ केंद्र सरकार की बड़ी उपलब्धि

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को संसद को बताया कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू की गई 5G सर्विस वर्तमान में देश के 776 में से 773 जिलों में उपलब्ध हैं, जिसमें लक्षद्वीप भी शामिल है। संचार और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में लोकसभा को बताया कि 28 फरवरी तक देश भर में टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स द्वारा 4.69 लाख 5G बेस ट्रांसीवर स्टेशन स्थापित किए गए हैं। संचार मंत्रालय अनुसार, टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स (टीएसपी) ने देश भर में 5G सर्विस का विस्तार किया है और स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए नोटिस इनवाइटिंग एप्लीकेशन में निर्धारित न्यूनतम रोलआउट दायित्वों से आगे निकल गए हैं। इन दायित्वों से आगे मोबाइल सर्विस का विस्तार टीएसपी के टेक्नो-कमर्शियल विचार पर निर्भर करता है। सरकार ने देश में 5G सर्विस को शुरू करने के लिए कई पहल की हैं, जैसे 5G मोबाइल सर्विस के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी, एडजस्टेड ग्रोस रेवेन्यू (एजीआर), बैंक गारंटी (बीजी) और ब्याज दरों को रेशनलाइज करने के लिए वित्तीय सुधार, 2022 की नीलामी और उसके बाद प्राप्त स्पेक्ट्रम के लिए स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क को हटाना।



# मध्य रेलवे चलाएगी 42 होली विशेष ट्रेन सेवाएं

▶▶ गोवा/कोंकण/कर्नाटक/केरल/तमिलनाडु के यात्रियों को होगी विशेष सुविधा

▶▶ इस वर्ष कुल 184 होली विशेष ट्रेन सेवाएं चलाई गईं



**मुंबई।** मध्य रेल ने इस त्यौहारी/होली सीजन में गोवा/कोंकण/कर्नाटक/केरल/तमिलनाडु जाने वाले यात्रियों को होली का एक शानदार तोहफा दिया है। मध्य रेल देश भर में विभिन्न गंतव्यों के लिए कुल 184 विशेष ट्रेन चला रहा है, ताकि यात्री अपने प्रियजनों के साथ होली का त्यौहार मना सकें। इनमें से 42 ट्रेनें गोवा/कोंकण/कर्नाटक/केरल/तमिलनाडु जाने वाले यात्रियों के लिए हैं। इन ट्रेनों में वतानुकूलित विशेष, शयनयान और सामान्य कोच के मिश्रित संयोजन वाली ट्रेनें और अनारक्षित विशेष ट्रेनें शामिल हैं। गोवा, कोंकण, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल के लिए 42 ट्रेन ट्सेवाएं शामिल हैं। मुंबई से मडगांव तक 16 सेवाएं , मुंबई से रत्नागिरी (कोंकण) तक 6 सेवाएं। मुंबई से चिपलून (कोंकण) तक 8 सेवाएं। मुंबई से कन्याकुमारी (तमिलनाडु) तक 4 सेवाएं। मुंबई से तिरुवनंतपुरम (केरल) तक 4 सेवाएं। कलबुर्गि से बेंगलुरु (कर्नाटक) तक 4 सेवाएं। पर्यटक स्थलों पर होली मनाने के चलन को देखते हुए, ये ट्रेनें गोवा, कोंकण और केरल जैसे पर्यटन स्थलों पर जाने वाले यात्रियों के लिए बहुत सुविधाजनक हैं।

## महाराष्ट्र-कोंकण को 62 विशेष ट्रेन सेवाएं

मुंबई। मध्य रेल ने इस त्यौहार/होली सीजन में महाराष्ट्र और कोंकण जाने वाले यात्रियों को होली का एक शानदार उपहार दिया है। मध्य रेल देश भर में विभिन्न गंतव्यों के लिए कुल 184 विशेष ट्रेन सेवाएं चला रहा है, ताकि यात्री अपने प्रियजनों के साथ होली का त्यौहार मना सकें। इनमें से 62 ट्रेनें महाराष्ट्र और कोंकण जाने वाले यात्रियों के लिए हैं। इन ट्रेनों में वातानुकूलित विशेष, शयनयान और जनरल कोच के मिश्रित संयोजन वाली ट्रेन सेवाएं और अनारक्षित विशेष ट्रेन सेवाएं शामिल हैं। मुंबई से नागपुर तक 8 सेवाएं। पुणे से नागपुर तक 8 सेवाएं। मुंबई से नांदेड़ तक 4 सेवाएं। कलबुरगि–दौंड से/तक 28 सेवाएं। मुंबई से रत्नागिरी (कोंकण) तक 6 सेवाएं। मुंबई से चिपलून (कोंकण) तक 8 सेवाएं चलाई जा रही है।

# नवी मुंबई में प्लास्टिक उपयोग पर प्रतिबंध को विशेष अभियान



**नवी मुंबई।** प्लास्टिक थैलियों का उपयोग पूरी तरह से बंद कर कपड़े के थैलों का विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित करने हेतु नवी मुंबई महानगरपालिका की ओर से व्यापक जनजागरूकता चलाई जा रही है। यह अभियान मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। मनपा के आठों विभागों में संचालित इन अभियानों में कुल 1 लाख 65 हजार रुपए की दंड राशि वसूली गई और 71.6 किलो प्लास्टिक थैलियां व एकल उपयोग प्लास्टिक जब्त किया गया। बेलापुर विभाग में 8 विक्रेताओं के पास से प्लास्टिक थैलियां मिलने पर, पहली बार पकड़े जाने के कारण प्रत्येक पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया, जिसके तहत कुल 40 हजार रुपए दंड वसूला गया और 6 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त किया गया। नेरुल विभाग में 6 विक्रेताओं से 30 हजार रुपए जुर्माना और 10 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त किया गया। वाशी विभाग में 6 विक्रेताओं से 30 हजार रुपए जुर्माना और 12 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त किया गया। तुर्भे विभाग में भी 2 विक्रेताओं के पास प्लास्टिक थैलियों का स्टॉक पाया गया, जिसके चलते 10 हजार रुपए का दंड वसूला गया और 25 किलो प्लास्टिक थैलियों समेत एकल उपयोग प्लास्टिक जब्त किया गया। कोपरखैरने विभाग में चलाए गए प्लास्टिक प्रतिबंधात्मक अभियान में 3 व्यापारियों से 15 हजार रुपए दंड वसूला गया और 5 किलो एकल उपयोग प्लास्टिक जब्त किया गया। घनसोली विभाग में 4 विक्रेताओं से प्रति व्यक्ति 5 हजार रुपए के हिसाब से कुल 20 हजार रुपए दंड वसूला गया और 9 किलो प्लास्टिक जब्त किया गया। ऐरोली विभाग में 2 विक्रेताओं से 10 हजार रुपए दंड वसूलने के साथ 4 किलो एकल उपयोग प्लास्टिक जब्त किया गया।


## स्टोर्स ई-प्रोक्यूरमेंट

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना संख्या. एस/40/2024-25 तारीख: 10-03-2025।** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की गई हैं ।

**क्रमिक संख्या 1. निविदा संख्या. 40/25/0528/ओटी/314/2024-25**

**बंद/खुलने की तारीख: 19-03-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** एलईडी आधारित इमर्जेंसी आटोमैटिक लाइट यूनिट। आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन संख्या. आरडीएसओ/पीई/एसपीईसी/एसी/0180-2016 (आरईवी.0) एवं आरडीएसओ डीआरजी संख्या. आरडीएसओ/पीई/एसके/टीएल/0181-2016 (आरईवी.0) शीट 1 एवं 2 अनुरुप एलएचबी कोचों के लिए 12 वीं 7एए एच क्षमतावाले सोकड् मेंटेनेंस फ्री बैटरी सहित टाइप-II (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) (निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0], [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटम टाइप: गुडस (आपूर्ति), (1) परिमाणः पांडु जीएसडी, एनएफआर (असम) के लिए 40 सेट (2) परिमाणः न्यू जलपाईगुड़ी जीएसडी, एनएफआर (पश्चिमबंगाल) के लिए 02 सेट। (3) परिमाण- डिब्रुगढ़ टाउन वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 72 सेट (4) परिमाणः न्यू बंगाईगॉव वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 60 सेट। पीएल. संख्या.- 45151489।

**क्रमिक संख्या 2. निविदा संख्या. 37/25/0759/ओटी/315/2024-25**

**बंद/खुलने की तारीख: 25-03-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** एनएलबी बोगी ड्रॉयिंगः एएएल-021101/एन एएलटी-1. एमएटी. स्पेसिफिकेशन-डब्ल्यूडी-38-एमआईएससी-2004 (आरईवी-2) हेतु कांस्टैस्ट कांटैक्ट पाल्यूरिथेन साइड बियरर पैड असेमब्ली। (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) (निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0], [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटमः 3100354, रोलिंग स्टॉक हेतु कांस्टैंट कांटैक्ट साइड बियरर सब आइटमः केसनाब 22 एनएलबी बोगियों के लिए कांस्टैंस्ट कांटैक्ट साइड बियरर, आइटम टाइप-गुडस (आपूर्ति) (1) परिमाण- डिब्रुगढ़ टाउन वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 100 संख्यक (2) परिमाणः पांडु/जीएसडी, एनएफआर (असम) के लिए 300 संख्यक (3) परिमाणः न्यू जलपाईगुड़ी/जीएसडी, एनएफआर (पश्चिमबंगाल) के लिए 700 संख्यक। (4) परिमाणः न्यू बंगाईगॉव वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 3120 संख्यक। पीएल. संख्या. - 38106462।

**क्रमिक संख्या 3. निविदा संख्या. 61/24/5677/ओटी/316/2024-25**

**बंद/खुलने की तारीख: 17-03-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** वाईडर बेस ब्रीज एप्रोच शलीपर्स (आरटी-8971-8978)। (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) (निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज आईएनएसपी: लागु नहीं, स्टेजेस: 0], [यूवीएएम लिंकिंग:] आईटम टाइपः गुडस (आपूर्ति), परिमाणः वरिष्ठ खंड अभियंता/वर्कस/कंक्रिट शलीपर, एनएफआर (असम) के लिए 551 सेट। पीएल. संख्या. 609007190137।

**क्रमिक संख्या 4. निविदा संख्या. 37/25/0635/ओटी/317/2024-25**

**बंद/खुलने की तारीख: 24-03-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** शैंक वेर प्लेट/बिजी/वागन सहित कपलर बॉडी, ड्रायिंग-एसके-62724-आइटम-1 एवं आइटम-10 एएलटी-30 एमएटी स्पेसिफिकेशन-डब्ल्यूडी-70-बीडी-10 (आरईवी-3)। (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) (निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज आईएनएसपी: लागु नहीं, स्टेजेस: 0], [यूवीएएम लिंकिंग:], आईटमः 3100446, फ्रेइट स्टॉक वागन हेतु उन्नीत हाई टेनसिल सेंटर बफर कपलर सब आइटमः कपलर बॉडी एवं शैंक, वेर प्लेट आइटम टाइपः गुडस (आपूर्ति) (1) परिमाणः पांडु जीएसडी, एनएफआर (असम) के लिए 161 संख्यक। (2) परिमाणः न्यू बंगाईगॉव वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 1242 संख्यक। (3) परिमाण- न्यू जलपाईगुड़ी जीएसडी, एनएफआर (पश्चिमबंगाल) के लिए 130 संख्यक। पीएल. संख्या. - 38135840।

**क्रमिक संख्या 5. निविदा संख्या. 50/25/5036/ओटी/318/2024-25**

**बंद/खुलने की तारीख: 26-03-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** (1) स्पेसिफिकेशन संख्या. आईआरएसः टीसी 30/2005 वीईआर 1. एएमडीटी 5 या फिर अनंतिम अनुसार 6 क्वाड 0.9 एमएम डाया की आपूर्ति। (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) यूवीएएम आईटम आरईएफ (आइटम आईडीः-3100047-एसएंडटी इनस्टॉलेशन हेतु क्वाड केबल) सब आइटम आईडीः-3100047001- सिगनलिंग एवं टेलिकम इनस्टॉलेशन हेतु अंडरग्राउंड रेलवे जेली फिल्ड टेलिकम क्वॉड केबल। परिमाणः एसएसई/एसआईजी/आइसी/गुवाहाटी, एनएफआर (असम) के लिए 35.00 किलोमीटर, पीएल. संख्या. 561100193138 (2) स्पेसिफिकेशन संख्या. आईआरएसः टीसी30/2005 वीईआर. 1. एएमडीटी.5 या फिर अनंतिम अनुसार 6 क्वाड 0.9 एमएम डाया की आपूर्ति। (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) यूवीएएम आईटम आरईएफ (आईटम आईडीः 3100047 -एसएंडटी इनस्टॉलेशन हेतु क्वाड केबल, सब आइटम आईडी-3100047001- सिगनलिंग एवं टेलिकम इनस्टॉलेशन हेतु अंडरग्राउंड रेलवे जेली फिलड टेलिकम क्वाड केबल i) परिमाण- एसएसई/एसआइजी/आईसी/गुवाहाटी, एनएफआर (असम) के लिए 50.00 किलोमीटर। पीएल. संख्या. -561100193199।

**क्रमिक संख्या 6. निविदा संख्या. 61/25/5115/ओटी/319/2024-25**

**बंद/खुलने की तारीख: 28-03-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** 52 केजी 12 में 1 हेतु 6 एमएम थिक नाइलन कर्ड रिइनफोर्सड ग्रुवड रबड़ सोल प्लेटस, टर्ण आउटस (टी-4732)। (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) (निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0], [यूवीएएम लिंकिंग:]आइटम : 3100584, रेइल पैडस सब आइटमः जीआरएसपी, आइटम टाइप: गुडस (आपूर्ति) i) परिमाण- जीतेन्द्र कुमार, एनएफआर (असम) के लिए 500 सेट। पीएल. संख्या. -609002780108।

**क्रमिक संख्या 7. निविदा संख्या. 30/25/1219/ओटी/320/2024-25**

**बंद/खुलने की तारीख: 31-03-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** अक्तूबर 2016 के संशोधनी संख्या 1 सहित एक ही प्रकार के स्पेसिफिकेशनः 61-बी-36 आरईवी 68-1 या फिर एसके-750 एवं मेसर्स एसकोर्टस डीआरजी संख्या. 40-586 ए (0) तक डेमू1400 एचपी (कमप्लिट यूनिट) हेतु स्कैकू सेमि पर्मनेंट कपलर एंड "ए"। (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) (निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0], [यूवीएएम लिंकिंग:]आइटमः 3100362, स्पेसिफिकेशन संख्या. 61-बी-36 आरईवीः 68-1 तक कोलकाता एवं मुम्बई सबअरबन सर्विस हेतु इलैक्ट्रिक मल्टिपल यूनिट रोलिंग स्टॉक के लिए स्कारफेनबर्ग कपलर एवं ड्रॉ गियर, (पुनःनिर्माण नवंबर 2004) सब आइटमः कोलकाता एवं मुंबई सब अरबन सर्विस ब्राडगेज 1676 एमएम हेतु इलैक्ट्रिक मल्टिपल यूनिट रोलिंग स्टॉक के लिए ड्रा गियर एवं स्कारफेनबर्ग कपलर्स। ब्राडगेज 1676 एमएम, आइटम टाइपः गुडस (आपूर्ति), (1) परिमाणः न्यू बंगाईगॉव/ वर्कशॉप/डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 46 संख्यक। पीएल. संख्या. -32230059।

**क्रमिक संख्या 8. निविदा संख्या. 50/25/5039/ओटी/321/2024-25**

**बंद/खुलने की तारीख: 31-03-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** स्पेसिफिकेशन संख्या. आईआरएसः एस-63/2004 एवं आरईवी. 4.0 या फिर अनंतिम अनुसार एल्यूमिलियम, पीवीसी इनसुलेटेड 2 कोर × 25 वर्गमिलीमीटर आकार के अंडरग्राउंड सिगनलिंग केबल। (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) (आईटम आईडीः 3100053-पीवीसी इनसुलेटेड अर्मर्ड, अनस्क्रीनड अंडरग्राउंड पॉवर केबल, सब आइटम आईडीः-3100053007-पीवीसी इनसुलेटेड अर्मर्ड, अनस्क्रीनड अंडरग्राउंड पॉवर केबल) निरीक्षण का विस्तृत तथ्य, स्टेज निरीक्षण आवश्यक नहीं) (1) परिमाणः एसएसई/एसआईजी/आईसी/गुवाहाटी, एनएफआर (असम) के लिए 90.00 किलोमीटर। पीएल. संख्या. -400580780586।

**नोट:** निविदा सूचना और निविदा प्र पत्रों कि विस्तृत जानकारी के लिए निविदाकर्तागण (www.ireps.gov.in) वेबसाइट पर लॉग ऑन कर सकते हैं। प्रत्याशित बोलीदाताओं ने, जो उपरोक्त निविदा में अंशग्रहण करना चाहते हैं, अगर वे इसी बीच आईआरईपीएस वेबसाइट पर पंजीयनकृत है, तो उन्हें उपरोक्त वेबसाइट पर खुद को लॉग ऑन करना होगा एवं इलैक्ट्रॉनिकैली प्रस्ताव को दाखिल करना होगा। अगर वे आईआरईपीएस में पंजीयनकृत नहीं है तो भारत सरकार के एक्ट 2000 के अधीन अनुमोदित एजेंसी से क्लास -III डिजिटल सिगनेचर प्राप्त करने के लिए और उपरोक्त निविदा में अंशग्रहण करने के लिए उन्हे सलाह दी गई हैं।

**पीसीएमएम, मालीगॉव**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

*मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में*


# माटुंगा में 54 लावारिस वाहन हटाए

▶▶ 154 वाहन मालिकों को नोटिस

▶▶ बीएमसी एफ (उत्तर) विभाग का अभियान जारी




**मुंबई।** माटुंगा परिसर की विभिन्न सड़कों के किनारे खड़े और यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले लावारिस एवं निष्क्रिय वाहनों के खिलाफ बृहन्मुंबई महानगरपालिका के एफ (उत्तर) विभाग द्वारा अभियान चलाया गया है। इसके तहत 11 मार्च को कुल 54 लावारिस वाहन हटाए गए हैं, जबकि 154 वाहन मालिकों को उनके निष्क्रिय वाहन हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया है। विभिन्न सड़कों पर खड़े निष्क्रिय और लावारिस वाहनों के कारण यातायात प्रभावित हो रहा था और पैदल चलने वाले नागरिकों को भी असुविधा हो रही थी। साथ ही, इन वाहनों का असामाजिक तत्वों द्वारा दुरुपयोग किए जाने की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। इस बीच, विभिन्न स्थानों पर खड़े लावारिस वाहनों को लेकर नागरिकों की ओर से शिकायतें भी प्राप्त हो रही थीं। इस पृष्ठभूमि में, उप आयुक्त (परिमंडल-2) प्रशांत सपकाले और एफ (उत्तर) विभाग के सहायक आयुक्त नितिन शुक्ला के नेतृत्व में माटुंगा परिसर की विभिन्न सड़कों पर पड़े निष्क्रिय और लावारिस वाहनों को हटाने के लिए अभियान चलाया गया। इसके तहत बालकृष्ण सुले मार्ग, रफी अहमद किदवई मार्ग, रावली गनतरा मार्ग, शेख मिस्त्री दरगाह मार्ग, कोरबा मिठागर मार्ग, वडाला अग्निशमन केंद्र मार्ग और अन्य मार्गों पर खड़े लावारिस वाहन हटाए गए।

## एच .आर . महाविद्यालय की अग्निशमन प्रणाली सुचारू

**मुंबई।** चर्चगेट स्थित एच.आर. महाविद्यालय की अग्निशमन प्रणाली सुचारू रूप से कार्यरत है, यह जानकारी नगर विकास राज्यमंत्री माधुरी मिसाळ ने विधान परिषद में दी। वह सदस्य सुनील शिंदे द्वारा उठाए गए प्रश्न का उत्तर दे रही थीं, जिसमें सदस्य भाई जगताप ने भी चर्चा में भाग लिया। राज्यमंत्री मिसाळ ने बताया कि महाविद्यालय ने एक नए आर्किटेक्ट की नियुक्ति की है और अब नया निर्माण प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, जिसे प्रक्रियाधीन रखा गया है। निरीक्षण के दौरान, परिसर में कुछ अनधिकृत निर्माण पाए गए हैं। इन अनधिकृत निर्माणों की जांच कर कठोर कार्रवाई की जाएगी, उन्होंने आश्वासन दिया।

## सुचारू यातायात को 'एआई' आधारित ट्रैफिक सिग्नल प्रणाली



**मुंबई।** पुणे शहर में बढ़ती ट्रैफिक जाम की समस्या का समाधान निकालने के लिए ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, शहर में यातायात को सुचारू बनाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) पर आधारित ट्रैफिक सिग्नल प्रणाली विकसित की जाएगी, यह जानकारी गृह राज्य मंत्री (शहरी) योगेश कदम ने दी। विधानसभा सदस्य चेतन तुपे ने इस विषय पर ध्यान आकर्षित करने की सूचना प्रस्तुत की थी, जिसमें विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने भी चर्चा में भाग लिया। गृह राज्य मंत्री कदम ने कहा कि "ड्रंक एंड ड्राइव" कानून को और अधिक सख्त किया जाएगा। ऐसे मामलों में अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई होगी, और उनकी जल्दी रिहाई रोकने के लिए कानूनी संशोधन किए जाएंगे। नशे में वाहन चलाने वालों पर नजर रखने के लिए ट्रैफिक विभाग और पुलिस तंत्र के बीच समन्वय को बढ़ाया जाएगा। शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर), दुर्घटना संभावित (ब्लैक स्पॉट) क्षेत्रों की पहचान, सिग्नल प्रणाली और अन्य सुरक्षा उपायों को लागू किया जाएगा।

# विकसित भारत युवा संसद का आयोजन

▶▶ एचएसएनसी विश्वविद्यालय को मिली मेजबानी

▶▶ रजिस्ट्रेशन शुरू, वीडियो बना अपलोड करें युवा

**मुंबई।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से तीन चरणों में युवा प्रतिभागियों को राज्य विधानसभा एवं देश की संसद में विकसित भारत विजन पर बोलने का एक सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। मुंबई-पालघर जिले की मेजबानी कर रहे एचएसएनसी विश्वविद्यालय की कुलपति डा. हेमलता बागला ने बताया कि, विकसित भारत विजन में युवाओं के योगदान की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थी पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कर प्रतियोगिता में सहभागिता कर संसद में अपने विचार रख सकते हैं। मुंबई एवं पालघर जिले के 18 वर्ष से 25 वर्ष के सभी युवा (कॉलेज में नामांकित नहीं है, तो भी) इस कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। इस आयोजन में भाग लेने के लिए युवाओं को विकसित भारत से आप क्या समझते हैं विषय पर एक मिनट का वीडियो बनाकर मेरा युवा भारत पोर्टल परअपलोड करना होगा। प्रत्येक जिले से 10 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा, जो राज्य स्तरीय युवा संसद में भाग लेंगे। माई भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि अब बढ़कर 16 मार्च निर्धारित है। वहीं 25 मार्च तक वीडियो अपलोड किया जा सकता है।

HSNC UNIVERSITY MUMBAI

### प्रतिभा प्रदर्शन का बेहतरीन मंच : प्रो. बागला

इस संबंध में कुलपति प्रो. (डा.) हेमलता बागला ने कहा कि 'विकसित भारत युवा संसद' कार्यक्रम युवाओं के लिए एक बेहतरीन मंच साबित होगा। युवाओं को इस के जरिये अपनी वक्तृत्व कला कौशल व प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। यही युवा भविष्य में नेता, पार्षद, विधायक, सांसद एवं मंत्री बनेंगे। इसलिए अपनी तार्किक क्षमता के बूते युवाओं को इस कार्यक्रम में अवश्य सहभागी बनना चाहिए।

### चयन प्रक्रिया के तीन चरण

पहले चरण में नौ मार्च तक ऑनलाइन आवेदन 'माई भारत पोर्टल' पर एक मिनट का वीडियो अपलोड करना अनिवार्य है। दूसरे चरण में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग की जाएगी। इसमें प्राप्त वीडियो क्लिपिंग में से 150 प्रतिभागियों का चयन कर उन्हें तीन मिनट का भाषण देने का अवसर विश्वविद्यालय कैंपस में दिया जाएगा। इसके बाद तीसरे चरण में जिला स्तर के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी राज्य विधानसभा में अपनी प्रस्तुति देंगे और यहां से चयनित प्रतिभागियों को दिल्ली संसद में बोलने का अवसर मिलेगा।

# 'होली' पर न करें वृक्षों की कटाई, होगी दंडात्मक कार्रवाई



**मुंबई।** होली त्यौहार के मद्देनजर नागरिकों को किसी भी प्रकार से अनधिकृत वृक्ष कटाई होती पाई गई, तो इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जाएगी। मुंबई मनपा की ओर कहा गया है कि 13 मार्च को होली त्यौहार के दौरान यदि वृक्षों की कटाई होती पाई जाती है, तो सतर्क नागरिकों को मुंबई मनपा के अधिकारियों एवं स्थानीय पुलिस थाने को सूचित करना चाहिए या मनपा के '1916' टोल-फ्री नंबर पर संपर्क करना चाहिए। यह अपील मुंबई मनपा के उद्यान अधीक्षक तथा वृक्ष प्राधिकरण के सदस्य सचिव जितेंद्र परदेशी ने प्रशासन की ओर से की है। 'महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण एवं संवर्धन अधिनियम, 1975' के तहत धारा 21 के अनुसार, वृक्ष प्राधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी वृक्ष को काटना या कटवाना अपराध है। अनधिकृत वृक्ष कटाई के प्रत्येक अपराध के लिए संबंधित व्यक्ति पर न्यूनतम रुपए 1,000 से रुपए 5,000 तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान है। साथ ही, एक सप्ताह से एक वर्ष तक की कैद की सजा भी हो सकती है। मुंबई को हरियाली से परिपूर्ण बनाए रखने के लिए प्रत्येक मुंबईकर को प्रयास करना चाहिए। अपने आसपास की प्राकृतिक संपदा को संरक्षित और विकसित करना सभी नागरिकों का कर्तव्य है। हमें प्राणवायु देने वाले वृक्षों एवं पेड़ों की रक्षा करना आवश्यक है। इसलिए सभी नागरिकों से सहयोग करने की अपील उद्यान अधीक्षक परदेशी ने की है।

## माइंस के 10 किलोमीटर दायरे में भूजल स्तर पर अलग से सर्वेक्षण : शंभूराज देसाई

**मुंबई।** नियंत्रित विस्फोट (कंट्रोल ब्लास्टिंग) और इसका जलस्रोतों पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करने के लिए खानों के 10 किलोमीटर के दायरे में भूजल स्तर पर एक अलग सर्वेक्षण किया जाएगा। यह जानकारी खनन मंत्री शंभूराज देसाई ने विधानसभा में प्रश्नोत्तर काल के दौरान दी। खनन मंत्री देसाई ने बताया कि वर्तमान में चंद्रपुर जिले में 27 खानों को अनुमति दी गई है, जिनमें से 17 खदानें संचालित हो रही हैं। पिछले पांच वर्षों में 12 कुओं के अवलोकन के आधार पर यह पाया गया है कि भद्रावती और बल्लारशाह क्षेत्रों में जल स्तर बढ़ा है, जबकि कुछ स्थानों पर आंशिक रूप से गिरावट आई है। खनन क्षेत्र में ब्लास्टिंग के कारण आसपास के घरों में दरारें पड़ने की शिकायतें मिली हैं।


## मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल

**(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण) की क्षेत्रिय इकाई**

**फोन नं. 022-66405432, ई-मेल: eewest.msib@mhada.gov.in**

म्हाडा MHADA

संदर्भ क्र. ईई/पश्चिम/एमएसआईबी/ई-निविदा/197/2024-25

**ई-निविदा सूचना क्र. 197**

कार्यकारी अभियंता, (पश्चिम) डिविजन, मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल (म्हाडा की इकाई), कमरा नं. 537, 4 था तल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व) मुंबई 400051 फोन नं. (022) 66405432 द्वारा ई-निविदा प्रक्रिया माध्यम से किसी शासकीय या अर्ध शासकीय संस्था या पीडब्ल्यूडी/म्हाडा/सीपीडब्ल्यूडी/सिडको/एमईएस/एमजेपी/एमआईडीसी/भारतीय रेलवे/बीपीटी/एमसीजीएम उपयुक्त वर्ग में पंजीकृत ठेकेदारों से 3 नग कार्यों हेतु बी-1 (प्रतिशत दर) प्रपत्र में खुली निविदा/नियमित ई-निविदा आमंत्रित है। विस्तृत निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र शासन के पोर्टल https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसे डाउनलोड कर सकते है। बोली दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड कर सकते है। निविदा अनुसूची इस प्रकार हैः

| क्र. सं | चरण | समय अवधि की दिनांक | क्र. सं. | चरण | समय अवधि की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दस्तावेज विक्रय प्रारंभ | 13.03.2025 को प्रातः 10.30 बजे | 2 | प्री-बिड मीटींग | 18.03.2025 को दोपहर 3.30 बजे |
| 3 | दस्तावेज विक्रय बंद होना | 20.03.2025 को दोपहर 03.00 बजे | 4 | तकनीकी बोली खुलना | 24.03.2025 को दोपहर 3.05 बजे से |
| 5 | मूल्य बोली खुलना | 25.03.2025 को प्रातः 10.30 बजे से | | | |

सक्षम अधिकारी के पास किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है, सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं होंगे।

**नोट:** 1. विस्तृत निविदा सूचना हेतु कृपया वेबसाइट को संदर्भित करें।

**नोट:** 2. कोई भी शुद्धि पत्र/संशोधन केवल वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

**म्हाडा- राष्ट्र का एक अग्रणी गृह निर्माण प्राधिकरण**
**सीपीआरओ/ए/165** Follow us: @mhadaofficial

**कार्यकारी अभियंता(प)**
**मुं. झो. सु. मंडल, मुंबई**


# नेरुल-बेलापुर में अतिक्रमण विभाग की तोड़क कार्रवाई

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई मनपा के अतिक्रमण विभाग द्वारा नोटिस दिए जाने के बावजूद संबंधित व्यक्तियों द्वारा कोई कार्रवाई न करने के कारण, अनधिकृत निर्माण के खिलाफ नवी मुंबई मनपा द्वारा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त आयुक्त (2) डा. राहुल गेठे और उप आयुक्त (अतिक्रमण) भागवत डोईफोडे के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग ने नेरुल और बेलापुर क्षेत्र में निष्कासन की कार्रवाई की। नवी मुंबई मनपा के कार्यक्षेत्र में स्थित नेरुल क्षेत्र के अंतर्गत 1) रविंद्र आर. ठाकुर, एनएल-1/बी-91/3, सेक्टर 10, नेरुल, नवी मुंबई, तथा 2) सूरज कोट, एनएल-1/बी-6/2, सेक्टर 10, नेरुल, नवी मुंबई के स्थलों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लगभग 3.70 मीटर × 8.00 मीटर आकार के जी+3 आरसीसी अनधिकृत निर्माण कार्य प्रगति पर होने की पुष्टि हुई। नवी मुंबई मनपा के कार्यक्षेत्र में स्थित बेलापुर क्षेत्र के अंतर्गत 1) अमोल तांडेल व अन्य, घर क्र. 284/001, करावे गांव, सेक्टर 36, नवी मुंबई, 2) गणेश आर. तांडेल व अन्य, घर क्र. 279/005, पोतदार स्कूल के पास, करावे गांव, सेक्टर 36, नवी मुंबई तथा 3) रोहिणी पाटील, घर क्र. 284/2, करावे गांव, सेक्टर 36, नेरुल के अनधिकृत निर्माणों को लेकर बेलापुर कार्यालय द्वारा एमआरटीपी अधिनियम की धारा 54 के तहत नोटिस जारी की गई थी। संबंधित व्यक्तियों को निर्देश दिया गया था कि वे अपने अनधिकृत निर्माण को स्वयं हटा लें, लेकिन उन्होंने निर्माण कार्य जारी रखा। इसके चलते बेलापुर कार्यालय द्वारा तोड़क अभियान आयोजित कर अनधिकृत निर्माणों पर निष्कासन की कार्रवाई की गई।


## PANVEL MUNICIPAL CORPORATION PANVEL

### NOTICE INVITING TENDER

Online bids are invited from bidders to perform of the following work on behalf of the the Commissioner, Panvel Municipal Corporation, Panvel (here-in-after called CORPORATION) and will be received online on the website www.mahatenders.gov.in as per time schedule (key dates) in the notice published on the above website.

| Sr. No. | Name of Work | Earnest Money Deposit (Rs.) | Cost of tender form (Rs.) | Period of work |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Deploying Mechanical Road Sweeper for mechanized sweeping of designated areas of Panvel city | 1.04 lakh | 3000 + 5% GST | 5 month (3+1+1) |

**Key Dates -**

| Sr. No. | Description | Date & Time |
|---|---|---|
| 1 | Publish Date | 12/03/2025 at 15.00 |
| 2 | Document Download Start Date | 12/03/2025 at 15.00 |
| 3 | Document Download End Date | 21/03/2025 at 15.00 |
| 4 | Pre Bid Meeting | 17/03/2025 at 12.00 |
| 5 | Bid Submission Start Date | 12/03/2025 at 15.00 |
| 6 | Bid Submission End Date | 21/03/2025 at 15.00 |
| 7 | Bid Opening Date | 24/03/2025 at 15.00 |

Tender Notice NO.: PMC/SWM/2524/Sr.No.287/157/2025
Dated: 07/01/2025

Sd/-
Additional Commissioner
Panvel Municipal corporation


# महिला टीचर ही चला रही थी सेक्स रैकेट

**ठाणे।** सेक्स रैकट चलाने वाली महिला टीचर को ठाणे क्राइम ब्रांच की टीम ने बुधवार को गिरफ्तार करके दो पीड़ित लड़कियों को रेस्क्यू किया। ठाणे शहर एएचटीसी की सीनियर पी आई चेतना चौधरी को गुप्त सूचना मिली थी कि ठाणे शहर के चितलसर पुलिस स्टेशन की हद में घोड़बंदर सर्विस रोड, ओपीपी आर मॉल , मानपाड़ा, सिल्वर डोर होटल, रेस्टोरेंट के पास एक महिला टीचर ग्राहकों कोपीड़ित लड़कियों के फोटो भेजकर देहव्यापार के लिए लड़कियों सप्लाई करने आने वाली हैं। पुलिस टीम ने आर मॉल के सामने सिल्वर डोर होटल, रेस्टोरेंट के पास बोगस ग्राहक और पंच को भेजकर ट्रैप लगाकर छापा मारा। छापे में एक महिला टीचर को हिरासत में लेकर दो पीड़ित लड़कियों को देहव्यापार के दलदल से रेस्क्यू किया। पूछताछ में महिला टीचर ने बताया कि वह 15 साल से स्कूल में टीचर है। तीन साल से देहव्यापार का काम कर रही हूं। क्राइम ब्रांच की टीम अब ये जांच पड़ताल कर रही है। गिरफ्तार महिला टीचर पर पीटा एक्ट के तहत कानूनी कारवाई और दो पीड़ित लड़कियों को महिला सुधारगृह में भेजने की कानूनी प्रक्रिया कर रही है। कानूनी कारवाई ठाणे शहर पुलिस आयुक्तालय के वरिष्ठ अधिकारियो के मार्गदर्शन में ठाणे शहर ए एच टी सी की सीनियर पी आई चेतना चौधरी मैडम, पी एस आई स्नेहल शिंदे मैडम, ए एस आई दीपक वालघुडे सर, एच सी राजेश सुवारे, विजय पाटील, किशोर पाटील, पी सी विजय यादव, उदय घाडगे, महिला पुलिस हर्षिता थोरात, पुनम खरात, चांदेकर मेडम और ए एच टी सी ठाणे शहर की टीम ने संयुक्त रूप से की।


## लामडिंग मंडल में विद्युतीय कार्य

**निविदा सूचना संख्या: Sr. DEE/LMG/39 of 2024-25, दिनांक: 05-03-2025.** निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। **क्र.सं.-1; निविदा संख्या: EL/LM/24-25/47; कार्य का नाम:** गुवाहाटी में: गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर ईवी चार्जिंग स्टेशन और प्रवेश मार्ग एवं परिचालन क्षेत्र की सौंदर्य प्रकाश व्यवस्था के लिए विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹.1,24,37,871/-; **अग्रिम राशि:** ₹.2,12,200/-; उपरोक्त निविदा के **बंद** करने की **तिथि** और **समय 27-03-2025** को **11:00** बजे और खोलने की **11:30** बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर दिनांक **27-03-2025** को **11:00** बजे तक उपलब्ध होगी।

**सीनियर डीईई, लामडिंग**

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 'सीएम डैशबोर्ड' पर सरकारी विभागों की पूरी जानकारी : देवेंद्र फडणवीस

- सीएम ने किया वेबसाइट और 'एसथ्री डब्लयूएएस' सूचना प्रणाली का शुभारंभ
- 34 विभागीय वेबसाइटों के साथ-साथ सभी सरकारी विभागों की जानकारी को भी इस प्लेटफॉर्म में जोड़ा जाए



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** राज्य सरकार के सभी विभागों की जानकारी जल्द ही आम जनता के लिए 'सीएम डैशबोर्ड' पर उपलब्ध होगी। इसमें न्यायालय, रेरा और कानून-व्यवस्था से जुड़ी सेवाओं की भी जानकारी शामिल की जाएगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने निर्देश दिए कि 'एसथ्री डब्लयुएएस' (सैक्योर, ऐस्केलेबल एंड सुगम्य वेबसाइट एज ए सर्विस) प्रणाली के तहत पहले से उपलब्ध 34 विभागीय वेबसाइटों के साथ-साथ सभी सरकारी विभागों की जानकारियों को भी इस आधिकारिक आईटी प्लेटफॉर्म में जोड़ा जाए।

विधान भवन में 'सीएम डैशबोर्ड' के प्रस्तुतीकरण को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आईटी मंत्री एडवोकेट आशीष शेलार, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव विकास खड़गे, आईटी विभाग के प्रधान सचिव पराग जैन-नैनुटिया, सचिव डॉ. श्रीकर परदेशी, निदेशक अनिल भंडारी और अन्य आईटी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 'सीएम डैशबोर्ड' वेबसाइट और 'एसथ्री डब्लयुएएस' सूचना प्रणाली का शुभारंभ किया।

### एक प्लेटफार्म पर सभी सरकारी जानकारी

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि जनता को किसी भी सरकारी योजना की जानकारी तुरंत एक ही प्लेटफॉर्म पर मिले, इसके लिए 'सीएम डैशबोर्ड' उपयोगी साबित होना चाहिए। इस पोर्टल पर सरकारी नीतियों, उनकी प्रगति, अद्यतन जानकारी, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं, प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ देने वाली योजनाओं और विभागवार जानकारी को शामिल किया जाना चाहिए, ताकि नागरिकों को अन्य वेबसाइटों पर जाने की जरूरत न पड़े। इसमें न्यायालय, कानून व्यवस्था और रेरा से जुड़ी जानकारी भी होनी चाहिए। https://cmdashboard.maharashtra.gov.in वेबसाइट पर जल्द ही सभी सरकारी विभागों की जानकारी उपलब्ध होगी। यह वेबसाइट दिव्यांग व्यक्तियों के लिए भी सुगम होगी और इसमें सूचना का अधिकार (आरटीआई) से संबंधित जानकारी भी शामिल की जाएगी।

### 34 विभागीय वेबसाइटों को भी जोड़ा जाएगा

मुख्यमंत्री फडणवीस ने बताया कि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) द्वारा विकसित 'S3WaaS' प्रणाली वर्तमान में 34 सरकारी वेबसाइटों को जोड़ चुकी है। इसे और अधिक सरकारी विभागों तक विस्तारित किया जाएगा। यह प्रणाली सुरक्षित है और एक ही स्थान पर सभी आवश्यक जानकारी आसानी से उपलब्ध कराएगी। नागरिक इसे स्मार्टफोन और कंप्यूटर पर सुगमता से उपयोग कर सकेंगे। आईटी विभाग के प्रधान सचिव पराग जैन-नैनुटिया ने बताया कि 'सीएम डैशबोर्ड' और 'S3WaaS' प्रणाली को लगातार अपडेट और उन्नत बनाने का कार्य किया जा रहा है।

# उड़ान का हास्य कवि सम्मेलन कल







■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** होली के उपलक्ष्य में कई वर्षों से निरंतर आयोजित होने वाला उड़ान कवि सम्मेलन 14 मार्च (शुक्रवार) को शाम पांच बजे आजाद मैदान में आयोजित किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष कवि युगराज जैन एवं संयोजक लायन सुरेश जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे होंगे। विशेष अतिथि महाराष्ट्र विधान सभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, मिलिंद देवड़ा के अलावा सांसद अरविंद सावंत खास तौर पर मौजूद रहेंगे। आमंत्रित कवियों में हरिओम पवार, आफत इंदौरी, घोंचू जयपुरी, अक्खड़ अलवरी, ढेंचू मंदसौरी एवं चटपटी भोपाली होंगे जबकि मंच सारथी संस्था के अध्यक्ष कवि युगराज जैन होंगे। कार्यक्रम के प्रायोजक मातुश्री शांतादेवी पुखराजजी रतनपरिया चौहान परिवार, सादड़/मुंबई सुपुत्र केवलचंद हेमंत, दिनेश, विकास एवं किरण हैं।

▶▶ विस अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, कैबिनेट मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा, मिलिंद देवड़ा एवं सांसद अरविंद सावंत रहेंगे मौजूद

### पंच कल्याणक महापूजा संपन्न

■ प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्था उड़ान द्वारा 12 मार्च को मानव कल्याणार्थ हेतु महायज्ञ के साथ पंच कल्याणक महापूजा का आयोजन आजाद मैदान में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महापूजा में देश की विभिन्न महिला मंडलों की सैकड़ों बहनों की सहभागिता से धार्मिक संगीत की धुन पर जमकर नृत्य एवं पूजा-अर्चना की गई। समस्त महिला मंडलों की बहनों को संस्थान के तत्वावधान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महापूजा के लाभार्थी स्व शांतिबाई जुहारमल कोठारी परिवार बिठुडा पिरान बेंगलूर वालों ने धर्म लाभ लिया। संस्था अध्यक्ष कवि युगराज जैन एवं मुख्य संयोजक सुरेश जैन ने बताया कि 14 मार्च शाम को होली महोत्सव पर अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन आजाद मैदान में विशाल पैमाने पर होगा जिसमें देश के सुप्रसिद्ध एवं जाने-माने कवीगणों द्वारा हास्य व्यंग की कविताओं का पाठ किया जाएगा। कार्यक्रम के विशेष सहयोगी शांतादेवी पुखराज सुपुत्र केवलचंद हेमंत दिनेश विकास किरण रतनपरिया चौहान परिवार मुंबई का रहेगा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, पूर्व केबिनेट मंत्री राज के. पुरोहित होंगे। आयोजन में वीररस कवि हरिओम पवार की विशेष उपस्थिति रहेगी। सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने संस्था अध्यक्ष युगराज जैन, संयोजक सुरेश हिंसावत, सहसंयोजक सोहन परमार, उपाध्यक्ष गणपत कोठारी, नरेश जे लोढ़ा, भरत एन कोठारी, दिनेश फोलामुथा, रणजीत लोढ़ा, सुरेश मेहता, निर्मल टिकमगढ़, संजय राजा जैन, ताराचंद बोराणा, संजय कांकरिया, सुरेश बी लोढ़ा, मुकेश हिसावत किरण एन. दोषी के साथ सभी सदस्यगण सहयोग दे रहे हैं।

# राजस्थान महोत्सव 30 को



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** लोढ़ा अमारा स्थित राकेश जैन के जनसंपर्क कार्यालय में बुधवार को राजस्थानी समाज के प्रतिनिधियों एवं राजस्थान विकास मंच के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई, जिसमें 30 मार्च को ठाणे के रेमंड स्थित वातानुकूलित सभागृह में राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान महोत्सव धूमधाम से मनाने पर विचार विमर्श किया गया। कपूर रामावत ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। सभी समाज बंधुओं ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए ठाणे शहर के राजस्थानी भाइयों को एकजुट होकर तन मन धन से सहयोग करने एवं कंधे से कंधा मिलाकर आयोजन को राजस्थान की गरिमा के अनुसार सफल बनाने करने के लिए अपने अपने विचार वयक्त किए।

संस्था के प्रमुख मार्गदर्शक बाबूसिंह राजगुरू ने वीडियो कॉल द्वारा कार्यक्रम को भव्य बनाने के अपना समर्थन एवं पूरा सहयोग करने के अलावा राजस्थानी समाज भाइयों को तन मन धन से सहयोग एवं भारी संख्या में उपस्थित रहकर आयोजन को सफ़ल करने की अपील की। 16 मार्च को मीटिंग रखकर आयोजन को मूर्तरूप देने का निर्णय लिया गया। मीटिंग में विजयकुमार बासवतीया, ओमप्रकाश जाझुका, राकेश जैन, जितेंद्र खेतान,देवीलाल जैन, मनीष मित्तल,राजेश रावल,भरत बाफना, राकेश नाहर, पंकज जैन, मनोहर वैष्णव, रामानुज भट्टर, कमलेशजी रावल, हरीश चौधरी, अरविंद शर्मा (ब्राह्मण), देवराज रावल, अशोक बंबोली एवं कपूर रामावत साहित अनेक समाज बंधुओं ने वीडियो कॉल एवं संदेश के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाने का उत्साह दिखाते हुए उपस्थिति दर्ज करवाई।

# इचलकरंजी जलापूर्ति परियोजना को तेजी से करें पूरा : उद्योग मंत्री उदय सामंत

**मुंबई।** इचलकरंजी शहर के लिए पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए वर्तमान में पंचगंगा और कृष्णा नदियों से प्रतिदिन 45 मिलियन लीटर (MLD) पानी निकाला जा रहा है। साथ ही, पुरानी और जर्जर पाइपलाइन को बदलने का कार्य अंतिम चरण में है। इस परियोजना को तेजी से पूरा करने के लिए जल्द ही मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ बैठक की जाएगी, यह जानकारी उद्योग मंत्री उदय सामंत ने विधानसभा में दी। यह मुद्दा विधायक राहुल आवडे द्वारा ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से उठाया गया था। उद्योग मंत्री उदय सामंत ने बताया कि कृष्णा नदी मजरवाड़ी जलापूर्ति योजना 2001 से शहर से 18.33 किलोमीटर दूर संचालित हो रही है। पुरानी पाइपलाइन के कारण बार-बार रिसाव की समस्या उत्पन्न हो रही थी। इसे तीन चरणों में बदला जा रहा है, जिसके लिए 54.56 करोड़ की मंजूरी दी गई है। इस परियोजना के तहत 18.335 किलोमीटर पाइपलाइन में से 16.40 किलोमीटर को पहले ही बदल दिया गया है, जबकि शेष 1.935 किलोमीटर कार्य अंतिम चरण में है। इस कार्य के पूर्ण होने के बाद नगर निगम द्वारा 45 MLD पानी निकाला जाएगा, जिससे शहर के नागरिकों को नियमित जल आपूर्ति मिल सकेगी। इचलकरंजी शहर की भविष्य की जल आपूर्ति आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित अमृत 2.0 योजना के तहत दूधगंगा नदी (सुळकुड जल स्रोत) से एक नई जल आपूर्ति परियोजना शुरू की गई है। इस परियोजना को 160.84 करोड़ की प्रशासनिक मंजूरी दी गई है। शुरुआत में स्थानीय नागरिकों द्वारा इस परियोजना का विरोध किया गया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई, जिसके बाद जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई। इस समिति की रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत कर दी गई है। आगे की कार्यवाही जारी है और शहर की जल आपूर्ति को सुचारू बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। लंबित मुद्दों को हल करने के लिए जल्द ही मुख्यमंत्री के साथ बैठक की जाएगी, उद्योग मंत्री उदय सामंत ने कहा।

# होली पाहल एवं स्नेह मिलन समारोह कल

**मुंबई।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्नोई समाज नायगांव मुंबई द्वारा होली पाहल एवं स्नेह मिलन समारोह 14 मार्च को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम जम्भेश्वर मंदिर तपो भूमि नायगांव मुंबई, जूचंद्र कॉलेज के पास नायगांव (ईस्ट) मुंबई में किया जाएगा। कार्यक्रम का आरंभ हवन यज्ञ से होग। पाहल कार्यक्रम और महाप्रसादी के साथ ही धर्मसभा एवं सामाजिक चर्चा भी होगी। इस कार्यक्रम में सभी धर्मप्रेमी बंधुओं को आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी पप्पू ढाका ने दी।

# भव्य वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न



सुरेश भंसाली/जागरूक टाइम्स

**मुंबई।** श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर भूलेश्वर मुंबई के 109 साल पुराने मंदिर में मुनिश्री आमोदकीर्तिजी एवं मुनिश्री अमर कीर्तिजी महाराज के सानिध्य एवं सुनील भैया के निर्देशन में विशाल महोत्सव का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। विधि और विधान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा 3पी इन्वेस्टमेंट के प्रशांत जैन, श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर के मैनेजिंग ट्रस्टी एस पी जैन, लाइन सुरेश जैन, दिनेश पांडे, मनोज राम मोहन जैन, डीसी जैन, सुरेश पहाड़िया, डाक्टर रमणीक बक्शी एवं संजय राजा ने भाग लेकर के अपना सहयोग व समर्पण व्यक्त किया। मुंबई के ऐतिहासिक मंदिर में सामान्य जन के लिए मेडिकल सेंटर की निःशुल्क व्यवस्था बहुत ही शानदार तरीके से चलती है। मंदिर में जैन लाइब्रेरी जैन इतिहास बड़ी संख्या में उपलब्ध है। चंद्रप्रभु भगवान के आशीर्वाद के साथ कार्यक्रम संपन्न किया गया।

## राजस्थान राजपूत परिषद

# क्षत्राणियों ने मनाया रंगारंग फाग महोत्सव

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** राजस्थान राजपूत परिषद मुंबई के तत्वावधान में क्षत्राणियों के ग्रुप द्वारा आयोजित होली रंगारंग फाग महोत्सव रविवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महानगर में विराजमान विभिन्न क्षेत्रों से क्षत्राणियों ने शिरकत की और पारंपरिक राजस्थानी राजपूती वेशभूषा में एकल और सामूहिक नृत्य करके कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। इस अवसर पर रंग-बिरंगे गुलाल से होली खेली गई।



### कार्यक्रम की सफलता में इनका रहा विशेष योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में दिनेश कुंवर विजय सिंह चंपावत मोधरा, भरत कुंवर मनोहर सिंह देवड़ा खिवांदी, सीमा कुंवर राजेंद्र सिंह राणावत गुडालास, मिट्ठू कुंवर नरेंद्र सिंह चंपावत भीमालीयां, दिया कुंवर खीमसिंह जोधा वायद एवं प्राची कुंवर पुत्री प्रताप सिंह सिंधल राजपुरा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम की जानकारी विजय सिंह चंपावत मोधरा ने दी।

# सड़क दुर्घटनाएं रोकने 'अल्कोहल' के साथ 'ड्रग्स' जांच भी अनिवार्य : सरनाईक

**मुंबई।** राज्य सरकार सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने और सड़क हादसों में होने वाली मौतों को कम करने के लिए विभिन्न उपाय कर रही है। पुलिस वाहन चालकों का नियमित रूप से अल्कोहल सेवन परीक्षण करती है। लेकिन अब से, अल्कोहल के साथ-साथ ड्रग्स सेवन की भी जांच की जाएगी। जल्द ही ड्रग्स परीक्षण मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी यह जानकारी परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने विधानसभा में प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान दी। विधानसभा सदस्य काशीनाथ दाते ने राज्य में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं के संबंध में सवाल उठाया था।

# मुंबई एयरपोर्ट पर सात छात्र गिरफ्तार

- जाली दस्तावेज से जा रहे थे लंदन
- 20 लाख लेने वाला एजेंट भी गिरफ्त में

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर इमीग्रेशन में 7 विद्यार्थियों को पकड़ा गया है। ये सभी गलत कारण देकर लंदन की यात्रा करने जा रहे थे। इनके साथ ही एक एजेंट को भी गिरफ्तार किया गया है। यानी कुल मिलाकर 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक, छात्रों ने 20 लाख रुपए देकर जाली दस्तावेज बनवाए थे और जेद्दाह होते हुए लंदन जाने की तैयारी में थे। प्राथमिक रूप से मिली जानकारी के मुताबिक दिल्ली में एक एजेंट ने सभी छात्रों को ब्रिटेन भेजने का आश्वासन दिया और वीजा के लिए हर एक से 20 लाख रुपए लिए। एजेंट बिट्टा ने सभी को ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी के छात्र होने के बोगस डाक्युमेंट्स भी बनाकर मुहैया कराए। लेकिन इमीग्रेशन के दौरान अधिकारियों को इनकी बातों पर शक हो गया और पूछताछ में पूरी बात का पता चल गया। पूछताछ में पता चला कि इन विद्यार्थियों ने फर्जी इन्फॉर्मेशन और डाक्युमेंट्स के आधार पर वीजा बनवाया और ऐसा करने के लिए उन छात्रों से एजेंट ने 20 लाख रुपए लिए। मुंबई पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि 7 छात्र जेद्दाह होते हुए लंदन जा रहे थे। पुलिस ने 8 लोगों को गिरफ्तार किया है।






# बिश्नोई को काका कालेकर पुरस्कार



**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी ने 12 मार्च 2025 को एक परिपत्र जारी करते हुए वर्ष 2024-25 के पुरस्कारों की घोषणा की। मांगीलाल बिश्नोई की कृति 'गुरु जाम्भोजी' को काका कालेकर जीवनी परक साहित्य रजत पुरुस्कार प्रदान किया जाएगा। आगामी 18 मार्च 2025 को शाम 6.30बजे से रंगशारदा ऑडिटोरियम, लीलावती हॉस्पिटल के पास, बांद्रा (पश्चिम) में आयोजित होने वाले 'हिंदी साहित्य पुरुस्कार प्रदान समारोह' में अन्य साहित्यकारों के साथ उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।









# जोधपुर : रिटायर्ड फौजी की हत्या करने पर पिता-पुत्र गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

जोधपुर। कार-पिकअप से टक्कर से रिटायर्ड फौजी की हत्या के मामले में आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया गया है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पिता-पुत्र ने रास्ते के विवाद को लेकर वारदात को अंजाम दिया था। घटना जोधपुर शहर के निकटवर्ती बालरवा गांव में रविवार सुबह की है।





कार से टक्कर मारकर पिकअप से कुचला

### वारदात के 48 घंटे बाद गिरफ्तार

आरोपियों को पकड़ने के लिए एसीपी (मंडोर) नगेंद्र कुमार के निर्देशन में मथानिया थानाधिकारी जयकिशन सोनी सहित अन्य की टीम गठित की गई। टीम ने लगातार बदमाशों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी करते हुए वारदात के 48 घंटे में आरोपी भोमसिंह (48) पुत्र गंगासिंह और उसके बेटे महिपाल सिंह (20) को गिरफ्तार कर लिया था।

### आरोपी और मृतक रिटायर्ड फौजी पड़ोसी थे

एडीसीपी (ईस्ट) वीरेंद्र सिंह ने बताया- वारदात के 48 घंटे बाद आरोपी भोमसिंह (48) पुत्र गंगा सिंह और उसके बेटे महिपाल सिंह (20) को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी और मृतक रिटायर्ड फौजी छत्तर सिंह पड़ोसी थे। दोनों पक्षों के बीच रास्ते को लेकर विवाद था। हादसे में मृतक का बेटा रवींद्र सिंह (19) भी घायल हुआ था। उसने एमडीएम हॉस्पिटल में पर्चा बयान दिया था। युवक ने बताया था- आठ मार्च की शाम को जमीनी विवाद के चलते राजू सिंह और भोम सिंह ने उसके पिता और उस पर लोहे के पाइप से हमला करने की कोशिश की थी। पड़ोस में ही रहने वाले ऋषिराज ने बीच-बचाव कर छुड़ाया था। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए वह अपने पिता छत्तर सिंह और पड़ोसी ऋषिराज संग रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे मथानिया थाने जाने के लिए घर से निकला था।

### रास्ते को लेकर दोनों परिवारों में विवाद

थानाधिकारी जयकिशन सोनी ने बताया- मृतक छत्तरसिंह और आरोपियों के घर आस-पास ही है। घर के सामने से गुजरने वाले रास्ते को लेकर दोनों परिवार के बीच विवाद चल रहा था। इस वजह से दोनों ही आपस में रंजिश पाले बैठे थे। आरोपी भोम सिंह और उसके बेटे महिपाल सिंह ने योजना बनाकर बाइक पर जा रहे छत्तर सिंह, उसके बेटे रवींद्र व ऋषिराज का पीछा करके पिकअप गाड़ी से टक्कर मारी और गाड़ी से कुचलकर छत्तरसिंह की हत्या कर दी।

# सूबेदार बिश्नोई की पार्थिव देह जोधपुर पहुंची

**जोधपुर।** सेना में असम के दार्जिला पोस्ट पर तैनात जोधपुर के सूबेदार सुखराम बिश्नोई ढाका (48) का हार्ट अटैक से निधन हो गया। उन्हें 18,500 फीट की ऊंचाई पर अचानक सीने से दर्द की शिकायत थी। जहां से नीचे लाने पर इलाज के दौरान उन्होंने रविवार (10 मार्च) को अंतिम सांस ली। उनकी पार्थिव देह बुधवार सुबह दिल्ली से जोधपुर पहुंची थी, इसके बाद सैन्य वाहन से उनके पैतृक गांव जाजीवाल विश्नोइयान (धोरा) ले जाया गया। इस दौरान जहां से भी सैन्य वाहन गुजरा लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बनाड़ सहित कई अन्य जगहों पर पुष्पवर्षा से क्षेत्रवासियों ने उन्हें नमन किया। एयरपोर्ट से बनाड़ होते हुए जाजीवाल धोरा पहुंचने तक के मार्ग पर जगह-जगह लोग शहीद के अंतिम दर्शन करने सड़क के दोनों ओर खड़े नजर आए। सुबह करीब 11:15 बजे उनकी देह जाजीवाल धोरा पहुंची।

### सैन्य सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार



### सेना की ओर से मिलेगी सहायता

प्रवक्ता भारतीय सेना जयपुर के कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया- सूबेदार सुखराम बिश्नोई के प्राण की आहुति देश सेवा में हुई है। सेना की ओर से उन्हें पूर्ण सैन्य सम्मान से अंतिम विदाई दी गई है। ड्यूटी पर सैन्य धर्म निभाते हुए उनके प्राण न्यौछावर हुए हैं। उन्हें पूर्ण सैन्य सम्मान और परिवार को सेना द्वारा तय तमाम सहायता दी जाएगी। जानकारी के अनुसार, सूबेदार बिश्नोई सेना की 150 फील्ड रेजिमेंट असम में 18,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित दार्जिला पोस्ट पर तैनात थे। वहां उन्हें अचानक सीने में दर्द महसूस होने पर तत्काल नीचे लाया गया। लेकिन, हार्ट अटैक से उनका निधन हो गया। इसके बाद उनका पार्थिव शरीर पहले 327 फील्ड हॉस्पिटल, छुआंगतांग में रखा गया था। वहां से देह मंगलवार को 158 बेस हॉस्पिटल बागडोगरा से दिल्ली पहुंची। बुधवार सुबह उनकी देह को जोधपुर लाया गया। यहां सेना के वाहन से शव बनाड़ होते हुए जाजीवाल ले जाया गया।

## बालोतरा में होलिका दहन का शुभ मुहूर्त

**बालोतरा।** बालोतरा में इस साल होलिका दहन 14 मार्च को होगा। शहर के विभिन्न स्थानों पर तैयारियां जोरों पर हैं। श्रद्धालु परंपरागत रूप से लकड़ियों, उपलों और गोबर के कंडों से होलिका तैयार कर रहे हैं। पंडित शिवप्रसाद द्विवेदी ने बताया कि होलिका दहन का शुभ मुहूर्त 13 मार्च की रात 12:30 बजे से 2:00 बजे तक रहेगा। भद्रा काल समाप्त होने के बाद लाभ चौघड़ियां में दहन करना शुभ रहेगा।

# अवैध बजरी से भरा डंपर जब्त, ड्राइवर गिरफ्तार

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की सदर पुलिस ने ऑपरेशन अखरोट के तहत अवैध बजरी खनन के खिलाफ कार्रवाई हुए एक डंपर जब्त किया है। वहीं एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिले में अवैध खनन को लेकर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। एसपी नरेंद्र कुमार मीना ने बताया- जोधपुर रेंज आईजी विकास कुमार की ओर से रेंज स्तर पर ऑपरेशन अखरोट अभियान चलाया जा रहा है। जिले में एएसपी जसाराम बोस, डीएसपी रमेश कुमार शर्मा के सुपरविजन में सदर थाना सीआई सत्यप्रकाश के नेतृत्व में एएसआई भंवरलाल मय टीम की ओर से गश्त की जा रही थी।



# होली-धुलंडी पर ट्रैफिक पुलिस की सख्ती, नियम तोड़ने पर चालान

### शराब पीकर गाड़ियों पर हुड़दंग करने पर कार्रवाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** पुलिस कमिश्नरेट की यातायात विंग ने होली और धुलंडी पर्व के दौरान नियम तोड़ने वालों पर अतिरिक्त सख्ती बरतने वाली है। इसके लिए 13 और 14 मार्च को विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। डीसीपी (यातायात-मुख्यालय) अमित जैन के अनुसार- शहर में होली के पर्व के दौरान यातायात व्यवस्था सुगम रहे और आमजन को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।



इसी क्रम में होली और धुलंडी के दिन शहर में दुपहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट, शराब पीकर गाड़ी चलाने, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने, मॉडिफाइड साइलेंसर या नंबर प्लेट लगाने, नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने और वाहन चलाते समय हुड़दंग करने वालों के खिलाफ विशेष नाकाबंदी कर कार्रवाई की जाएगी। एडीसीपी (ट्रैफिक) दुर्गाराम चौधरी ने बताया कि शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस मुख्यालय से होली के त्योहार के मद्देनजर चार नए इंटरसेप्टर व्हीकल मिले हैं, जिन्हें आयुक्तालय क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट (दुर्घटना संभावित क्षेत्र) पर तैनात कर नियम तोड़ने वालों के खिलाफ ऑनलाइन चालान की कार्रवाई की जा रही है।

### ये नियम तोड़े, तो लाइसेंस होंगे रद्द

एडीसीपी (ट्रैफिक) चौधरी ने बताया कि गलत दिशा में वाहन चलाना, खतरनाक तरीके से वाहन चलाना, ओवरलोड वाहन, माल वाहन में सवारी परिवहन करना, ओवर स्पीड, यातायात सिग्नल की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के चालान तो बनाए ही जाएंगे, साथ ही साथ इन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबित या रद्द करने के लिए परिवहन विभाग को भी भिजवाए जाएंगे।

### मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 918 | 852 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 271 | 269 |
| जिंक स्लैब | 280 | 276 |
| लीड इन्गॉट | 185 | 184 |
| टिन स्लैब | 2978 | 2955 |
| निकल | 1483 | 1463 |
| सभी दरें रूपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 848 | 838 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 838 | 828 |
| कॉपर आर्मेचर | 826 | 819 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 765 | 765 |
| कॉपर सीट | – | – |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 548 | 544 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 595 | 590 |
| एल्युमिनियम | 200 | 200 |

लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी– |
|---|---|---|
| कॉपर | 9751 | –3850 |
| टिन | 3325 | –170 |
| लीड | 2058 | –1450 |
| जिंक | 2901 | –450 |
| एल्युमिनियम | 2716 | –325 |
| निकल | 16455 | +378 |

## जैसलमेर में सैलानियों को परेशान करते लपका गिरफ्तार

**जैसलमेर।** जैसलमेर पुलिस ने ऑपरेशन वेलकम के तहत एक लपके को गिरफ्तार किया है। यह लपका सैलानियों का पीछा कर उनको अपनी होटलों में ले जाने के लिए परेशान कर रहा था। शहर कोतवाल प्रेमदान रतनू ने टीम के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपी लपके को पकड़ा। एसएचओ प्रेमदान रतनू ने बताया- पर्यटन सीजन में सैलानियों का जैसलमेर आना जारी है। ऐसे में कमीशन पर अपने होटलों में ले जाने के लिए लपके भी सक्रिय हैं। एसएचओ रतनू ने बताया कि सूचना पर हमारी टीम ने आरोपी मोयब खान पुत्र हुसैन खान, निवासी सड़िया, जैसलमेर को सैलानियों का पीछा कर उनको विजिटिंग कार्ड दिखाकर अपने होटलों में ले जाने के लिए परेशान करते देखा।

पुलिस टीम ने तुरंत ही युवक को पकड़ा। पकड़ने के दौरान जानकारी में आया कि मोयब खान लपका है और कमीशन के चक्कर में सैलानियों को होटलों में कमरे दिलाता है। ऐसे में कई बार सैलानियों के साथ ठगी भी होती है। शहर कोतवाल प्रेमदान ने बताया कि जिले में पर्यटन सीजन के चलते एसपी जैसलमेर के निर्देशन में जिले में ऑपरेशन वेलकम अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत एसपी सुधीर चौधरी द्वारा थानाधिकारी पुलिस थाना कोतवाली जैसलमेर, सम एवं प्रभारी डीएसटी भीमराव को विशेष दिशा निर्देश दिए जाकर लपकों के खिलाफ ज्यादा से ज्यादा कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

# चार जनों को जिंदगी दे गई बाड़मेर की शांति देवी

### ब्रेन डेड होने पर परिजनों ने हार्ट, आंख, किडनी किया दान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** जोधपुर एम्स में महिला के ब्रेन डेड के बाद चार ऑर्गन को अंगदान कर मिसाल कायम की। जो मरकर भी चार जनों की जिंदगियां रोशन कर गई। साथ ही जज्बातों से लबरेज दिवंगत शांति के परिजन हैं। जिन्होंने सोच रखी कि शांति अब इस दुनिया में नहीं है, लेकिन उसके अंग से कइयों को जीवनदान मिल सकेगा। इस जीवनदान को डाक्टरों ने भी बाकायदा जीवित रखा। जयपुर-जोधपुर में मरीजों को इसे प्रत्यारोपित किया। एम्बुलेंस से महिला के शव को बाड़मेर शहर में लाया गया।

वहां पर समाज की महिलाएं और लोगों ने फूल और पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। वहीं शांतिदेवी अमर रहे के नारे भी लगाए गए। मृतका के जवाई ने बताया- शांति देवी (58) पत्नी भैराराम सोनी निवासी चौहटन की करीब 30 दिन पहले घर पर ही ब्रेन हेमरेज (दिमाग की नस) फट जाने से तबीयत बिगड़ गई। बाड़मेर हॉस्पिटल लेकर आए। यहां से उन्हें जोधपुर रेफर कर दिया गया। वहां पर 15 दिन भर्ती रहे। इस दौरान हमने चार बार ऑपरेशन करवाया। लेकिन इसके बावजूद ब्रेन डेड होने के कारण इसमें हलचल नहीं थी। हमने 10 दिन तक इंतजार किया। एम्स डाक्टरों ने परिजनों को बताया। इसके परिजनों ने अपने परिवार के लोगों से चर्चा के बाद शांतिदेवी का ऑर्गन किडनी, लीवर, हार्ट, आंखें सहित चार अंगदान किया गया। हमें बहुत ही खुशी है इसका नतीजा है बाड़मेर शहर में फूल व पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई है।



### बाड़मेर पहुंचने पर की पुष्पांजलि अर्पित

■ शांतिदेवी की बॉडी बाड़मेर शहर पहुंचने पर जगदम्बा मंदिर के आगे एम्बलुेंस को रुकवाकर फूल बरसाए गए। वहीं फूल व पुष्प चक्र अर्पित कर महिलाओं और समाज के लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद इनकी बॉडी को चौहटन के लिए रवाना हुई।

# व्यापार जगत


# एलन मस्क बदलेंगे भारत की तस्वीर

**नई दिल्ली।** स्पेसएक्स की स्टारलिंक भारत में इंटरनेट की दुनिया बदलने आ रही है। रिलायंस जियो और भारती एयरटेल दोनों ने स्पेसएक्स के साथ समझौता किया है। इसके तहत स्टारलिंक की हाई-स्पीड सैटेलाइट इंटरनेट सेवा पूरे देश में मिलेगी। लेकिन, सेवा शुरू होने से पहले स्पेसएक्स को जरूरी मंजूरियां लेनी होंगी। यह खबर भारत के लिए खास है। कारण है कि यहां इंटरनेट कनेक्टिविटी की बड़ी समस्या है। शहरों में तो फाइबर ब्रॉडबैंड है। लेकिन, गांवों और दूर-दराज के इलाकों में इंटरनेट नहीं पहुंच पाता। स्टारलिंक का सैटेलाइट टेक्नोलॉजी इसी समस्या का हल है। यह सीधे अंतरिक्ष से इंटरनेट देगा, जमीनी इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे उम्मीद है कि करोड़ों लोग इंटरनेट से जुड़ सकेंगे। जियो और एयरटेल दोनों अपनी-अलग रणनीति से स्टारलिंक को आगे बढ़ाएंगे। एयरटेल इसे अपनी मौजूदा सेवाओं के साथ जोड़ेगी। जबकि जियो इसे अपने ब्रॉडबैंड सिस्टम में शामिल करेगी। हालांकि, स्टारलिंक को भारत के सख्त नियमों का सामना करना पड़ेगा। साथ ही, इसकी कीमत भी आम आदमी के बजट से ज़्यादा है। इसलिए, स्पेसएक्स को भारत के लिए अलग कीमतें तय करनी पड़ सकती हैं। देखना होगा कि स्टारलिंक भारत के टेलीकॉम सेक्टर में क्या बदलाव लाती है। स्टारलिंक के भारत आने का इंतजार लंबे समय से था। भारत में इंटरनेट की पहुंच अभी भी सीमित है, खासकर ग्रामीण इलाकों में। स्टारलिंक की सैटेलाइट तकनीक इस अंतर को पाटने में मदद कर सकती है। यह सीधे अंतरिक्ष से इंटरनेट उपलब्ध कराएगी। इससे जमीनी केबल और टावरों की जरूरत नहीं रहेगी। स्पेसएक्स के संस्थापक एलन मस्क ने हर पांच साल में नेटवर्क को अपग्रेड करने की योजना बनाई है। यह तकनीक उन लोगों के लिए वरदान साबित हो सकती है जो अब तक इंटरनेट से वंचित रहे हैं। फिलहाल, यह अभी तय नहीं है। लेकिन भूटान के उदाहरण से अंदाजा जरूर लगाया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, भूटान में स्टारलिंक के दो प्लान हैं, रेजिडेंशियल लाइट प्लान, जिसकी कीमत लगभग 3,001 रुपए प्रति माह है और स्पीड 23 Mbps से 100 Mbps तक है। यह प्लान सामान्य ब्राउजिंग, सोशल मीडिया और वीडियो स्ट्रीमिंग के लिए उपयुक्त है। दूसरा है स्टैंडर्ड रेजिडेंशियल प्लान, जिसकी कीमत लगभग 4,201 रुपए प्रति माह है। इसमें स्पीड 25 Mbps से 110 Mbps तक है। यह प्लान गेमिंग, HD स्ट्रीमिंग और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए है।



# शादियों का सीजन खत्म होने के बाद सोने-चांदी के रेट में बड़ा बदलाव

**मुंबई।** सोने-चांदी के रेट में बड़ा बदलाव नजर आ रहा है। सर्राफा बाजार के लेटेस्ट भाव के मुताबिक 12 मार्च को 24 कैरेट सोना मंगलवार के बंद भाव 86024 रुपए के मुकाबले बुधवार को 211 रुपए महंगा होकर 86235 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला। वहीं, चांदी के रेट 998 रुपए उछलकर 97624 रुपए प्रति किलो हो गए। सर्राफा बाजार के रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं, जिनमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपए का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा पांच बजे के आसपास। आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड भी 210 रुपए महंगा होकर 85890 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। वहीं, 22 कैरेट गोल्ड का औसत हाजिर भाव दोपहर 193 रुपए उछलकर 78991 रुपए पर खुला। 18 कैरेट का भाव भी 158 रुपए महंगा होकर 64676 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। जबकि, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत 124 रुपए चढ़कर 50448 रुपए पर पहुंच गई है। मार्च में अबतक सोना 1189 रुपए और चांदी 4144 रुपए उछल चुकी है। 28 फरवरी को सोने का भाव 85056 रुपए था। जबकि चांदी की कीमत 93480 रुपए। साल 2025 में अब तक सोना 10495 रुपए और चांदी 11607 रुपये महंगी हो चुकी है। 31 दिसंबर 24 को सोना 75740 रुपए पर बंद हुआ था। चांदी भी 86017 रुपए प्रति किलो पर बंद हुई थी।



## आप का राशिफल 13 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-4-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। शुभांक-4-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-7-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें। शुभांक-3-5-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। शुभांक-2-6-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-3-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-4-6-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। शुभांक-3-5-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-4-6-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-5-6-8

# फरवरी में घट गए म्यूचुअल फंड एसआईपी करने वाले ? एम्फी के आंकड़ों से समझिए

**मुंबई।** शेयर बाजार में पिछले कुछ महीनों से गिरावट ही गिरावट है। इससे सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान या एसआईपी के जरिए निवेश करने वालों की संख्या में कमी हुई है। जी हां, बीते रवरी महीने में एसआईपी के जरिए निवेश थोड़ा कम हुआ है। इस साल जनवरी में जहां एसआईपी के जरिए 26,400 करोड़ रुपए का निवेश आया था, वहीं फरवरी में यह घटकर 25,999 करोड़ रुपए रह गया। यह तीन महीने का सबसे कम है। दिसंबर में भी इस तरीके से 26,459 करोड़ रुपए का निवेश आया था। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया या एम्फी के आंकड़ों से मिली है। फरवरी तक म्यूचुअल फंड के कुल फोलियो या खाते 23,22,80,804 हो गए हैं। रिटेल एमएफ खातों (इक्विटी + हाइब्रिड + सॉल्यूशन-ओरिएंटेड स्कीम्स) की संख्या फरवरी में बढ़कर 18,42,02,267 हो गई, जो जनवरी में 18,22,23,078 थी। रिटेल AUM (इक्विटी + हाइब्रिड + सॉल्यूशन-ओरिएंटेड स्कीम्स) फरवरी में घटकर 36,44,112 करोड़ रुपए रह गया, जबकि जनवरी में यह 38,77,595 करोड़ रुपए था। मतलब बाजार में उतार-चढ़ाव का असर दिखा है। फरवरी में 44,56,425 नए एसआईपी रजिस्टर हुए। इस महीने एसआईपी का कुल AUM 12,37,783.57 करोड़ रुपए रहा। इसमें 8.26 करोड़ एसआईपी खाते नियमित रूप से योगदान दे रहे थे। फरवरी में 29 नई स्कीम्स लॉन्च हुईं, जिनसे कुल मिलाकर 4,029 करोड़ रुपए जुटाए गए। ये स्कीम्स अलग-अलग कैटेगरी की थीं। एम्फी के चीफ एक्जीक्यूटिव वेंकट चलसानी ने बताया, भारतीय म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री लगातार मजबूती दिखा रही है। सभी कैटेगरी में निवेशक लगातार पैसा लगा रहे हैं। उनका कहना है बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद, निवेशकों का भरोसा बना हुआ है। 40,063 करोड़ रुपए का नेट इनफ्लो इस बात का सबूत है कि निवेशक लंबी अवधि के लिए निवेश करने में यकीन रखते हैं।



# स्टॉक मार्केट और म्यूचुअल फंड से दूर रहें

### एफडी और गोल्ड में निवेश करें

**नई दिल्ली।** शेयर मार्केट में गिरावट निवेशकों के लिए परेशानी खड़ी कर रही है। पिछले कई महीनों से मार्केट में गिरावट बनी हुई है। इस कारण काफी म्यूचुअल फंड भी अच्छा रिटर्न नहीं दे रहे हैं। वहीं ज्यादा रिटर्न के लिए अभी भी काफी निवेशक शेयर मार्केट और म्यूचुअल फंड की राह देख रहे हैं। ऐसे में एक शख्स ने अपने परिवार से शेयर मार्केट और म्यूचुअल फंड से दूर रहने की सलाह दी है। इस शख्स का नाम शंकर शर्मा है। शंकर इंवेस्टर हैं। इन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लोगों को भी निवेश को लेकर अलर्ट किया है। इन्होंने निवेश को लेकर अपनी बहन और जीजा से कहा है कि वे शेयर मार्केट और म्यूचुअल फंड से दूर रहें। साथ ही उन्होंने कहा है कि अगर पैसा निवेश करना है तो एफडी और गोल्ड में करें। शंकर ने अपनी पोस्ट में लिखा है, 'मेरी बहन और जीजा एक छोटे से शहर में रहते हैं। वे मुझे 35 साल से परेशान कर रहे हैं। वे कहते हैं कि हमें बताएं कि स्टॉक या म्यूचुअल फंड में कहां और कैसे निवेश करें। मेरा उत्तरः दूर रहो।



# सेंसेक्स 72 अंक गिरकर 74,029 पर बंद

■ निफ्टी भी 27 अंक गिरा, इंडसइंड बैंक के शेयर में आज 4.42% की तेजी रही

**मुंबई।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार (12 मार्च) को सेंसेक्स 72 अंक गिरकर 74,029 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 27 अंक की गिरावट रही, ये 22,470 के स्तर पर बंद हुआ। कल की बड़ी गिरावट (27%) के बाद इंडसइंड बैंक के शेयर में आज 4.42% की तेजी रही। टाटा मोटर्स में 3.19% और कोटक बैंक में 2.37% की तेजी रही। वहीं, इंफोसिस में 4.18%, टेक महिंद्रा में 2.80% और नेस्ले इंडिया में 2.43% की गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 19 में तेजी और 31 में गिरावट रही। एनएसई के आईटी इंडेक्स में सबसे ज्यादा 2.91%, मीडिया में 1.53%, रियल्टी में 1.65 और सरकारी बैंक में 1.08% की गिरावट रही। प्राइवेट बैंक और फार्मा सेक्टर में मामूली तेजी रही।

# 3 दिन मनाया जाएगा होली का पर्व

▸ 13 मार्च को रात 11:28 बजे होगा होलिका दहन
▸ 14 को घोटा गैर और 15 को मनाई जाएगी धूलंडी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** भीनमाल में होली का त्योहार तीन दिनों तक मनाया जाएगा। जहां पूरे देश में होली दो दिन की होती है, वहीं भीनमाल में एक दिन अधिक चलेगी। शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी ने बताया- 13 मार्च को होली का पर्व मनाया जाएगा। पूर्णिमा तिथि सुबह 10:37 से शुरू होगी। तभी भद्रा भी प्रारंभ हो जाएगी जो रात 11:28 तक रहेगी। अतः होलिका दहन रात में किया जाएगा। होली पूजन और दहन का शुभ मुहूर्त रात 11:28 से 12:37 बजे तक है। 14 मार्च को शहर के बड़े छोटे पर ऐतिहासिक घोटा गैर का आयोजन होगा। हकसिंह राव ने बताया कि गैर चांदी नाथ महादेव मंदिर से निकलेगी। यह सात निंबड़ी और खारी रोड होते हुए शाम 4 बजे बड़े छोहटे पर पहुंचेगी। 15 मार्च को शहर में धूलंडी का पर्व मनाया जाएगा। होलिका दहन शहर के कई स्थानों पर होगा। इनमें घांचियों का चौहटा, मेघवालों का वास, सात निंबड़ी, माघ कॉलोनी, होली चौक, खारा कुआं, रिबारियों की ढाणी और आथमना वास शामिल हैं।

## सांचौर में 11:30 बजे के बाद होगा होलिका दहन

**सांचौर।** सांचौर में होली के त्योहार को लेकर उत्साह का माहौल है। हर गली-मोहल्ले में होलिका दहन की तैयारियां चल रही हैं। पंडित भागीरथ व्यास ने बताया कि होलिका दहन का शुभ मुहूर्त 13 मार्च की रात्रि 11:28 से 12:06 बजे तक है। इस दौरान नगर और आसपास के क्षेत्रों में विधिवत होलिका दहन किया जाएगा। शहर के तपावास, बोकड़ियावास, सुभाष कॉलोनी और रावों का वास समेत कई स्थानों पर ये परंपरा निभाई जाएगी। स्थानीय युवा मंडल और सामाजिक संगठन होलिका दहन स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं। इनमें लोक नृत्य, भजन संध्या और गरबा शामिल हैं। पारंपरिक विधि से होलिका दहन से पहले पूजा की जाएगी। इसमें गूलर की लकड़ी, गोबर से बनी होलिका, अबीर-गुलाल, गेहूं की बालियां, सूत और नारियल का उपयोग किया जाएगा। ये पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। साथ ही ये सामाजिक समरसता का संदेश भी देता है। 14 मार्च को होली के दिन नगर में रंग-गुलाल के साथ हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी इस रंगीन त्योहार को मनाने के लिए उत्साहित हैं।





# जोगसिंह बालोत ने रानीवाड़ा सरस डेयरी के चेयरमैन का पद पुनः संभाला

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**रानीवाड़ा।** जालोर सिरोही जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. रानीवाड़ा में जोगसिंह बालोत ने रानीवाड़ा डेयरी के चैयरमेन का पद भार पुनः संभाला है। समिति सचिवों, दुग्ध उत्पादकों व संघ कर्मचारियों में हर्ष की लहर राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश पर12 मार्च को जालोर सिरोही जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. रानीवाड़ा डेयरी रानीवाड़ा के चैयरमेन का पदभार पुनः जोगसिंह बालोत द्वारा ग्रहण कर लिया गया। विदित हो कि दिनांक 24.05.2024 को रजिस्ट्रार सहकारी समितियां राजस्थान सरकार के आदेश पर बालोत को संचालक मंडल अल्पमत में हो जाने के कारण अपने पद को छोड़ना पड़ा था जिसे बालोत द्वारा उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई। रानीवाड़ा डेयरी में जोगसिंह बालोत का ये चौथा कार्यकाल है। इनके कार्यकाल में संघ सदैव ही लाभ की स्थिति में ही रहा है जबकि ठीक इसके विपरीत पिछले लगभग 9 माह में इनकी गैर उपस्थिति एवं संघ में लगे प्रशासक के कार्यकाल में संघ आज दिनांक तक घाटे की स्थिति में है। ज्ञात हो कि उक्त नौ माह की अवधि के दौरान संघ प्रशासन द्वारा एक बार भी दुग्ध खरीद दर में कोई वृद्धि नहीं की गई जबकि संघ से जुड़ी दुग्ध समितियों के सचिवों व दुग्ध उत्पादकों द्वारा दूध खरीद दर में वृद्धि की निरंतर मांग की जाती रही है जिसके क्रम में उक्त सचिवों द्वारा 11 मार्च को ही संघ मुख्यालय रानीवाड़ा में धरना प्रदर्शन कर उपखंड अधिकारी रानीवाड़ा को ज्ञापन सौंपा गया। उच्च न्यायालय के आदेश पर जालोर सिरोही जिला दुग्ध संघ रानीवाड़ा डेयरी रानीवाड़ा के चैयरमैन का पद जोगसिंह बालोत ने पुनः ग्रहण किया है। वहीं जोगसिंह बालोत ने बताया कि क्षेत्र के सभी सचिवों व दुग्ध उत्पादक किसानों को पूर्ण रूप से आश्वस्त करता हूं कि मेरे पूर्व के कार्यकालों की भांति ही अब भी दुग्ध खरीद में वृद्धि के साथ ही संघ और समितियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण मेरी प्राथमिकता रहेगी।

## थीम पर मनाया जाएगा विश्व उपभोक्ता दिवस

**जालोर।** जिले में 15 मार्च को ''टिकाउ जीवन शैली की ओर एक उचित बदलाव'' थीम पर विश्व उपभोक्ता दिवस मनाया जाएगा जिसके तहत 15 से 21 मार्च तक उपभोक्ता जागृति सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि जिले में 15 को विश्व उपभोक्ता दिवस कार्यक्रम के साथ उपभोक्ता सप्ताह का शुभारंभ होगा जिसका दोपहर 2 बजे राज्य स्तर से विभागीय यू-ट्यूब चैनल 'राज कन्ज्यूमर' पर सीधा प्रसारण होगा। 16 को गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें कोई भी उपभोक्ता भाग ले सकता है। प्रथम 10 विजेताओं को राज्य स्तर से पुरस्कार भी दिए जाएंगे। गूगल फॉर्म का लिंक उपभोक्ता मामले विभाग की वेबसाइट पर 16 से 20 मार्च, तक उपलब्ध रहेगा। 17 को गीत भवन, आदर्श नगर, जयपुर में राज्य स्तरीय प्रदर्शनी आजोयित होगी।

# महाविद्यालय में एनएसएस के विशेष सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** राजकीय महाविद्यालय सांचौर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत 12 मार्च से 18 मार्च तक आयोजित होने वाला सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ कार्यवाहक प्राचार्य मूलाराम द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती को माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने एनएसएस स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि वे निः स्वार्थ सेवा के माध्यम से महाविद्यालय परिसर के साथ अपने आस-पास के परिवेश को स्वच्छ रखने, जरूरतमंदों की सेवा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में सहयोग हेतु सदैव तत्पर रहकर सामुदायिक भागीदारी का निर्वहन करें। उन्होंने एन एस एस स्वयंसेवकों से समाज में नशामुक्ति अभियान चलाने एवं नशे के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करने का आह्वान किया। एनएसएस प्रभारी नारायण कुमार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष सात दिवसीय शिविर के तहत आगामी सात दिवसों में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत की रूपरेखा प्रस्तुत करने के साथ-साथ एनएसएस के उद्देश्य एवं उसके ध्येय वाक्य की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति का कल्याण पूरे समाज के कल्याण पर निर्भर करता है इसलिए स्वयं सेवकों को आमजन की भलाई के प्रयास करने चाहिए। सहायक आचार्य महेंद्र चौधरी ने कहा कि स्वयंसेवकों को अनुशासन में रहकर अपनी जिम्मेदारी के साथ राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक सद्भाव का अभ्यास करना चाहिए। इस अवसर पर स्वयंसेवकों एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा आज महाविद्यालय परिसर तथा कक्षा कक्षों की साफ-सफाई की गई तथा नेहरू रंगमंच के आसपास बिखरे प्लास्टिक का निस्तारण किया।



# प्रेम रूपी गुलाल से अपने जीवन में खुशियों के रंग भरें

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जसवंतपुरा।** कस्बे के स्थानीय श्री संस्कार विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय जसवंतपुरा में "होली महोत्सव" का कार्यक्रम संस्था प्रधान लक्ष्मण कुमार प्रजापत की उपस्थित में भक्त प्रहलाद की याद में मनाया गया। जिसमें संस्था प्रधान ने होलिका के महत्व व भक्त प्रहलाद व होलिका के जीवन से परिचय कराया। सुरेश कुमार प्रजापत ने होली को गुलाल से तिलक होली खेलने के लिए प्रेरित किया ताकि पानी को बचाया जा सके। नटवरलाल प्रजापत ने केमिकल वाले रंगों का प्रयोग नहीं करने के लिए कहा। कहा कि अपने अंदर की बुराइयों को दूर करने एवं प्रेम रूपी गुलाल से अपने जीवन में खुशियों के रंग भरें। समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने गुलाल से तिलक होली खेल कर पानी बचाने का संकेत दिया। नन्हें बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर बड़े हर्षोल्लास से पर्व मनाया। संचालन मगनलाल जीनगर ने किया जिसमें समस्त विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित थे। इस दौरान सुरेश कुमार प्रजापत, नटवरलाल प्रजापत, दिनेश कुमार, जीनल कुमारी, सोनिया जीनगर आदि मौजूद रहे।





## सांचौर : बच्चों ने उत्साह से मनाया होली का पर्व

**सांचौर।** क्षेत्र में होली के त्यौहार को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल रहा, जिसको लेकर विद्यालयों में विशेष आयोजन किया गया। इस दौरान नन्हे बालकों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया। होली बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाने वाला प्रमुख पर्व है। भक्त प्रह्लाद की भक्ति को इस अवसर पर प्रमुख रूप से याद किया जाता है। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न रंग के गुलाल व फूलों के साथ होली खेली और पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया।



# अब तक 120898 किसानों ने करवाया पंजीकरण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों को सशक्त करने के उद्देश्य से जालोर जिले में ग्राम पंचायतवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 120898 किसान अपना पंजीकरण करवा चुके हैं जिससे 11 अंकों की यूनिक आईडी मिली हैं।

जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से पारदर्शिता सुनिश्चित करने एवं किसानों को जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करवाने के लिए एग्रीस्टेक डिजिटल कल्चर इनिशिएटिव के तहत एग्रीस्टेक डिजिटल एग्रीकल्चर परियोजना शुरू की गई है। जिसमें किसानों को रजिस्ट्रेशन के उपरांत 11 अंको की यूनिक फार्मर आईडी मिलेगी। यूनिक आईडी के बिना किसानों को किसान सम्मान निधि व फसल बीमा आदि योजनाओं का लाभ मिल सकेगा साथ ही आईडी से बिना डॉक्यूमेंट किसानों को ऋण मिल भी सकेगा।

## खाली प्लॉट में मिला भ्रूण

जालोर। शहर के बड़ीपोल के बाहर कस्तूरबा कॉलोनी में बुधवार को 6 माह का भ्रूण मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस व नगर परिषद की टीम ने भ्रूण को जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। सुबह करीब 10.30 बजे एक व्यापारी साफ-सफाई के बाद कचरा डालने के लिए गया हैं ।

# बागोडा पुलिस की समाज में वैमनस्यता फैलाने के आरोपी के विरुद्ध कार्रवाही

**बागोड़ा।** बागोड़ा पुलिस ने समाज में अशोभनीय भाषा का प्रयोग कर एक समाज के खिलाफ सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोपी को त्वरित कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस निरीक्षक हुकमाराम ने बताया कि महानिरीक्षक पुलिस विकासकुमार जोधपुर के निर्देशानुसार रेंज में अवैध गतिविधियों, मादक पदार्थ शराब तस्करी, अवैध बजरी खनन माफियाओं व वांछित अपराधियों के विरुद्ध ज्ञानचंद यादव जिला पुलिस अधीक्षक जालोर के निर्देशन में जिले में आपराधिक प्रवृति के बदमाशान के विरुद्ध कार्यवाही के तहत मोटाराम गोदारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जालोर एवं अन्नराजसिंह राजपुरोहित वृताधिकारी वृत भीनमाल के निकटतम सुपरविजन में हुकमाराम निरीक्षक पुलिस थानाधिकारी पुलिस थाना बागोडा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा गत दिनों एक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर इस्टाग्राम आईडी युवा कमेटी के नाम से लाईव होकर भोमिया राजपूत पंचवटी समाज को अभ्रद टिप्पणी करने के मामले को लेकर भोमिया समाज के अध्यक्ष उदयसिंह पुत्र प्रतापसिंह जाति राजपुत निवासी भालनी और समाज के 20-25 लोगों ने उपस्थित थाना होकर गैरसायल जीवाराम के विरुद्ध कानुनी कार्यवाही हेतु 09 मार्च 2025 को रिपोर्ट पेश की गई थी। जिसमें गैरसायल जीवाराम को निरूद्ध नहीं करने पर समाज में भारी आक्रोशित होकर कानुन व्यवस्था की स्थिति उत्पन होने हेतु ज्ञापन पेश किया था, जिस पर कानुन व्यवस्था बनाये रखने व समाज में उत्पन आक्रोश के मध्यनजर रखते हुए 10 मार्च 2025 को आरोपी बिशनगढ़ पुलिस थानांतर्गत मांडवला निवासी जीवाराम पुत्र भारताराम जाति देवासी उम्र 31 साल को अंतर्गत धारा 126, 170 बीएनएसएस 2023 में गिरफ्तार किया गया, जिसको संबंधित न्यायालय में पेश किया गया है।



## आठवीं के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित

**रामसीन।** निकटवर्ती ग्राम झाक के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में कक्षा आठ के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम श्रीफल व कुमकुम लगाकर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। स्टाफ व साथियों ने विदाई ले रहे छात्रों को उपहार प्रदान किए। बदले में कक्षा आठ के सभी 32 छात्रों ने मिलकर विद्यालय को पोर्टेबल वायरलेस स्पीकर सिस्टम का भेंट किया ताकि विद्यालय में होने वाले विभिन कार्यक्रमों में इसका उपयोग हो। कक्षा सात के छात्रों ने विदाई ले रहे अपने बड़े भाइयों व बहनों का मुंह मीठा करवाया। प्रधानाध्यापक किशोर रामावत ने विदाई ले रहे छात्रों के निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने व विद्यालय परिवार व समाज का नाम रोशन करने की बात कही। मंच संचालन अध्यापक राजेंद्र सिंह मांडोली ने किया। इस दौरान वालाराम, हेमंत कुमार, मुनेश बैरवा, कमलेश भील आदि अध्यापक व अध्यापिका उपस्थित थे ।

# मालवाड़ा में झोपड़ी में लगी आग जेवर और नगदी जलकर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** क्षेत्र के मालवाड़ा में एक कच्ची झोपड़ी में आग लग गई। घटना में परिवार को करीब 1.45 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। घुमंतु जाति के सांकलाराम के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य खेत में काम कर रहे थे। घर पर सिर्फ बच्चे मौजूद थे। आग में टीन शेड का छप्पर और झोपड़ा पूरी तरह जल गया। खाट-बिस्तर, कपड़े, बर्तन, गेहूं की बोरियां और आटा भी जलकर राख हो गया। इसके अलावा 35 हजार रुपए नकद और 50 हजार रुपए के चांदी के गहने भी आग की चपेट में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और राजस्व अधिकारी मौके पर पहुंचे। मालवाड़ा आर.आई. ने मुआयना कर नुकसान का आंकलन किया। सांकलाराम ने गरीब परिवार से होने का हवाला देते हुए मदद की गुहार लगाई है।




**पश्चिम रेलवे**

**ट्रैकमेन हेतु टूल रूम सह रेस्ट रूम का प्रावधान**

मंडल रेलवे प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6 ठा तल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल मंडल, डीआरएम कार्यालय, भुतल, मुंबई सेंट्रल 400008 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. बीसीटी/24-25/306 दिनांक 11.03.2025** आमंत्रित है। **कार्य का नामः** विरार-जोरावासन खंडः ट्रैकमेन हेतु टूल रूम सह रेस्ट रूम तथा टीएफआर- 22.138 टीकेएम के संबंध में वरि. डीईएन/उत्तर के कार्यक्षेत्र में ट्रैकमेन हेतु टूल रूम सह रेस्ट रूम का प्रावधान। इले (पी) भाग सहि संयुक्त निविदा। **कार्य की अनु. लागतः** रु. 4,46,69,821.29, **ईएमडीः** रु. 3,73,400/-, **जमा करने की दिनांक तथा समयः** 08.04.2025 को 15.00 बजे तक। **खुलने की दिनांक तथा समयः** 08.04.2025 को 15.30 बजे। **आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps. gov.in देखें।** 1172

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



**मध्य रेल**

**सिमेन्स रेक के दरवाजे में अतिरिक्त ग्रैब हैंडल की आपूर्ति**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.च. स्टा.) ई एम यु कुर्ला कारशेड मध्य रेल मुंबई – 400070, प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली ई–निविदा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित करते हैं। **कार्य का विवरण:** कुर्ला कारशेड में सिमेन्स रेक के दरवाजे में अतिरिक्त ग्रैब हैंडल की आपूर्ति मात्रा–1210 दरवाजे (27 रेक के लिए मात्रा) । **ई–निविदा सूचना क्र. कुर्ला – आर एस–वर्क्स–2024–19; कार्य की औसत लागत:** 1,11,36,840/– (समावेशी जीएसटी); **निविदा पत्र का मूल्य:** रु.0/–; **बोली प्रतिभूति:** रु. 2,05,700/–; **वैधता:** 60 दिन; **समापन अवधि:** 12 महीने; **अनुदेश: 1.** उपरोक्त निविदा 08.04.2025 को 11:00 बंद हो जायेगी तथा उसके बाद 11.15 को खोली जाएगी। **2.** भावी निविदाकर्ताओ से अनुरोध है कि निविदा के विवरण एवं शुद्धीपत्र ( यदि कोई हो तो ) की अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें । **3.** निविदाकर्ता केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपरोक्त ई–निविदा में भाग ले सकते हैं और ई–निविदा के लिए मैन्युअल प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है। मैन्युअल रूप से प्रस्तुत किए जाने पर न तो खोला जाएगा और न ही उस पर विचार किया जाएगा। **4.** आगे की अधिक जानकारी के लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क. च. स्टा) ई एम यु कुर्ला कारशेड मध्य रेल मुंबई – 400070 पर संपर्क कर सकते हैं। **5.** औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) द्वारा स्टार्टअप के रूप में मान्यता प्राप्त किसी भी फर्म को ऊपर वर्णित बोली सुरक्षा के भुगतान से छूट दी जाएगी। श्रम सहकारी समितियां ऊपर वर्णित उपरोक्त बोली सुरक्षा का केवल 50% ही जमा करेंगी। अधिक जानकारी के लिए जीसीसी कार्य 2022 या इसके नवीनतम संशोधन देखें। **6.** यह निविदा सार्वजनिक खरीद नीति आदेश 2017 दिनांक 15.06.2017 का अनुपालन करती है।

**Open E-Tender Notice No. CLA-RS-WKS-2024-19 dt 08.03.2025**

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है 837


## शोक संदेश



**स्व. बाबूलाल जी रिदुआ**

(स्वर्गवास : 12-03-2025)

निवास : गाँव वाण (आबुगोड़)



**स्व. श्रीमती पंखुकंवर**

(स्वर्गवास : 12-03-2025)

## विशेष सूचना

**जागरूक टाइम्स** अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- **9930850102** पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# विमर्श को निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों को किया आमंत्रित

**जयपुर/जालोर।** भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रक्रिया से संबंधित किसी भी मुद्दे के समाधान के लिए देश के सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य-स्तरीय राजनीतिक दलों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। ये सुझाव 30 अप्रैल, 2025 तक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ), जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) या मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के स्तर पर दिए जा सकते हैं। आयोग की ओर से मंगलवार 11 मार्च को विभिन्न राजनीतिक दलों को लिखे एक पत्र में प्रचलित कानूनों के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को अधिक मजबूत करने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ सदस्यों को बातचीत और विमर्श करने के लिए आमंत्रित किया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पिछले सप्ताह आयोग द्वारा आयोजित निर्वाचन अधिकारियों के सम्मेलन के दौरान सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ), जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को भी निर्देश दिए थे कि वे राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठक करें। ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव पर पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर ही समुचित कार्यवाही करें। कुमार ने इस विषय में राज्यों से 31 मार्च, 2025 तक आयोग के समक्ष कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। आयोग ने अब राजनीतिक दलों से भी आग्रह किया है कि वे देश भर में निचले स्तर तक मौजूद इस विकेंद्रीकृत चुनावी तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करें। गौरतलब है कि भारत के संविधान और चुनावी प्रक्रियाओं के सभी पहलुओं से जुड़े वैधानिक ढांचे के अनुसार निर्वाचन आयोग द्वारा चिह्नित 28 हितधारकों में से एक प्रमुख हितधारक राजनीतिक दल हैं।

## मोटरसाइकिल व टेम्पो दुर्घटना में बुजुर्ग महिला की मौत

**जसवंतपुरा।** कस्बे के रामसीन सड़क मार्ग के तहसील कार्यालय के पास मंगलवार शाम को हुए सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए थे। मोटरसाइकिल और टेम्पो की टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों को गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल पहुंचाया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायलों में दो की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें गुजरात रेफर कर दिया गया था। वहीं, देर रात उपचार के दौरान गजापुरा निवासी बुजुर्ग महिला कंकू बाई (65) ने उपचार के दौरान देर रात दम तोड़ दिया। इस दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# भव्य व दिव्य होली फागोत्सव 2025 का आयोजन 19 को भीनमाल में

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ भीनमाल, विप्र फाउंडेशन, जालोर व श्री महाकवि माघ विकास संस्थान भीनमाल के संयुक्त तत्वावधान तथा भीनमाल क्षेत्र की आत्मीयता से *फागोत्सव 2025* होली स्नेह मिलन का भव्य आयोजन आगामी 19 मार्च को भीनमाल में रखा गया है। सामाजिक व सांस्कृतिक व समरसता प्रकल्प के तहत सामाजिक संगठन, धार्मिक ट्रस्ट, शैक्षिक संस्थान, राजकीय व निजी अधिकारी कर्मचारी गण, विविध विभाग, अधिवक्ता, प्रशासनिक अधिकारी सहित जन सामान्य गणमान्य के साथ होली स्नेह मिलन समारोह फागोत्सव एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना के साथ राष्ट्र अभ्युदय में जन सामान्य की सहभागिता पर काव्य पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, हंसी मजाक, होली मनोरंजन मनो विनोद संबंधी भजन, सत्संग सहित रंग गुलाल फूलों की होली मनाई जाएगी। भीनमाल के स्काउट के संरक्षक दिनेश दवे ने बताया कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड का फागोत्सव कार्यक्रम आगामी 19 मार्च को आयोजन होगा। दिनेश दवे प्रदेश महामंत्री विप्र फाउंडेशन ने बताया कि कार्यक्रम में बंधुवर होली स्नेह मिलन समारोह में विविध कार्यक्रम में बढ़ चढ़ के अपनी सहभागिता प्रदत्त करेंगे। कार्यक्रम प्रभारी निंबाराम चौधरी प्रभारी व डॉ घनश्याम व्यास ने बताया कि होली स्नेह मिलन एक सामाजिक, सांस्कृतिक समरसता प्रकल्प को लेकर एक भव्य व दिव्य आयोजन रहेगा।


**मध्य रेल**

**माइनर युनिट के अतंर्गत केटरिंग सेवाओं के प्रावधान**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, मुंबई मण्डल (मध्य रेल) द्वारा योग्य निविदाकारों से गुरु तेग बहादुर नगर स्टेशन पर केटरिंग स्टाल हेतू खुली ई– निविदाओं को आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम** – मुंबई मण्डल में माइनर युनिट के अतंर्गत केटरिंग सेवाओं के प्रावधान के लिए खुली ई निविदा, निम्न विवरण के अनुसार : **यूनिट का नाम :** GTBN-S-1, **निविदा नंबर: BBC159COCATGGTBN-25; स्टेशन का नाम / श्रेणी:** गुरु तेग बहादुर नगर स्टेशन श्रेणी ''एसजी 2'' (पुरानी श्रेणी ''सी''); **स्थान:** पीएफ नंबर 1 और 2 पर किमी 11 और 12 के बीच, वाटर हट के पास; **स्टाल श्रेणी:** सामान्य श्रेणी महिला कोटा; **कार्य समाप्ति की अवधि:** 05 (पांच) वर्ष ; **वेबसाईट विवरण : www.ireps.gov.in** ई **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 01/04/2025 को 15.00 बजे तक; **अधिक जानकारी हेतु संपर्क करने का कार्यालय:** वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक कार्यालय, रेलवे आरक्षण केंद्र के ऊपर, खानन अनुभागपा, मुंबई सीएसएमटी –400001; यह नोटिस केवल निविदा विज्ञापन उद्देश्य के लिए है, विस्तृत नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में उपलब्ध हैं। इसके अलावा परिशिष्टशुद्धिपत्र /, समय विस्तार, स्पष्टीकरण आदि, यदि कोई हो, विषय निविदा के संबंध में, केवल वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। बोलीदाताओं को खुद को अपडेट रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट पर जाना चाहिए। रेलवे पूर्णया भाग में कार्य को स्वीकार करने या बिना किसी कारण बताए पूर्ण या भाग में निविदा को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। सशर्त प्रस्तावों को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।

**Tender No.: BBC159COCATGGTBN-25**

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है 841

## सुविचार

लगातार प्रयत्न करने वाले लोगों की गोद में सफलता 'स्वयं आकर बैठ जाती है।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## पाकिस्तान का नया झूठ

पाकिस्तान झूठ बोलने में माहिर है। वो बिना किसी सबूत के बेशर्मी के साथ खुल के झूठ बोल सकता है। उसने फिर एक बार अपनी बेशर्मी का परिचय दिया है। मंगलवार को पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में विद्रोही गुट बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने जाफर एक्सप्रेस को हाइजैक कर लिया है। ट्रेन में 400 से अधिक यात्री सवार थे जिनमें बहुत से सैन्यकर्मी भी थे। इस बीच पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने भारत के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाए हैं। विद्रोहियों के हाथों ट्रेन हाइजैक हो जाने की अपनी नाकामी छिपाने के लिए उन्होंने बिना किसी सबूत के कहा है कि बलूच विद्रोहियों को भारत का समर्थन मिल रहा है। पाकिस्तान के डान टीवी के एंकर ने सनाउल्लाह से सवाल किया कि क्या अफगानिस्तान में रह रहे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान से बीएलए को मदद मिल रही है और क्या इनके आपस में संबंध हैं। जवाब में सनाउल्लाह ने कहा, 'ये भारत कर रहा है, इसमें कोई शक नहीं है। भारत मदद कर रहा है और अफगानिस्तान में उन्हें सुरक्षित पनाह मिली हुई है। वहीं बैठकर वो हर किस्म की प्लानिंग करते हैं। ये पाकिस्तान के दुश्मन लोग हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है। ये कोई राजनीतिक मसला नहीं है और बलोच विद्रोहियों का कोई राजनीतिक एजेंडा भी नहीं है। इनका मकसद सिर्फ लोगों की हत्या करना, उनसे लूटमार करना है।' बलूचिस्तान में सैन्य बलों की ज्यादती को लेकर जब सनाउल्लाह से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'बलूचिस्तान में इस तरह की कार्रवाई अरसा पहले से होती रही हैं। बात सिर्फ ये है कि अब अफगानिस्तान में उन्हें पनाहगाह मिल गई है। उन्हें हर तरह से वित्तीय मदद भी मिल रही है। उन्हें ये सुविधा भी दी गई है कि वो जाएं, सीमा पार करें और अपनी कार्रवाई करके वापस आ जाएं।' सनाउल्लाह ने आगे कहा, 'अफगानिस्तान में तालिबान के आने से पहले उन्हें ये सुविधा नहीं थी लेकिन अब उन्हें हर तरह की सुविधा मिल रही है। पाकिस्तान में जो हालात बने हैं, उसकी वजह अफगानिस्तान में ऐसी सरकार का होना है जो इन्हें हमले की प्लानिंग के लिए जगह और पैसे दे रही है।' पाकिस्तान की सेना बंधकों को छुड़ाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है लेकिन इसमें काफी दिक्कतें आ रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीएलए ने बंधकों के बीच अपने सुसाइड बॉम्बर्स को बिठा दिया है। बॉम्बर्स ने सुसाइड जैकेट पहन रखे हैं जिससे सुरक्षाबलों के लिए बंधकों को छुड़ाना और मुश्किल हो गया है। वो अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं। इस बीच बलोच आर्मी ने ट्रेन हाइजैक का एक वीडियो जारी किया है जिसमें देखा जा सकता है कि ट्रेन सामान्य गति से जा रही है और तभी धमाका होता है और ट्रेन रुक जाती है। ट्रेन के रुकने की जगह के आसपास पहाड़ियों में बीएलए के लड़ाके भी दिखाई दे रहे हैं।

### पाकिस्तान में ट्रेन हाइजैक

# जो बोएगा, वही पाएगा




वीना गौतम

पाकिस्तान में क्वेटा से चलकर पेशावर जाने वाली जाफर एक्सप्रेस 11 मार्च 2025 को सुबह 9 बजे क्वेटा से रवाना हुई थी। इसके सिबि पहुंचने का समय दोपहर 1.30 बजे का था। लेकिन सिबि पहुंचने इसके पहले ही दोपहर करीब 1 बजे बलूचिस्तान के बोलान जिले के माशकाफ इलाके में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी [बीएलए] के आतंकियों ने इसको हाईजैक कर लिया। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक करीब 26 घंटे से ज्यादा समय बीत चुका था। लेकिन पाक सेना बलूच विद्रोहियों के कब्जे से ट्रेन को अब तक छुड़ा नहीं पाई थी। जबकि अब तक पाकिस्तान से आने वाली खबरों के मुताबिक़ 30 सैनिक, 16 आतंकी और तीन अन्य लोग मारे जा चुके थे, खबरों के मुताबिक़ जिसमें ट्रेन का ड्राइवर भी शामिल था। जिस जगह घात लगाकर आतंकियों ने ट्रेन को हाइजैक किया है वह जगह तीन तरफ पहाड़ और एक तरफ सुरंग से घिरी है।

इमेज

ऐसे में आतंकियों ने पाक सेना की तमाम कोशिशों को उन तक पहुंचने से नाकाम कर दिया है। ऐसे में पाकिस्तानी सेना का यह दावा भी सवालों से घिर गया है कि उसने 16 आतंकियों को मार गिराया है। ट्रेन से इन पंक्तियों के लिखे जाने तक जो 104 बंधक रिहा होकर आए थे, उनके मुताबिक़ उन्हें आतंकियों ने ही दया पर छोड़ा है जबकि पाकिस्तानी सुरक्षा बल उससे एक किलोमीटर की दूरी पर ही डेरा डाले हुए हैं। हालांकि इन रिहा हुए बंधकों के मुताबिक़ यह भी सच है कि हाइजैक इलाके में पाकिस्तान सेना के जेट विमान, गन फ्लाइट हेलीकॉप्टर और अनेक ड्रोन मौजूद हैं, लेकिन जाफर एक्सप्रेस पर विद्रोहियों का ही कब्जा है। रिहा हुए बंधकों के मुताबिक़ 12 मार्च 2025 की सुबह 7 बजे तक एक भी पाक सैनिक ट्रेन में नहीं था। हालांकि जल्द ही कोई न कोई वह पल आएगा, जब ट्रेन मुक्त होगी, पाक सेना ट्रेन पर कब्जा करेगी, लेकिन वह पल कितनी खूनी कीमत लेगा यह वक्त ही बताएगा। बीएलए ने बंधक बनाए गए पैसेंजर्स को युद्धबंदी कहा है और इनके बदले पाकिस्तान की जेलों में बंद बलूच कार्यकर्ताओं, राजनैतिक कैदियों, गायब लोगों, लड़ाकों और अलगाववादी नेताओं की बिना शर्त रिहाई की मांग की है। इसके लिए बीएलए ने मंगलवार रात 10 बजे पाकिस्तान सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। बीएलए का कहना है कि यह फैसला बदलेगा नहीं। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक रिहा किए गए 58 पुरुष, 31 महिलाओं और 15 बच्चों ने भी आतंकियों के इरादों को पक्का और खूंखार बताया है। पाकिस्तान के मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा है कि हम ऐसे जानवरों से कोई समझौता नहीं करेंगे, जिन्होंने बेकसूर यात्रियों पर गोलीबारी की। लेकिन आज ऐसी सैद्धांतिक जुबान बोलने वाले पाकिस्तानी मंत्री और पाक सरकार को तब ये जुमले और सिद्धांत याद क्यों नहीं आते जब वह पूरी दुनिया, खासकर पड़ोसी देश भारत में आतंक का निर्यात करते हैं।

हालांकि कुदरत का पुराना नियम है,'बोया पेड़ बबूल का तो आम कहां से होय।'अपने



अस्तित्व में आने के बाद से ही आतंक का निर्यात कर रहे पाकिस्तान को यह बात आज तक समझ में नहीं आई कि खुद उसे आग से खेलने के इस आतंकी खेल की कितनी कीमत चुकानी पड़ी है? दशकों से आतंकवाद को एक रणनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे पाकिस्तान ने इस खूनी खेल में आज तक जितना गंवाया है, उतना शायद ही किसी दूसरे देश ने खोया हो। पाकिस्तान ने इस खूनी आतंक की अब तक आर्थिक, सामाजिक और अपनी अंतर्राष्ट्रीय साख के मिट्टी में मिलने की हद तक जितनी कीमत चुकाई है उतनी कीमत, उसके पड़ोसी अफगानिस्तान तक ने भी नहीं चुकाई। आतंकवाद और अस्थिरता के कारण आज पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था कितनी बुरी तरह से टूट चुकी है कि पाकिस्तान को दुनिया के तमाम देश किसी भी कीमत पर कर्ज देने तक को राजी नहीं हैं, यहां तक कि मुस्लिम देश भी। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के अनुसार साल 2001 से 2023 तक पाकिस्तान ने 150-170 बिलियन डालर का आर्थिक नुकसान झेला है जबकि वह टर्की से लेकर सऊदी अरब तक से पांच अरब डालर की मदद के लिए चिरौरी विनती करते घूमता है। इसी खूनी आतंक का कारोबार करने के कारण पाकिस्तान की तरफ विदेशी निवेशक आंख उठाकर नहीं देखते, चीन जैसे जो देश देखते हैं वे कारोबार की नजर से नहीं देखते बल्कि कब्जा जमाने और पाकिस्तान को अपना गुलाम बनाने के उद्देश्य से कर्जा देते हैं, वरना आम विदेशी निवेशक तो पाकिस्तान के बारे में अब सोचता भी नहीं है। आखिर कौन ऐसा आंख का अंधा और गांठ का पूरा विदेशी निवेशक होगा जो अस्थिरता और आए दिन होने वाले आतंकी हमलों के बावजूद पाकिस्तान में निवेश या व्यापार करने के बारे में भी सोचेगा। लालची से लालची बहुराष्ट्रीय कंपनियां पाकिस्तान में व्यापार करने से बचती हैं। वैश्विक संगठन 'फाइनेंसियल एक्शन टास्क फ़ोर्स' द्वारा ग्रे लिस्ट में डाले जाने के कारण पाकिस्तान में विदेशी निवेश और फंडिंग बिलकुल शून्य पर है। सिर्फ विदेशी निवेश की ही बात क्यों करें पाकिस्तान अपनी आतंकप्रिय नीति के कारण भारी सैन्य सुरक्षा कीमत भी चुका रहा है। अपने जन्म के बाद से अब तक पाकिस्तान के अपने लाखों नागरिक और हजारों सुरक्षा बल आतंकवादी संगठनों के हमलों की बल चढ़ा दी है। सिर्फ साल 2007 से ही अब तक 80,000 से अधिक लोग (सुरक्षाकर्मी और आम नागरिक) इन खूंखार आतंकी वारदातों में मारे गए हैं। टीटीपी (तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान) और अन्य आतंकी गुटों ने पाकिस्तानी सेना और पुलिस को निशाना बनाया है। सिर्फ आर्थिक और इंसानी जानों की कीमत ही पाकिस्तान ने अपनी आतंकप्रिय नीतियों के कारण नहीं चुकाई बल्कि इसी के कारण पाकिस्तानी समाज में कट्टरवाद को इस हद बढ़ावा मिला है, जिससे आज पाक समाज में ज़रा भी सहिष्णुता नहीं बची। पूरे देश में हजारों लोग विस्थापित हैं, खासकर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान जैसे इलाकों में। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं इस कदर प्रभावित हुई हैं, खासकर स्वात और वजीरिस्तान में, कि यहां लोग स्कूलों में जाने तक की नहीं सोच सकते। आतंकियों ने अस्पतालों को भी नष्ट कर दिया है। जहां दुनिया में पाकिस्तान की किसी तरह की इज्जत की बात है तो पूरी दुनिया में आज पाकिस्तान को एक आतंक समर्थक देश के रूप में जाना जाता है, जिस कारण यह वैश्विक मंच पर बुरी तरह से अलग-थलग पड़ गया है। भारत ने ही नहीं पाकिस्तान के तथाकथित संरक्षक अमेरिका तक ने भी उसे कई बार आतंकवाद को बढ़ाने पर चेतावनी दी है। आतंकवाद के लिए सॉफ्ट कार्नर रखने के कारण पाकिस्तान की आंतरिक राजनीति भी बुरी तरह से अस्थिर हो गई है। आतंकियों ने पाकिस्तानी राजनेताओं को ही इसका शिकार बनाया है।

## पंचांग

गुरुवार, 13 मार्च 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ॠतु - वसंत
- माह - फाल्गुन
- पक्ष - शुक्ल
- तिथि - चतुर्दशी 10.37 तक
- वार - गुरुवार
- नक्षत्र - पूर्वा फाल्गुनी 30.20 तक
- योग - धृति 13.03 तक
- करण - विष्टि 23.28 तक
- सूर्योदय - 06.50 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.46 (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.52 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 06.48 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - सिंह
- अभिजित् मुहूर्त - 12.24 से 13.12
- राहु काल - 14.18 से 15.47
- व्रत, त्यौहार- व्रत की पूनम, हुताशनी पूर्णिमा, होलिका दहन रात्रि 23.28 प्रारंभ, भद्रा 10.37 से 23.28,
- दिशा शूल - दक्षिण

● शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## शुभ और अशुभ दोनों प्रभाव डालते राहु-केतु

ज्योतिष शास्त्र में राहु और केतु को छाया ग्रह माना जाता है, जिनका व्यक्ति के जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। ये ग्रह हमेशा वक्री गति से चलते हैं और लगभग 18 महीनों में एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करते हैं। कुंडली में इनकी स्थिति, अन्य ग्रहों के साथ युति और दृष्टि के आधार पर, शुभ और अशुभ दोनों प्रकार के फल देती है। कुंडली में राहु की शुभ स्थिति व्यक्ति को साहसी और महत्वाकांक्षी बनाती है, जबकि अशुभ स्थिति मानसिक तनाव और आर्थिक समस्याएं ला सकती है। केतु की शुभ स्थिति आध्यात्मिक उन्नति देती है, जबकि अशुभ स्थिति व्यक्ति को चिड़चिड़ा और निराशावादी बना सकती है। राहु को भ्रम, छल, अचानक होने वाली घटनाओं, और सांसारिक इच्छाओं का कारक माना जाता है। कुंडली में राहु की शुभ स्थिति व्यक्ति को साहसी, महत्वाकांक्षी और कूटनीतिज्ञ बनाती है। ऐसे व्यक्ति जीवन में ऊंचाइयों को छूते हैं और भौतिक सुख-सुविधाओं का आनंद लेते हैं। वहीं, राहु की अशुभ स्थिति व्यक्ति को मानसिक तनाव, भय, रोगों, और आर्थिक समस्याओं से घेर सकती है। ऐसे व्यक्ति भ्रमित रहते हैं और गलत निर्णय ले सकते हैं।

ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक केतु को अध्यात्म, वैराग्य, मोक्ष, और रहस्यमयी ज्ञान का कारक माना जाता है। कुंडली में केतु की शुभ स्थिति व्यक्ति को धार्मिक, चिंतनशील और अंतर्मुखी बनाती है। ऐसे व्यक्ति गूढ़ विषयों में रुचि रखते हैं और आध्यात्मिक उन्नति करते हैं। वहीं, केतु की अशुभ स्थिति व्यक्ति को निराशावादी, चिड़चिड़ा और एकाकी बना सकती है। ऐसे व्यक्ति शारीरिक और मानसिक कष्टों से पीड़ित हो सकते हैं।

**राहु-केतु का युति और दृष्टि प्रभावः-**

राहु और केतु जिस ग्रह के साथ युति करते हैं या जिस ग्रह पर दृष्टि डालते हैं, उसके स्वभाव को प्रभावित करते हैं। उदाहरण के लिए, यदि राहु चंद्रमा के साथ युति करता है, तो व्यक्ति को मानसिक अशांति और भावनात्मक अस्थिरता का सामना करना पड़ सकता है। वहीं, यदि केतु गुरु के साथ युति करता है, तो व्यक्ति को आध्यात्मिक ज्ञान और गुरु का आशीर्वाद प्राप्त होता है।



## गीता सार

**संन्यासं कर्मणां कृष्ण पुनर्योगं च शंससि।**
**यच्छ्रेय एतयोरेकं तन्मे ब्रूहि सुनिश्चितम्॥**

**हिंदी अर्थ –**

अर्जुन कहते है – हे कृष्ण! पहले आप कर्मों के संन्यास की और फिर कर्मों से योग की प्रशंसा करते है। इन दोनों में से श्रेष्ठतर, कल्याणकारक और निश्चित साधन को मुझसे कहिए।

## तारीख विशेष

### नाना फडणवीस

नाना फडणवीस एक मराठा राजनेता थे, जो पानीपत के तृतीय युद्ध के समय पेशवा की सेवा में नियुक्त थे। वह अपनी चतुराई और बुद्धिमत्ता के लिए बहुत प्रसिद्ध हैं। 1800 ई. में नाना फडणवीस की मृत्यु हो गई थी। नाना फडणवीस ने रघुनाथराव (राघोवा) की स्वयं पेशवा बनने की सारी कोशिशें नाकाम कर दी थीं। नाना फडणवीस का टीपू सुल्तान से भी युद्ध हुआ था। उन्होंने मराठा साम्राज्य की शक्ति को एक छत्र के नीचे एकत्र करने की सफल चेष्टा की। पेशवा शासन के दौरान नाना फडणवीस मराठा साम्राज्य के प्रभावशाली मंत्री व कूटनीतिज्ञ थे। यूरोपियों द्वारा उन्हें मराठा मैकियावेली (सुप्रसिद्ध इतालवी कूटनीतिज्ञ निकोलो मैकियावेली पर आधारित नाम) कहा जाता था। नाना फडणवीस युद्धभूमि से जीवित लौट आए थे। इसके बाद 1773 ई. में नारायणराव पेशवा की हत्या करा कर उसके चाचा राघोवा ने जब स्वयं गद्दी हथियाने का प्रयत्न किया, तो उसने उसका विरोध किया। नाना फडणवीस ने नारायणराव के मरणोपरांत उत्पन्न पुत्र माधवराव नारायण को 1774 ई. में पेशवा की गद्दी पर बैठाकर राघोवा की चाल विफल कर दी। नाना फडणवीस ही अल्पवयस्क पेशवा के मुख्यमंत्री बने और 1774 से 1800 ई. में मृत्युपर्यंत मराठा राज्य का संचालन करते रहे। किंतु उसकी स्थिति निष्कंटक न थी, क्योंकि अन्य मराठा सरदार, विशेषकर महादजी शिंदे उसके विरोधी थे। राज्य में इतने विरोधी होते हुए भी नाना फडणवीस अपनी चतुराई से समस्त विरोधों के बावजूद अपनी सत्ता बनाए रखने में सफल रहे। 1775 से 1783 ई. तक उसने अंग्रेज़ों के विरुद्ध प्रथम मराठा युद्ध का संचालन किया। सालबाई की संधि से इस युद्ध की समाप्ति हुई थी। उक्त संधि के अनुसार राघोबा को पेंशन दी गई और मराठों को साष्टी के अतिरिक्त अन्य किसी भूभाग से हाथ नहीं धोना पड़ा। 1784 ई. में ही नाना फडणवीस ने मैसूर के शासक टीपू सुल्तान से लोहा लिया और कुछ ऐसे इलाके पुनः प्राप्त कर लिए, जिन्हें टीपू सुल्तान ने बलपूर्वक अपने अधिकार में कर लिया था। 1789 ई. में टीपू सुल्तान के विरुद्ध उसने अंग्रेज़ों और निज़ाम का साथ दिया तथा तृतीय मैसूर युद्ध में भी भाग लिया।

### होला मोहल्ला

# सिक्खों का बड़ा त्योहार

मधु सिंह

यह पर्व अपने आपमें अनूठा इसलिए भी है, क्योंकि देश विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु आनंदपुर साहब में इस पावन पर्व में शामिल होने के लिए आते हैं। जिस समय ये लोग जुलूस निकालते हैं, तमाम तरह के पुराने और नए शस्त्रों से लैस होकर निहंग हाथियों और घोड़ों पर एक दूसरे पर रंग फेंकते हैं तो यहां का समा देखने वाला होता है। होला मोहल्ला में शौर्य, एकता, वीरता के रंग देखने को मिलते हैं। पंजाब और आसपास के राज्यों से लोग अपनी गाड़ियों और बाइक्स पर यहां शिरकत करने पहुंचते हैं। जिस तरह पूरे सिक्ख समुदाय के लोग, दूसरों की सेवा के लिए हर समय तत्पर रहते हैं। श्रद्धालुओं के लिए तमाम रास्तों में उनके रहने और खाने की सेवा मुफ्त में दी जाती है। आनंदपुर साहब पंजाब के रूपनगर में स्थित है। अगर आप सड़क मार्ग से जाना चाहते हैं तो वाया चंडीगढ़ जा सकते हैं, यहां का निकटतम रेलवे स्टेशन नंगल है। ..तो फिर हो जाएं तैयार इस होला मोहल्ला में जाने के लिए, जहां ढोल की थाप पर अपनी वीरता का प्रदर्शन करते निहंग योद्धाओं, बच्चों, महिलाओं और पुरुषों की प्रतियोगिताओं में शामिल होकर इसका भरपूर मजा लिया जा सकता है।

इमेज

होला मोहल्ला सिक्ख समुदाय द्वारा मनाया जाने वाला एक ऐसा त्योहार है, जो होली के अगले दिन से मनाया जाता है और यह आने वाले तीन दिन तक लगातार मनाया जाता है। तीन दिन तक लगातार इस त्योहार को मनाये जाने का मकसद लोगों के बीच आपसी प्रेम, एकता और वीरता की भावना को जागृत करना होता है। इन तीन दिनों में यहां कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे इनके उत्साह में कई गुना वृद्धि होती है। दुनियाभर में सिख समुदाय द्वारा यह त्योहार मनाया जाता है। इसे बहुत विशाल स्तर पर आयोजित किया जाता है। जिसे देखने के लिए आनंदपुर साहब में श्रद्धालु दुनियाभर के देशों से आकर जुटते हैं। इसकी शुरुआत होली के अगले दिन से होती है। यह सिक्खों के पवित्र धर्मस्थल श्रीकेसरगढ़ साहब आनंदपुर में मनाया जाता है। कहा जाता है कि इसके मनाने की शुरुआत 10वें सिक्ख गुरु श्री गुरू गोविंद सिंह जी ने 1680 में किला आनंदगढ़ साहब से की थी। होली चूंकि एक पुराना त्योहार है, होला मोहल्ला से पहले होली के दिन एक दूसरे पर सिक्ख संप्रदाय के लोग फूल और फूलों से बने रंग डालते थे। लेकिन गुरु गोविंद सिंह जी ने इसे अलग अंदाज में मनाने के लिए सिक्ख कौम को सैन्य प्रशिक्षण देने और इसका प्रदर्शन करने से इसकी शुरुआत की, जिसमें इस समुदाय को दो दलों में बांटकर उन्हें युद्ध कला में पारंगत किया जाता था, जिसमें उनकी लाडली फौज यानी निहंगों को पहले शामिल किया गया, जो पैदल और घुड़सवारी करते हुए शस्त्रों को चलाने का अभ्यास करते थे। इस तरह इसकी शुरुआत होने के बाद आजतक होला मोहल्ला के पावन पर्व पर अबीर और गुलाल के बीच सिक्ख धर्म की शूरता और वीरता के रंग देखने को मिलते हैं। इस दौरान 'जो बोले सो निहाल' और 'झूलदे निशान, कौम दे' के जयकारे पूरे माहौल में हर समय गूंजते रहते हैं।

यह पर्व लगातार छह दिन तक मनाया जाता है। तीन दिन गुरुद्वारा तीर्थपुर साहब और तीन दिन तख्त श्रीकेसरगढ़ साहब में श्रद्धा और विश्वास के साथ संपन्न होता है। सिक्खों के लिए इस त्योहार का विशेष रूप



से धार्मिक महत्व इसलिए है, क्योंकि इस त्योहार को मनाने का मकसद उन्हें आत्म अनुशासन और काबिल योद्धा बनाकर उनमें आपसी एकता और पारस्परिक प्रेम को बढ़ाना है। जिस दिन इसकी शुरुआत होती है, उस दिन गुरुद्वारों में पहले प्रार्थना की जाती है, इसके बाद शब्द कीर्तन से जुलूस निकाला जाता है। बहुत बड़े स्तर पर इसे आयोजित किया जाता है। दूसरे दिन सिक्ख पारंपरिक अपनी मार्शल आर्ट का प्रदर्शन करते जुलूस निकालते हैं, जिसमें वे नकली युद्ध करते हुए अपनी वीरता का प्रदर्शन करते हैं। इसमें दो गुट बनाए जाते हैं, जो अपनी युद्ध कला के प्रदर्शन से सबका मन मोह लेते हैं। इसके अलावा यहां पर कुश्ती, घुड़सवारी, तीरअंदाजी जैसी कई और रोमांचक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। तीसरे दिन महान सिक्ख वीरों को श्रद्धांजलि दी जाती है और त्योहार के अंत में बहुत बड़े स्तर पर लंगर का आयोजन किया जाता है, जिसमें हर धर्म, हर जाति और समुदाय के लोगों को लंगर में खाना खिलाया जाता है। यह पर्व अपने आपमें अनूठा इसलिए भी है, क्योंकि देश विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु आनंदपुर साहब में इस पावन पर्व में शामिल होने के लिए आते हैं। जिस समय ये लोग जुलूस निकालते हैं, तमाम तरह के पुराने और नये शस्त्रों से लैस होकर निहंग हाथियों और घोड़ों पर एक दूसरे पर रंग फेंकते हैं तो यहां का समा देखने वाला होता है। होला मोहल्ला में शौर्य, एकता, वीरता के रंग देखने को मिलते हैं। पंजाब और आसपास के राज्यों से लोग अपनी गाड़ियों और बाइक्स पर यहां शिरक्त करने पहुंचते हैं। जिस तरह पूरे सिक्ख समुदाय के लोग, दूसरों की सेवा के लिए हर समय तत्पर रहते हैं। श्रद्धालुओं के लिए तमाम रास्तों में उनके रहने और खाने की सेवा मुफ्त में दी जाती है। आनंदपुर साहब पंजाब के रूपनगर में स्थित है। अगर आप सड़क मार्ग से जाना चाहते हैं तो वाया चंड़ीगढ़ जा सकते हैं, यहां का निकटतम रेलवे स्टेशन नंगल है। ..तो फिर हो जाएं तैयार इस होला मोहल्ला में जाने के लिए, जहां ढोल की थाप पर अपनी वीरता का प्रदर्शन करते निहंग योद्धाओं, बच्चों, महिलाओं और पुरुषों की प्रतियोगिताओं में शामिल होकर इसका भरपूर मजा लिया जा सकता है। यहां सबको सेवा करने का मौका भी मिलता है। यदि आप सेवा करना चाहते हैं तो उनकी खाना पकाने वाली रसोईयों में भाग ले सकते हैं या किसी भी रूप में अपनी सेवा का दान करके पुण्य कमा सकते हैं।

## पाठक पाती

### शासकीय स्कूलों को पुनः अपनी पहचान मिले

70- 80 के दशक तक देश के अधिकांश नागरिक शासकीय स्कूलों में ही पढ़ते थे। उस समय शासकीय स्कूलों में पढ़कर ही लोग बड़े-बड़े पदों तक पहुंचते थे एवं अपना निश्चित मुकाम हासिल करते थे। पढ़ायी का माहौल भी बेहतर था। आज भी अगर सरकारी स्कूल के टीचरों को गैर शैक्षणिक कार्यों से दूर रखा जाए, टीचरों की पदपूर्ति मानकों के अनुरूप हो, बच्चों के सर्वांगीण विकास के सभी संसाधन उपलब्ध हों एवं अपने विषयों में पूर्ण प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति हो तो निश्चित ही अभिभावक बच्चों को सरकारी स्कूलों में भर्ती कराने के लिए प्रेरित होंगे एवं प्राइवेट स्कूलों का बढ़ता क्रेज समाप्त हो सकेगा। लोग प्राइवेट स्कूलों की भारी-भरकम फीस देने से बचेंगे। शासकीय स्कूलों को अपनी खोई हुई पहचान पुनः दिलाने के लिए समाजसेवियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं दानदाताओं को भी आगे आना चाहिए।

**ललित महालकरी, इंदौर**

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## बोले तो...



इस्लाम से भी पहले के ग्रंथों में संभल का उल्लेख है। संभल में श्री हरि विष्णु मंदिर को 1526 में तोड़कर नष्ट कर दिया गया था। संभल का उल्लेख 5000 साल पुराने ग्रंथों में किया गया है। उनमें भगवान विष्णु के भावी अवतार का उल्लेख है।

**-योगी आदित्यनाथ**



कुछ लोग, दोनों राजनीतिक पक्षों से, कई बार ऐसे बयान दे देते हैं, जो महाराष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए हानिकारक हैं। अतीत में राज्य के नेताओं ने हमेशा सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने का प्रयास किया है और यहां विभिन्न समुदाय शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व में रहे हैं।'

**-अजीत पवार**



अगर आईपीएल में मुझे कोई एक चीज़ बदलने का मौका मिलता, तो मैं हर तीन साल में खिलाड़ियों को रिलीज़ करने के नियम को बदल देता। भले ही इसके कुछ फायदे हों, लेकिन व्यक्तिगत रूप से आप उस जुड़ाव और रिश्ते को खो देते हैं, जिसे आपने सालों में बनाया होता है।

**-संजू सैमसन**

## कुछ अलग | अजब गजब

# इंसान के सीने में लगा दिया मशीन वाला दिल, 100 दिन तक चलती रहीं धड़कनें

सोचिये किसी इंसान का सीना चीरकर दिल निकाल लिया जाए और फिर उसकी जगह पर मशीनी दिल लगा दिया जाए। सुनने में किसी साइंस फिक्शन फिल्म जैसी बात लगती है। लेकिन इसे विज्ञान का चमत्कार ही कहेंगे कि सपने जैसी लगने वाली यह बात सच हो गई है। ऑस्ट्रेलिया के एक शख्स को इसी तरह टाइटेनियम का बना दिल लगा दिया गया था। वह शख्स इसी मशीनी दिल के सहारे 100 दिनों तक जिंदा रहा, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इस व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी गई है। उसकी उम्र 40 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। सिडनी के सेंट विंसेंट अस्पताल में नवंबर 2023 में हुए ऑपरेशन के दौरान यह कृत्रिम हृदय प्राप्त करने वाला पहला मरीज बना।

गंभीर हृदय विफलता से जूझ रहे इस मरीज को BiVACOR टोटल आर्टिफिशियल हार्ट नामक एक विशेष प्रकार के बल्ड पंप से जीवित रखा गया, जो टाइटेनियम से बना हुआ है। यह कृत्रिम हृदय उसे तब तक जीवन प्रदान करता रहा जब तक कि पिछले हफ्ते उसे डोनर हृदय प्राप्त नहीं हो गया।

**इस मशीनी दिल पर अब भी टेस्टगज**

सिडनी के सेंट विंसेंट अस्पताल, मोनाश यूनिवर्सिटी और BiVACOR (इस कृत्रिम हृदय को बनाने वाली



अमेरिकी-ऑस्ट्रेलियाई कंपनी) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, मरीज की स्थिति स्थिर है और वह तेजी से ठीक हो रहा है। डाक्टरों और वैज्ञानिकों के अनुसार, यह कृत्रिम हृदय हृदय रोगियों के लिए दीर्घकालिक समाधान बन सकता है। हालांकि, यह अभी परीक्षण के चरण में है और आम जनता के लिए उपलब्ध नहीं है। वहीं सर्जरी करने वाले कार्डियोथोरेसिक और ट्रांसप्लांट सर्जन डा. पॉल जांस्ज़ ने इसे "गेम-चेंजर" (क्रांतिकारी तकनीक) करार दिया।

**कैसे काम करता है यह मशीनी दिल?**

BiVACOR कृत्रिम हृदय मैग्नेटिक लेविटेशन तकनीक (Magnetic Levitation Technology) का उपयोग करता है, जो हाई-स्पीड ट्रेनों में इस्तेमाल की जाने वाली तकनीक के समान है। यह शरीर और फेफड़ों में रक्त पंप करने का कार्य करता है, जिससे हृदय के दोनों निलयों (Ventricles) को बदला जा सकता है।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# राजगढ़ नगर पालिका ईओ राकेश अरोड़ा सम्मानित

## अखिल भारतीय खत्री मोदी अरोड़ा समाज के राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय स्तर का सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राकेश अरोड़ा को जयपुर में सम्मानित किया गया है। माता हिंगलाज एवं वरुण देव चैरिटेबल ट्रस्ट तथा अखिल भारतीय खत्री मोदी अरोड़ा समन्वय समिति की ओर से उक्त सम्मान एक समारोह में नवाजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार जयपुर में आयोजित 12वीं राष्ट्रीय अधिवेशन तथा 17वें युवक युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन समारोह में जाने माने कथा वाचक बाल योगी विष्णु अरोड़ा के सानिध्य में उक्त आयोजन हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट विभूतियों का अभिनंदन किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवाएं तथा सेवा कार्य करने वाली चुनिंदा विभूतियों को आमंत्रित कर किया गया। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम मोदी तथा खत्री मोदी समाज राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र मोदी ने कहा कि राजगढ़ नगरपालिका अधिशासी अधिकारी ईओ राकेश अरोड़ा ने राजकीय सेवाएं दी वहां पर दायित्वों को इस प्रकार निभाया की आम जनता को उससे राहत मिली तथा हर वर्ग उससे प्रभावित रहा है। उसी उपलक्ष में अरोड़ा को यह राष्ट्रीय स्तर का यह सम्मान प्रदान किया गया है। इस राष्ट्रीय अधिवेशन में किरोड़ी वाल एवं मदन मोहन आचार्य स्वतंत्र पत्रकार को सेवाभावी मेडल एवं प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया है। समारोह को हाथोज धाम के महंत तथा हवा महल विधायक बालमुकुंद आचार्य ने भी वीडियो कांफ्रेंस के जरिए संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश और अन्य स्थानों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## स्कूल में होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजस्थान स्कूल में होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया एवं होली से जुड़े पारंपरिक गीतों पर नृत्य किया। प्रधानाचार्य अनिल शास्त्री ने बताया कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं बल्कि आपसी प्रेम व भाईचारे का पर्व है। इस दिन लोग पुराने गिले-शिकवे भुलाकर एक दूसरे को गले लगाते हैं और रंगों के साथ अपने रिश्तों को भी सुंदर बनाते हैं। विद्यालय निदेशक डॉ .दीपचंद साहू ने बताया कि होली एक लोकप्रिय प्राचीन हिंदू त्यौहार है जिसे बसंत का त्यौहार के रूप में भी जाना जाता है। यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस अवसर पर अंग्रेजी माध्यम प्रभारी पंकज मल, महेंद्र टुहानिया, पाल सिंह, सुखवीर, दशरथ, रणवीर, विक्रम, कांता जांगिड़, रूबी, विशाखा, पूजा, अर्चिता, नीतू शुक्ला, अनीता, सरिता, संतोष, सुनीता, सरोज, अंजू, प्रेम, प्रियंका आदि स्टाफ सदस्यों का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा।

# कृष्ण संग फूलों की होली ने कराए बृजभूमि के दर्शन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** फाल्गुनी बयार के बीच श्याम प्रेमी मातृ शक्ति ने राधा-कृष्ण को 110 किलो फूलों से होली खिलाते हुए बृज की होली का भाव जीवंत किया। अवसर था मंगलवार शाम ललिता देवी व्यास के आवास पर आयोजित फूलों की होली का जहां भव्य सुसज्जित पंडाल में गुलाब और मोगरे की महक के बीच सैंकड़ों महिलाओं ने भक्ति की मस्ती में नाचते-गाते हुए खूब आनंद बरसाया। पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष कुमार इंदौरिया द्वारा दीप प्रज्वलन से शुरू हुए कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अर्चना सारस्वत, सरस्वती देवी सिखवाल, सुनीता व्यास, राहुल, कुणाल, मोनिका, सुमन, लक्ष्य, सक्षम, पूर्णा व्यास आदि ने लड्डूगोपाल का पूजन कर कृष्ण राधा पर पुष्प वृष्टि की। छोटू राजस्थानी की गणेश वंदना से शुरू हुई भजन सरिता में कुलदीप व्यास ने खेलो खेलो संग हमारे कान्हा फूलों की होली और आज अवध में होरी रे रसिया जैसे भजनों की झड़ी लगाते हुए रसिक श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। छोटू राजस्थानी द्वारा प्रस्तुत मैंने मेहंदी रचाई रे कृष्ण नाम की और अमिता बैद की प्रस्तुति श्यामा आन बसों वृन्दावन में पर भी उपस्थित महिलाओं ने खूब तालियां बजाते हुए सुर में सुर मिलाए। उत्सव आयोजिका ललिता देवी व्यास ने श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में भजन के साथ इष्टदेव बालाजी महाराज को अपने भाव अर्पित किए। सुमन शर्मा, सीमा भाटी, जया शर्मा, मीरा सिंधी, कांता पचलंगिया, विनीता आदि ने सुमधुर भजनों से खूब रंग जमाया। कार्यक्रम में राजस्थान ब्राह्मण महासभा की भारती मुद्गल, मधु शर्मा, आशा गौड़, अन्नम भारद्वाज, अमिता मुद्गल आदि पदाधिकारियों का व्यास परिवार की ओर से दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर लीला देवी जोशी, सुमन बैद, सुशीला डागा, मीनाक्षी उपाध्याय, मंजू सोनी, ऊषा मिश्रा, सरला, चौधरी, देवकी चौधरी, मधु सिंधी, शकुंतला व्यास, सुप्यार चारण, मंजू व्यास निर्मला शर्मा, सुधा ताम्रायत , विमला शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

## शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत नष्ट करवाई दूषित मिठाई और चाशनी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** होली के त्यौहार पर आमजन को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे हैं। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा आयुक्त और जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.धर्म सिंह मीणा द्वारा गठित टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा टीम ने कार्यवाही करते हुए बुधवार मावा मंडी से तीन मावा तथा एक पनीर सहित कुल 4 नमूने लिए। साथ ही 200 किलोग्राम खराब चाशनी तथा 150 किलोगाम सुखी दूषित मिठाई को नष्ट करवाया। टीम द्वारा नमूने को जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाया जा रहा हैं जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा का अभिनंदन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा का बुधवार प्रातरू सुजानगढ़ के बाबा अखंडानाथ गींदड़ सेवा समिति द्वारा अभिनंदन किया गया। जिला कलक्टर सुराणा द्वारा चूरू जिले में विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, कला और प्रकृति संरक्षण के लिए अल्प समय में किये गये स्तुतिय प्रयासों के लिए उनका साफा, दुपट्टा व साहित्य भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही जिला कलक्टर को समिति ने सुजानगढ़ के लुहारा गाड़ा परिसर में आयोजित गीदड़ महोत्सव में भी आमंत्रित किया हैं। प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलक्टर को बाबा अखंडानाथ गींदड़ सेवा समिति द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों के सम्बन्ध में भी जानकारी दी। प्रतिनिधि मण्डल में समिति के समिति के अध्यक्ष खड़गसिंह बांठिया , उपाध्यक्ष दिनेश तंवर, सांस्कृतिक सलाहकार अनिल मिश्रा और मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा शामिल थे।

# आयुष टीम का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र सांखू फोर्ट स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजकीय होम्योपैथिक औषधालय में राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत 10 से 12 मार्च तक तीन दिवसीय आयुष टीम आशा, एएनएम, कम्पाउडर का आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ जिसमें प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन कुमार बेनिवाल के सानिध्य में ब्लॉक से डॉ संदीप प्रेमी, डॉ पूनम गेदर एवं एल ए हनुमानसिंह ने आयुष मिशन का सैद्धांतिक व व्यवहारिक,सी बेक फॉर्म, पारिवारिक डेटा प्रशिक्षण प्रदान करते हुये अभियान को जनसामान्य तक पहुंचाकर सफल बनाने का आह्वान किया। सभी प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक फीडबैक प्रदान करने का संकल्प लिया । सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। आयुष हेल्थ वैलनेस सेन्टर के योग प्रशिक्षक नरेन्द्र कुमार ने भागदौड भरी जिंदगी में नियमित योग की वैज्ञानिकता, सार्वभौमिक प्रमाणिकता पर बल देकर योग गीतिका प्रस्तुत की तथा सराहनीय सहयोग प्रदान किया।

# महत्वपूर्ण प्रदर्शन सूचकांकों पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता : जिला कलेक्टर




**धौलपुर।** नीति आयोग भारत सरकार के आशान्वित जिला कार्यक्रम की जिला स्तरीय समिति की बैठक जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में आयोजित की गई। बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आशान्वित जिला कार्यक्रम के विभिन्न क्षेत्रों के इंडिकेटर्स की प्रगति पर चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी सूचकांकों में प्रगति दर्ज किये जाने के साथ-साथ महत्वपूर्ण केपीआई पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, वित्तीय समावेशन, कृषि से संबंधित विभिन्न संकेतकों पर विस्तारपूर्वक सूक्ष्म समीक्षा की। जिला कलक्टर ने कम प्रगति वाले संकेतकों में आगामी समय में और सुधार किए जाने हेतु भी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद आव्हाद निवृत्ती सोमनाथ, मुख्य आयोजन अधिकारी भरत राव,सांख्यिकी अधिकारी मनोज कुमार सिंघल सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी, एबीपी फैलो अंकिता भूपारिया सहित अन्य उपस्थित रहे।


**आपूर्ति, स्थापना और प्रवर्तन आदि के लिए टर्नकी अनुबंध**

**ई-निविदा संख्या: Mech-LMG-ET-19-2024-25, दिनांक:**10-03-2025; निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। **कार्य का नाम:** बीओओटी (बिल्ड-ओन-ऑपरेट-ट्रांसफर) मॉडल के तहत 10 साल की अवधि के लिए बदरपुर में मैकेनाइज्ड लांड्री के साथ संबंधित बुनियादी ढांचे और परिचालन के साथ-साथ संयंत्र और उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना और प्रवर्तन आदि, बदरपुर रेलवे स्टेशन पर कोचों से गंदे लिनन का संग्रह और बदरपुर रेलवे स्टेशन पर कोचों में धुले लिनन की लोडिंग के लिए टर्नकी अनुबंध। **कार्य की अनुमानित कुल लागत :** ₹61,37,27,609.65/-; **कार्य का वार्षिक मूल्य :** ₹6,13,72,760.96/-; **अग्रिम राशि:** ₹32,18,600/-; निविदा के **बंद** करने की तिथि और समय **01-04-2025** को **15:00** बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी।

**सीनियर डीएमई, लामडिंग**

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियांत्रिकी कार्य**

**ई-निविदा सूचना सं. 12 of 2025; दिनांक: 10-03-2025।** निम्नलिखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.:** डीसीईएसटीएमएलजी-14-2025। **कार्य का नाम एवं स्थान:** (ए) नामबाड़ी में- गोशाला कॉलोनी में सीनियर इंस्टीट्यूट का नवीकरण। (बी) नामबाड़ी में- गोशाला कॉलोनी में कम्युनिटी हॉल का संपूर्ण नवीकरण तथा कम्युनिटी हॉल से संलग्न मालीबागान फील्ड का विकास। निविदा मूल्य: ₹3,30,71,932.52; धरोहर राशि: ₹3,15,400.00। **निविदा सं.:** डीसीईएसटीएमएलजी-15-2025। **कार्य का नाम एवं स्थान:** (ए) पू. सी. रेल मुख्यालय कार्यालय- केंद्रीयकृत शौचालय ब्लॉक का विकास और लाइटिंग की व्यवस्था के प्रावधान के साथ चारदीवारी को ऊंसा करना। (बी) मालीगांव में- पीसीएमएम कार्यालय का उन्नयन, कॉन्फ्रेंस हॉल का निर्माण तथा फर्नीचर। निविदा मूल्य: ₹2,72,34,075.12; धरोहर राशि: ₹2,86,200.00। **ई-निविदाएं** 02-04-2025 को 13.00 बजे **बंद होंगी** और 02-04-2025 को 13.00 बजे **खुलेंगी**। विवरण के लिए www.ireps.gov.in पर पधारें।

**उप मुख्य अभियंता/एस्टेट, मालीगांव**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# धमाल के गीतों पर झूमे अग्रसेन नगरवासी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अग्रसेन नगर में अग्रसेन र्स्पोटस क्लब की ओर से आयोजित होली धमाल का जनार्दन आचार्य ने पूजा-अर्चना कर गणेशजी महाराज के गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। समिति के मदन राजपुरोहित व स्पोर्टस कलब के अध्यक्ष सीताराम खरोड़ ने बताया कि होली के धमाल कार्यक्रम में अग्रसेन नगरवासियो ने खेले होली गीतों पर देर रात्रि जक थिरते रहे। इस अवसर पर महिलाएं व पुरुष ने धमाल के गीत गाए। इससे पुर्व हनुमान सिंह शेखावत, विमल भटनागर, शुभकरण शर्मा, प्रमेश्वर शर्मा, महेन्द्र शर्मा, जगदीश खेडीवाल, हुकमीचन्द गौड, रामोतार मेहला, सोहन लाल, ओम इन्दोरिया को क्लब के विकाश सोनी, विपिन कस्वा, अभिषेक पाठक, प्रमोद गौड़, बजरंग हर्षवाल, राजेन्द्र शर्मा, मनिष हारित राजेन्द्र राठौड़, शैलेन्द्र सोनी, जितेन्द्र गिरदावर, राकेश, सुभाष, सुमेर स्वामी व कमल आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन डॉ.रविकांत शर्मा ने किया।

# रबी दलहन फसल प्रबंधन पर दी जानकारी




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान क्षेत्रीय केन्द्र बीकानेर द्वारा आयोजित एकदिवसीय एससी एसपी के तहत रबी दलहन फसल प्रबंधन विषयक प्रशिक्षण सत्र कृषि विज्ञान केंद्र, पोकरण पर आयोजित किया गया। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ दशरथ प्रसाद ने बताया कि विश्व दलहन उत्पादन के करीब 36 फीसदी रकबे के साथ भारत दुनिया का सबसे बड़ा दलहन उत्पादक देश है, मगर अफसोस कि फिर भी हमें दलहनी फसलों को भारी मात्रा में विदेशों से आयात करना पड़ रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्रीय केन्द्र बीकानेर के डॉ बनवारी लाल ने बताया की जैसलमेर जिले में दलहनी फसलों की उन्नत तकनीक को अपनाकर अधिक पैदावार एवं मुनाफा कमाया जा सकता है विशेष रूप से उन्नत किस्म का चुनाव, बुवाई का सही समय एवं समन्वित रूप से खाद उर्वरक एवं बीमारियों का प्रबंध करके कम पानी वाली क्षेत्र में भी अधिक उत्पादन लिया जा सकता है रबी मौसम में दलहनी फसलों, जैसे चना, मसूर, और मटर, की खेती से किसान अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। उन्नत बीजों का चयन करें और सही समय पर बुवाई करें। मृदा परीक्षण से पोषक तत्वों की कमी को पूरा करें और उचित कृषि प्रबंधन अपनाएं। दलहनी फसलों का खास महत्त्व इन के पोषण मूल्य को ले कर है। प्रसार वैज्ञानिक डॉ राजेश बिश्नोई ने प्रोसेसिंग और वैल्यू एडिशन के बारे में किसानों को जानकारी दी।


**नाशिक महानगरपालिका, नाशिक**

**सार्वजनिक बांधकाम विभाग**

**ई-निविदा सुचना क्र. २१ (सन २०२४-२५)**

नाशिक महानगरपालिका, नाशिक सार्वजनिक बांधकाम विभागाच्या **१२** कामांची ई-निविदा सुचना क्रमांक २१ (सन २०२४-२५) दिनांक १३/०३/२०२५ पासुन दिनांक २१/०३/२०२५ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपावेतो मा.शासनाचे www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दिसेल. निविदा स्विकृतीची अंतिम दिनांक २१/०३/२०२५ राहील.

**टीप** – यापुढील सर्व आवश्यक सुचना / शुध्दीपत्रक हे Online website वर प्रसिध्द करणेत येतील.

| **Sdxxx** | **Sdxxx** |
|---|---|
| **शहर अभियंता** | **आयुक्त तथा प्रशासक** |
| **नाशिक महानगरपालिका, नाशिक** | **नाशिक महानगरपालिका, नाशिक** |

जनसंपर्क/जा.क्र/३८४/२०२५/दि.१२/०३/२०२५ "पर्यावरण बचे, तो प्राण बचे ।"


# सांसद कस्वां लोकसभा में बोले ओलावृष्टि से हुए नुकसान का किसानों को मिले पूरा मुआवजा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सांसद राहुल कस्वां ने बुधवार को लोकसभा में शून्यकाल के अंतर्गत चूरू लोकसभा सहित उत्तर-पश्चिम राजस्थान में हुई भयंकर ओलावृष्टि से किसानों की रबी की फसलों के नष्ट होने का मुद्दा उठाते हुए मुआवजे की मांग की। सांसद कस्वां ने अपने सम्बोधन में कहा कि भयंकर ओलावृष्टि से किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई। सालों साल से इतनी भारी ओलावृष्टि देखने को नहीं मिली। चूरू संसदीय क्षेत्र की तहसील सादुलपुर, तारानगर, नोहर व भानीपुरा सहित कई इलाकों में किसानों का बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। नुकसान के आंकलन हेतु स्पेशल गिरदावरी तो शुरू हो चुकी है, लेकिन स्पेशल गिरदावरी केस की सबसे बड़ी समस्या यह है कि गाइडलाइंस में 2 हैक्टेयर की कैपिंग लगा रखी है यानि कि 2 हैक्टेयर से अधिक के नुकसान की भरपाई नहीं की जायेगी। अत: सरकार ये 2 हैक्टेयर कैपिंग को हटाए; क्योंकि राजस्थान क्षेत्रफल में बड़ा प्रदेश है और प्रति किसान लगभग 6-7 हैक्टेयर कृषि भूमि है। अतः इन कैपिंग वाली गाइडलाइंस को हटाकर सभी किसानों को पूरे नुकसान का मुआवजा दिया जाये। साथ ही एसडीआर एफ व एनडीआरएफ की गाइडलाइंस में प्रति किसान मात्र 17 हजार नुकसान की भरपाई हेतु मुआवजा राशि देने का नियम भी बंद किया जाए; क्योंकि किसानों के एक हैक्टेयर में लाखों की फसलें उत्पादित होती हैं। राजस्थान जैसे प्रदेश में हमारा वो इलाका है जहां मौसम आधारित खेती हमारा किसान करता है। अत: किसानों का नुकसान जो हुआ है उसकी पूरी तरह से भरपाई करने हेतु मुआवजा राशि दी जाये। इसके अलावा सांसद कस्वां ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की गाइडलाइंस में बदलाव की मांग की। उन्होंने कहा कि पहले योजना की गाइडलाइंस में था कि यदि किसान की फसल खड़ी हुई हो या काट ली हो और उस स्थिति में यदि किसान को नुकसान होता है तो व्यक्तिगत नुकसान के अंतर्गत उसे बीमा क्लेम दिया जायेगा, लेकिन 2023 में इस योजना की गाइडलाइंस में बदलाव कर खड़ी फसल के नुकसान को बाहर कर दिया गया है जो किसान हित्तों के खिलाफ है। अतः सरकार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पहले की तरह खड़ी व कटी हुई फसलों के खराबे की स्थिति में व्यक्तिगत नुकसान में शामिल करे। खड़ी फसल पर ओलावृष्टि या अन्य किसी आपदा से नुकसान होता है तो उसका भी बीमा क्लेम/मुआवजा दिया जाना सुनिश्चित करे; ताकि किसानों का अहित्त न हो।

# जिला कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भेंट किए बर्तन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में भामाशाह बाबूलाल जैन ने आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए बर्तन भेंट किए गए। कार्यक्रम में भामाशाह को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग उपनिदेशक नरेन्द्र शेखावत ने विभाग की ओर से दी जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में शिवराज सिंह , सीडीपीओ शहर चन्द्रकला, मनोज पारीक व भजनलाल आदि उपस्थित रहे।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना संख्याः एनसीआर-सीएच-एलपी-2025** **दिनांक : 10.03.2025**

**ई-निविदा सूचना**

चिकित्सा निदेशक, केंद्रीय अस्पताल प्रयागराज, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, **28.03.2025 को 13.00 बजे** तक निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र पर दो पैकेट प्रणाली द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। निविदा का विवरण इस प्रकार हैः-

| | |
|---|---|
| **निविदा संख्याः**एनसीआर-सीएच-एलपी-2025 | **कार्य की अनुमानित लागत(₹):** ₹5,03,55,900.00 |
| **कार्य का नामः** उत्तर मध्य रेलवे केन्द्रीय चिकित्सालय, प्रयागराज में वर्ष 2024-2026 (दो वर्ष) की अवधि के लिए दवाइयों एवं शल्य चिकित्सा वस्तुओं की खुदरा आपूर्ति हेतु नए पंजीकरण। | |
| **बयाना राशि ₹ :** ₹ 10,07,120.00 | **पूर्णता अवधि :** 24 माह |
| **निविदा खुलने की तिथि :** 28.03.2025 | |

**नोटः (1)** सभी निविदाकर्ताओं को ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किया जाएगा। **(2)** निविदा प्रस्ताव दो पैकेट प्रणाली अर्थात (i) तकनीकी बोली (ii) वित्तीय बोली के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा। **(3) उपरोक्त ई-निविदाओं की निविदा दस्तावेज सहित पूरी जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर निविदा खुलने की नियत तिथि अर्थात 28.03.2025 को 13:00 बजे तक उपलब्ध है। (4)** उपरोक्त निविदाओं के लिए ई-बोली के अलावा अन्य बोलियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। इस प्रयोजन के लिए, विक्रेताओं को आईटी अधिनियम-2000 के तहत सीसीए द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ आईआरईपीएस वेबसाइट पर खुद को पंजीकृत कराना आवश्यक है। **(5)** वितीय दर पृष्ठ पर दर्ज की गई और विधिवत डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित दरों पर विचार किया जाएगा। यदि विक्रेताओं द्वारा किसी अन्य फॉर्म / लेटर हेड में दरें और कोई अन्य वितीय इकाई संलग्न की जाती है, तो उसे सीधे नजरअंदाज कर दिया जाएगा और उस पर विचार नहीं किया जाएगा। **(6)** यह निविदा सूचना **http://www.ncr.indianrailways.gov.in** पर भी अपलोड की गई है। **(7)** किसी भी कठिनाई के मामले में आईआरईपीएस की वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्पडेस्क से संपर्क किया जा सकता है। **(8)** निविदा ऑनलाइन दिनांक 28.03.2025 को 13.00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **466/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# होली के रंगों में सराबोर हुए विद्यार्थी

## स्कूलों में विद्यार्थियों ने खेली होली, उड़ाया गुलाल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** शहर समेत जिलेभर में होली के एक दिन पहले बुधवार को स्कूलों के बच्चों ने एक दूसरे को रंगा लगाकर होली खेली। स्कूलों के बच्चों ने खूब अबीर गुलाल उड़ाया। स्कूलों के बच्चों ने घर जाते समय एक दूसरे को गुलाल लगाया और होली की शुभकामनाएं दी। स्कूलों के बच्चे काफी देर तक एक दूसरे को रंग लगाते रहे। जिला मुख्यालय के आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक सिरोही में होली का त्योहार मनाया । प्रचार प्रसार प्रमुख कैलाश कुमार ने बताया कि विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य राजेश त्रिवेदी ने होली त्योहार का महत्व बताया। इस पर्व में सभी भैया व आचार्य जी ने एक साथ उत्साह पूर्व होली का रंग लगाकर त्योहार मनाया। वहीं सिरोही पब्लिक स्कूल में होली उत्सव धूमधाम से म नाया गया। विद्यार्थियों ने शिक्षकों व प्राचार्य के साथ मिलकर रंगों के त्यौहार का आनन्द लिया। प्रधानाचार्य श्रीमती रेणुलता व्यास ने कहा होली सिर्फरंगों का त्यौहार नहीं बल्कि भाईचारे और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। बच्चों ने गुलाल लगाकर एक.दूसरे को बधाई दी। श्रीमती व्यास ने होलिका दहन का महत्व बताया। और केमिकल वाले रंगों से होली नहीं खेलने का संदेश दिया। सुनिता माथुर, सीमिता गोयल, धर्मेन्द्रसिंह, प्रीति पंवार, राजेन्द्र कुमार, जितेशसिंह राव, हर्षलता परमार, नसरीन बानो, उर्मिला, राज राठौर, संध्या त्रिवेदी, नीलम माली, मोहितसिंह, श्रीकांत मिस्त्री, प्रियंका देवड़ा व अमित माली उपस्थित रहे।



**मंडार।** आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक में होली का त्यौहार मनाया गया। विद्यार्थियों ने एक दूसरे को रंग लगाकर सभी को होली की बधाई दी। संस्था प्रधान गमनाराम कुम्हार ने बताया कि होली का त्योहार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है एवं इसके दूसरे दिन धूंलड़ी मनाई जाती है। प्राथमिक प्रभारी रमेश कुमार चौधरी, आचार्य महेंद्र कुमार अवस्थी, मुकेश दर्जी, कांतिलाल, जीतू भाई माली, सुरेश कोली,योगेश रावल,जितेंद्र कोली, वजाराम, प्रकाश कुमार, सोनाराम, कैलाश कुमार, वालाराम, प्रिंश जोशी, विनोद कुमार, युवराजसिंह, जयंतीलाल, राजू देवासी, पुष्पा कंवर, काजल रावल, वर्षा पंचाल, नीता कुमारी, मेघा वैष्णव, चंद्रिका कुमारी, रमिला कुमारी उपस्थित थे।





**शिवगंज।** मॉडर्न डिफेन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्टाफ ओर बच्चों फागोत्सव मनाया। संस्था निदेशक नरेंद्रसिंह राजपुरोहित ने बताया कि होली अवकाश के पूर्व स्कूल मे फागोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों एवं स्टाफ ने गुलाल से होली खेली। बच्चों ने नृत्य भी किया। सहायक निदेशक भानुप्रतापसिंह राजपुरोहित, हॉस्टल के निदेशक जगजीतसिंह राजपुरोहित ने सभी को होली की बधाई दी। उधर, केशव एंग्लो वैदिक स्कूल में स्टाफ ओर बच्चों ने मिलकर फागोत्सव मनाया। संस्था निदेशक संस्था प्रधान विजय मोहन झा ने बताया कि महोत्सव में बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। सभी ने एक दूसरे को खुशी के रंगों में रंगा।



**सरूपगंज।** आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को होली फागोत्सव मनाया गया। प्रधानचार्य प्रकाशचंद्र पुरोहित एवं प्रभारी अचलाराम ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उत्सव प्रमुख सुरेश कुमार घांची एवं रोहित कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्रत्येक कक्षा से भैया बहिनों ने होली से संबंधित प्रसंग, गीत, कविता एवं कहानी प्रस्तुत की। कार्य म की समाप्ति में सभी भैया बहिनों ने एक दूसरे के गुलाल से तिलक लगाकर रंगोत्सव की शुभकामनाएं दी।





**दांतराई।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में रंगों के पावन पर्व होली को मनाया गया। बालिकाओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां दी। बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत गैर नृत्य कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यालय स्टाफ द्वारा होली के त्यौहार मनाने की पौराणिक मान्यताओं को बताया गया।

**आबूरोड़।** गोविंदनंद आदर्श विद्या मंदिर गोविंदधाम आबूरोड में छात्र-छात्राओं का रंगोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया। विद्यार्थीयों ने होली सभा में गीत कविता और प्रेरक प्रसंग के द्वारा होली की महत्वता उसको समझाया। सभी ने एक दूसरे की गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इसी तरह स्वामिनारायण विद्यालय में होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने एक दूसरे पर रंग डालकर होली की बधाई दी। बच्चों को धुलंडी खेलते समय किन किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। इनकी भी जानकारी दी गई।





## होली स्नेह मिलन समारोह 22 को



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजपुरोहित समाज भवन में बुधवार को राजपुरोहित समाज विकास संस्थान की बैठक लालसिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें होली स्नेह मिलन की रुपरेखा तय कर शहर राजपुरोहित परिवारों के लिए समारोह राजपुरोहित समाज भूमि गोयली रोड पर शनिवार शाम को आयोजित करने का निर्णय लिया। समारोह में महिलाओं की अत्यधिक भागीदारी हो। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। यह पर्व हम सबको उत्साह व खुशिया प्रदान करता है। होली पर्व हम सबको एक होकर रहने का संदेश देता है।

**राजपुरोहित समाज विकास संस्थान करेगा आयोजन**

### चार माह लगेगी प्याऊ

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बस स्टैण्ड के सामने शीतल जल की प्याऊ लगाई जाएगी। आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए यात्रीयों व राहगीरों के लिए अतिशीघ्र शीतल जल प्याऊ का संचालन चार महीनो के लिए शुरु किया जायेगा। अशोक पुरोहित, बीटी पुरोहित, पुखराज पुरोहित, एडवोकेट अशोक पुरोहीत, मनोज पुरोहित, ईश्वर, शैलेश पुरोहित, दलपत पुरोहित, प्रकाश आमलारी, राजेश पुरोहित, रणछोड़, हितेश, एडवोकेट दिनेश पुरोहित, हॉस्टल वार्डनर रतन राजगुरु, शोभाग्यचंद्र आदि मौजूद थे।

## 'गौ माता की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं '



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरूपगंज।** गणेश युवा सेवा संगठन के सदस्यों ने काछोली गौशाला में मंगलवार को गायों को 200 किलो हरी सब्जी खिलाई। संघठन के सदस्य रणजीत जीनगर ने बताया कि इस मौके पर महंत भजनाराम, साध्वी संतोष कंवर का सानिध्य रहा। वानर सेना को पोष्टिक हरी सब्जियां वह केले खिलाए। जितेन्द्र बासफोड़, प्रिंस प्रजापत, दीपक कलावत, मदनदान, अविनाश, आकाश सिंधी, सक्षम मोहरेशा, तन्मय गर्ग, नारायण एवं गंगाराम ने सहयोग किया।

## बाइक व मोबाइल चोरी की वारदात का खुलासा, एक गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** रीको पुलिस ने बाइक व मोबाईल चोरी की वारदात का खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह ने बताया कि 6 फरवरी की शाम को चुलियाफली सुरपगला निवासी सोमाराम गरासिया उसकी मोटरसाईकिल लेकर खादराफली में आयोजित जागरण कार्यक्रम देखने गया था। कार्यक्रम के पास बाइक खड़ी की उसमें मोबाइल भी रखा था। थोड़ी देर बाद बाहर आकर देखा तो बाइक गायब थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर गई। टीम ने कई स्थानों पर जांच करने पर आरोपी जलोइयाफली सियावा निवासी अशोक कुमार पुत्र सोमाराम गरासिया को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की मोटरसाईकिल व मोबाईल बरामद किया गया। कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक भवानीसिंह, मांगीलाल, शम्भूसिंह, पवनसिंह, एवं मीठालाल का सहयोग रहा।

# हर माह आधार केन्द्रों का करें निरीक्षण: अल्पा चौधरी

## जिलास्तरीय आधार मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला इ गवर्नेंस सोसायटी एवं जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग कमेटी (डीएलएएमसी) की बैठक जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के वीसी भवन में आयोजित की गई। जिसमें जिले में संचालित विभिन्न ई-गवर्नेंस परियोजना यथा ई-मित्र, ई-मित्र प्लस, आधार परियोजना, राजनेट, एफटीटीएच सुरक्षा, निगरानी तंत्र के रूप विकसित अभय कमाण्ड परियोजना, लाडली सुरक्षा योजना एवं अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। सोसायटी के सचिव गोविन्द टी चौधरी ने वर्ष 2023-24 का वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। सचिव द्वारा ई-गवर्नेंस तहत विभागीय योजनाओं एवं प्रगति से सभा में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया। ई-मित्र दर सूची बैनर इत्यादि संबंधित चर्चा में अनियमितता करने वाले ई-मित्र कियोस्कों पर अध्यक्ष ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रोग्रामर नेहा राठौड़ द्वारा बैठक एजेण्डा अनुसार पीपीटी के माध्यम से जिले की आधार संबंधित गतिविधियों एवं सेवाओं की जानकारी कमेटी के समक्ष प्रस्तुत की गई। बैठक में कोषाधिकारी अल्का सिंह, अधीक्षण अभियंता डिस्कॉम हेमेन्द्र जिंदल, सहायक अभियंता जलदाय विभाग, अशोक कुमार मीणा, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी महेंद्र सिंह कच्छवाहा, जिला रसद अधिकारी तेजसिंह मेडतिया, मुख्य आयोजना अधिकारी राजेश वर्मा, पॉलिटेकनिक कॉलेज के प्रवक्ता निलेश शर्मा एवं ज्ञान वर्धन, बीएसएनएल के जेटीओ उमेश मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) मृदुला व्यास, उप निदेशक महिला बाल विकास सोमेश्वर देवड़ा आदि मौजूद थे।

### तीन वर्ष तक के बच्चों के बढ़ाए आधार नामांकन

जिला कलेक्टर की ओर से ओवरचार्जिंग एवं अनियमितताओं की रोकथाम के लिए सभी आधार केन्द्रों पर रेट लिस्ट बैनर हिन्दी भाषा में चस्पा करवाने एवं प्रतिमाह अपने अधीन कुल आधार केन्द्रों का कम से कम 5 प्रतिशत केंद्रों पर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर द्वारा जिले के मुख्य चिकित्सालयों में सीईएलसी आधार किट के माध्यम से 0-3 वर्ष के बच्चों के आधार नामांकन बढ़ाने के निर्देश दिए। यूआईडीएआई प्रबंधक आशुतोष ने कहा कि जिले में आधार का मेण्डेट्री आधार अपडेट किया जाना आवश्यक है। इसके लिए जिला कलेक्टर द्वारा 5 वर्ष से 15 वर्ष तक के बच्चों के आधार सस्पेन्ड ना हो इसके लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अद्यतन करवाने के निर्देश दिए। पीएमश्री एवं महात्मा गांधी विद्यालयों के अधीन संचालित बाल वाटिका के विद्यार्थियों के नवीन आधार नामांकन के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग की 05 आधार मशीन एवं शिक्षा विभाग के अधीन उपलब्ध 10 आधार मशीनों को संचालित करने के निर्देश दिए।

### ग्रामीण क्षेत्रों में इमित्र कियोस्क खोले

पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने कहा कि ई-मित्र संचालकों के लिए वित्तीय व्यवहारिकता बनाए रखने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंख्या के अनुपात में सीमित संख्या में ई-मित्र कियोस्क खोले। साथ ही आम जन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों यथा बिजली विभाग, जलदाय विभाग, समाज कल्याण विभाग, नगर पालिका इत्यादि में ई-मित्र केन्द्र स्थापित किये जाने संबंधित चर्चा की गई।

# एवीएम पाठशाला के साथ संस्कारों के बीजारोपण की पौधशाला भी है: संजीव कुमार

## हर्षोल्लास से मनाया वार्षिकोत्सव अभ्युदय

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** गोविन्दानन्द आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक गोविन्दधाम में वार्षिकोत्सव अभ्युदय 2025 का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि प्रमोद ओरिया, कार्यक्रम अध्यक्ष सुकेश गोयल, विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण, मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जालोर विभाग के विभाग प्रचारक संजीव कुमार, विद्या मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष मधुसुदन सर्राफ, आदर्श शिक्षा समिति जिला उपाध्यक्ष मदनलाल गर्ग एवं जिला सचिव लकाराम चौधरी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य दीपसिंह हर्षवाडा ने अतिथियों का स्वागतकर वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विद्यालय की बेहतर प्रतिभाओं का अतिथियों ने सम्मान किया। मुख्य वक्ता संजीव कुमार ने कहा कि विद्या भारती विद्यालय पाठशाला के साथ संस्कारो के बीजारोपण की पौधशाला है। यहा व्यक्तित्व विकास, शिष्टाचार, आचार- विचार एवं देश व समाज के राष्ट्रभाव से ओतप्रोत मानव का सर्जन करती है। प्रबन्ध समिति के सरंक्षक अजय कुमार जैन एवं भरत शाह, कपूचन्द अग्रवाल,सतीशचन्द्र पुरोहित, संजय झवेरी, नेमीचन्द अग्रवाल, डा नितेश बंसल, मुकेश अग्रवाल, प्रफूल्ल भारद्वाज व विद्या मंदिर के प्राथमिक प्रभारी ललित रावल आदि मौजूद थे।






# तीन दिवसीय योग शिविर सम्पन्न

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड़।** आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से विद्यालय में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। कोडिनेटर एवं शिक्षिका संगीता अग्रवाल ने बताया कि शिविर में विद्यार्थियों को सुदर्शन किक्रया और ध्यान के माध्यम से श्वास लेने की एक प्रकिया सिखाई गई। जिससे बच्चों की स्मरण शक्ति बढ़ती है। विद्यालय की प्रधानाचार्य कल्पना शर्मा ने आभार जताया। स्वरिका, रूपाराम, हीरसिंह, जगदीश चन्द्र जीनगर, रमलाराम, भंवरलाल परमार का सहयोग रहा।




## नाली के अभाव में सड़क पर फैल रहा गंदा पानी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** जिले को साफ सुथरा बनाने के लिए प्रदेश की ओर से कई योजनाओं का संचालन किया जाता है। लेकिन, धरातल पर काम नहीं होने से स्वच्छता की योजनाएं कागजों में दबी रहती है। खंदारा गांव में कुछ ऐसा नजारा रोजाना बन रहा है। गांव की गलियों में घर से निकलने वाले पानी के लिए जलनिकासी नाली का निर्माण नहीं होने के कारण घरों से निकलने वाला पानी पूरे दिन सड़कों पर पड़ा रहता है। इससे घरों में मच्छरों की भरमार होने के साथ साथ लोगों के आवागमन में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# सीएलजी बैठक में कई मुद्दों पर की चर्चा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को सीएलजी बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शहर एवं ग्रामीण सदस्यों ने भाग लिया। भाजपा नगर मंडल महामंत्री हरेंद्रसिंह शहर में स्पा की आड़ में चल रही वेश्यावृत्ति पर अंकूश लगाने की मांग की। उन्होंने रेलवे स्टेशन के आस पास खुलेआम जुआ की पर्ची काटते, महिलाओं द्वारा कच्ची शराब की बेचने पर कार्रवाई नहीं करने का विरोध जताया। उन्होंने हाल ही में प्रशासन द्वारा बजरी का कारोबार करने वाले गरीब आदिवासी मजदूरों की धरपकड़ का विरोध जताते हुए कहा कि आबूरोड में बजरी माफिया के नाम से कोई नहीं है। बजरी का काम यहां के आदिवासी व गरीब वर्ग के लोग करते हैं। ऐसे में इन लोगों को बजरी खनन की एक सीमित छूट दी जाए। ताकि, यह गरीब लोग अपने परिवार का पालन पोषण कर सके।



# कुचामन सिटी में लगेगा राजसखी मेला, महिला सशक्तिकरण को मिलेगा बढ़ावा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** डीडवाना-कुचामन जिले में राजसखी मेला 2025 का आयोजन 17 मार्च से 23 मार्च तक किया जाएगा। यह सात दिवसीय मेला पंचायत समिति परिसर, कुचामन सिटी में आयोजित होगा। इस मेले का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण और राजीविका स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देना है। मेले में विभिन्न प्रकार के उत्पादों की बिक्री और प्रदर्शनी के साथ-साथ महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएंगी।

**मेले की प्रमुख विशेषताएं :** राजसखी मेले में 46 विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें हस्तशिल्प, गृह सजावट, हस्तनिर्मित परिधान, जैविक उत्पाद, कुटीर उद्योग से जुड़े सामान और अन्य घरेलू उपयोगी वस्तुएं शामिल होंगी। इसके साथ ही, एक विशेष फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पूरी तरह से हाइजीनिक भोजन उपलब्ध रहेगा। इसके अलावा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। खेल प्रतियोगिताएं, स्टॉल सजा प्रतियोगिता और अन्य मनोरंजक गतिविधियाँ मेले को और आकर्षक बनाएंगी।

**प्रशासन द्वारा की जा रही विशेष तैयारियां :** जिला प्रशासन, नगर परिषद और अन्य विभागों को मेले के सफल आयोजन हेतु जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उपखंड अधिकारी, कुचामन सिटी को मेला स्थल पर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। नगर परिषद, कुचामन सिटी द्वारा अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था, होर्डिंग्स एवं बैनर लगाने का कार्य किया जाएगा। चिकित्सा विभाग द्वारा मेला स्थल पर आवश्यक चिकित्सा सुविधाएँ और एंबुलेंस उपलब्ध करवाई जाएगी। पुलिस विभाग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद रहेगा और यातायात का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करेगा।

**शिक्षा विभाग को विद्यालयों और कॉलेजों में मेले के प्रचार :** प्रसार का कार्य सौंपा गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस आयोजन में भाग लें। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग भी मेले को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार करेगा।

**मेले में आम जनता की भागीदारी होगी महत्वपूर्ण :** राजसखी मेले का उद्देश्य केवल उत्पादों की बिक्री तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्थानीय महिलाओं और ग्रामीण उद्यमियों को एक मंच प्रदान करेगा, जहाँ वे अपने हुनर और मेहनत को प्रदर्शित कर सकें। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और आम जनता की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण होगी।

**समापन समारोह और विजेताओं को मिलेगा सम्मान :** मेले के अंतिम दिन स्टॉल सजावट प्रतियोगिता, खेल प्रतियोगिताओं और अन्य कार्यक्रमों के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन जिले में महिला सशक्तिकरण और आर्थिक समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

## चार महीने के प्रवास के बाद शहर के संत बम-बम बाबा लौटे



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी उपखंड पर शहर के तुलसीवन रोड़ स्थित बम-बम बाबा आश्रम पर 4 महीने के भृमण के बाद संत बम बम बाबा के लौटने पर श्रद्धालुओं और शहर के लोगों द्वारा उनका स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान मानस भवन बम बम बाबा आश्रम पर आयोजित कार्यक्रम में बम बम बाबा ने कहा कि गुरुवार से होली का त्यौहार मनाया जाएगा। यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है,ऐसे में हमें अपने व्यसनों को त्याग कर त्योहार मनाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित अपने शिष्यों और श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि होली के त्योहार पर रंगों की बौछार ना कर लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाने का प्रयास करें। बम बम बाबा पिछले 4 महीने से देश भ्रमण पर निकले हुए थे। इस दौरान वे उड़ीसा, कोलकाता और महाकुंभ में भी डुबकी लगाने पहुंचे। उन्होंने 4 महीने के अपने देश भ्रमण के दौरान अपने शिष्यों को संदेश भी दिया। होली के त्योहार से ठीक एक दिन पहले अपने आश्रम में पहुंचने पर जहां उनके श्रद्धालुओं को अपार खुशी हुई। वहीं शहर के लोगों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की। होली के त्योहार पर बम बाबा आश्रम पर शुक्रवार को विशेष आयोजन किया जाएगा। बम बम बाबा ने सभी लोगों को संदेश दिया है कि त्यौहार को शांतिपूर्ण सौहार्द में मनाए। लोगों को रंग और गुलाल लगाए,लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि किसी भी प्रकार से किसी का कोई अहित न हो। उन्होंने अपने संदेश में यह भी कहा है कि हमें अपनी बुराइयों को इस त्यौहार पर त्यागना चाहिए।

## न्यूज़ ब्रीफ

### भाईचारे के साथ होली मनाने का आह्वान संवेदनशील इलाकों का जायजा लिया



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** डीडवाना में होली और धुलंडी त्योहार की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क है। त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च नगर परिषद से शुरू हुआ। ये नागोरी गेट, आनंद भवन और चारभुजा चौक से होता हुआ आगे बढ़ा। फ्लैग मार्च झालरिया चौक, गुदड़ी बाजार और कोट मोहल्ला से गुजरा। अजमेरी गेट, श्यामजी का चौक और नृसिंह चौक तक पहुंचा। इस दौरान पुलिस ने हाकम की गैर के मार्ग का भी निरीक्षण किया। डीडवाना डिप्टी धरम पूनिया और थाना अधिकारी राजेंद्र सिंह ने फ्लैग मार्च का नेतृत्व किया। कमांडो दस्ते के साथ पुलिस और आरएसी के जवान भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने संवेदनशील स्थानों का जायजा लिया। उन्होंने जरूरी व्यवस्थाओं के लिए दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और नियमों का पालन करने की अपील की है।

### श्री श्याम ध्वजा यात्रा निकाली

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** घंटाघर के पास स्थित प्राचीन श्री श्याम मंदिर द्वारा भव्य श्री श्याम ध्वजा यात्रा मुख्य मार्गो से निकाली गई जिसमें राजगढ़ शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। श्री मारुति नंदन बालाजी मंदिर के पुजारी विनोद कुमार, श्याम सोनी, पवन गट्टानी, डॉक्टर घनश्याम सज्जन शर्मा, शीतला माता मंदिर पुजारी राधेश्याम शर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन मोहता, विप्र फाउंडेशन महिला अध्यक्ष साधना शर्मा, भजन गायक कलाकार अनीता सोनी, चूरू जिला अध्यक्ष रामादल, पंकज शर्मा, श्याम मंदिर के पुजारी नरेंद्र कुमार शर्मा एवं पुजारी परिवार सहित धर्मप्रेमी जनों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ तकनीकी खेलकूद महोत्सव टेक उत्सव-25 का समापन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिलानी।** बिरला टेक्निकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में चल रहे तकनीकी खेलकूद महोत्सव टेक उत्सव-2025 का मंगलवार देर शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि बिट्स पिलानी के प्रोफेसर डॉ. बीके राउत एवं विशिष्ट अतिथि बीकेबीआईईटी जीएम कमर्शियल केके पारीक, बीकेबीआईईटी प्राचार्य डॉ. अनिल शर्मा, बीकेबीएचई प्राचार्य डॉ. विपिन कुमार, नम्रता राउत, डॉ. मनुस्मृति शर्मा थे। डिप्लोमा प्राचार्य मनोज कुमार गौड़ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सप्ताहभर चले टेक उत्सव-25 के दौरान हुई गतिविधियों पर प्रकाश डाला। राजस्थानी नृत्य से शुरु हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान हुई फैशन परेड़ के दौरान स्टूडेंट्स ने शानदार कैट वॉक किया। इस मौके पर मोहम्मद वसीम मिस्टर बीटीटीआई व सिमरन मिस बीटीटीआई रहे। एकल नृत्य व सामूहिक नृत्यों की प्रस्तुतियों से स्टूडेंट्स ने समां बांध दिया। अतिथियों ने विजेताओं व उप विजेताओं को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट व मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर आईटीआई प्राचार्य कैप्टेन जेपी सिंह, उप प्राचार्य निरंजन शर्मा व विपिन वर्मा, विभागाध्यक्ष शेरसिंह, नितेश कोठारी व प्रशांत अग्रवाल, जीआई नरेंद्र शर्मा, एनवी तिवारी, सुनिल सैनी सहित स्टाफ सदस्य व स्टूडेंट्स मौजूद थे।

### आईसीएसआई कॉमर्स ऑलम्पियाड में डीवीपी के छात्रों ने लहराया परचम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**डूंडलोद।** स्थानीय डूंडलोद विद्यापीठ के चार छात्र-छात्राओं ने आईसीएसआई कॉमर्स ऑलम्पियाड में सफलता हासिल की है। डीवीपी के वाणिज्य संकाय के समन्यवक विनय शर्मा ने बताया कि इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेकेटेरिएट ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित कॉमर्स ऑलम्पियाड में कक्षा 11 एवं 12 के 36 छात्रों ने भाग लिया। जिनमें से वर्शिका बेरीवाला सिल्वर, आर्यन जोशी, उन्नति शर्मा एवं योगिता मिश्रा ने कांस्य पदक प्राप्त किए है। सभी छात्र-छात्राओं को प्रतिभगिता प्रमाण पत्र दिए गए। डीवीपी के सचिव मुकेश पारीक, प्राचार्य सतीशचंद्र कर्नाटक, सह सचिव सीताराम जीनगर, प्रबंध समिति के हुसैन खान, उप प्राचार्य अशोक कुमार सैन एवं शिक्षिका अंबिका शर्मा ने कॉमर्स ऑलम्पियाड में सफल रहे छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### होली पर्व के मद्देनजर बिजली आपूर्ति की निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** होली पर्व के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने 13 मार्च से 14 मार्च तक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। नियंत्रण कक्ष का नंबर 01592-232790 है। कंट्रोल रूम से आपूर्ति की स्थिति की निगरानी की जाएगी। एसई एमके टीबड़ा ने बताया कि नियंत्रण कक्ष में तीन पारियों में कर्मचारियों को तैनात किया गया है। पहली पारी सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक में तोफिक अहमद मो. 8426900045, दूसरी पारी दोपहर दो बजे से रात 10 बजे तक में ज्ञानप्रकाश मो. 9928642379, वहीं तीसरी पारी रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक जय सिंह मो. 9984109741 को लगाया गया है।

### जिला उपभोक्ता आयोग के तत्वावधान में चलेगी उपभोक्ता जागरूकता की लहर

स्लोगन लिखने पर मिलेगा ईनाम, स्काउट्स एवं गाइड्स भी करेंगे सबको जागरूक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग झुंझुनूं द्वारा राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार 'टिकाऊ जीवनशैली की ओर एक बदलाव' थीम पर विश्व उपभोक्ता दिवस एवं उपभोक्ता सप्ताह मनाया जाएगा। वहीं 15 मार्च से शुरू होने वाले उपभोक्ता सप्ताह के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित की जाएगी। जिला आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने बताया कि 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता दिवस पर रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 16 मार्च को ऑनलाइन 'स्लोगन लिखो, ईनाम पाओ' प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसमें विजेताओं को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। वहीं 18 मार्च को महिलाओं के लिए जागरुकता संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 21 मार्च को समापन समारोह होगा, अन्य दिवसों को उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण किया जाएगा।

# एक बार फिर हुई मानवता कलंकित, 9 साल की बच्ची के साथ युवक ने की दरिंदगी

### बदहवास अवस्था में छोड़ गया था आरोपी, मुकदमा दर्ज



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के आंगई थाना क्षेत्र में फिर एक बार मानवता को कलंकित करने वाला मामला सामने आया है। आंगई थाना क्षेत्र में 9 साल की नाबालिग बच्ची के साथ पड़ोसी युवक ने हैवानियत की घटना को अंजाम दिया है। आरोपी सुनसान स्थान पर बच्ची को वदहवास अवस्था में छोड़कर फरार हो गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपी की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। आंगई थाना एसएचओ संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि 9 साल की नाबालिग बच्ची सैंपऊ थाना इलाके के एक गांव की रहने वाली है। हाल ही में बच्ची अपनी बड़ी बहन की ससुराल आंगई थाना क्षेत्र के एक गांव में आई हुई थी, जहां 11 मार्च को शाम के समय बच्ची को पड़ोसी युवक के साथ बाइक पर गैस सिलेंडर लाने के लिए परिजनों ने भेज दिया था। पड़ोसी युवक बच्ची को बाइक पर बिठाकर ले गया, लेकिन रास्ते में युवक की नीयत खराब हो गई और सुनसान स्थान पर बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे डाला। आरोपी बदहवास अवस्था में बच्ची को छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की भनक परिजनों को लग गई। परिजन मौके पर पहुंच गए। बच्ची को साथ लेकर परिजनों ने नामजद पड़ोसी युवक के खिलाफ दुष्कर्म का आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया है। थाना एसएचओ संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि मामले की गंभीरता को देख आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया है। नाबालिग बच्ची का बोर्ड द्वारा मेडिकल कराया गया है। थाना एसएचओ ने बताया कि फोरेंसिस टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर मामले में कठोर धाराओं में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गर्ल्स कॉलेज की स्टूडेंट्स ने कुचामन फोर्ट का किया भ्रमण, सांस्कृतिक विरासत के बारे में जाना



**कुचामन सिटी।** राजकीय कन्या महाविद्यालय कुचामन की छात्राओं ने बुधवार को कुचामन फोर्ट का ऐतिहासिक भ्रमण किया। छात्राओं ने किले की भव्यता और सांस्कृतिक विरासत को करीब से जाना। भ्रमण के दौरान द आई लव फाउंडेशन और कुचामन फोर्ट के संयुक्त तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। 'नाकालोका' अंतरराष्ट्रीय स्वयं सेवी संस्थान द्वारा संगीत और मेडिटेशन का कार्यक्रम रखा गया। इसमें अंतरराष्ट्रीय कलाकारों ने संत कबीर के भजनों की द्विभाषी प्रस्तुति दी। विभिन्न देशों की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते विविध वाद्य यंत्रों का प्रयोग किया गया। भ्रमण दल प्रभारी डॉ. गोविंद सारस्वत के नेतृत्व में छात्राओं ने किले के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण किया। इनमें दीवाने आम, दीवाने खास, सूर्यपोल, सिंह पोल, मीना बाजार, बावड़ी और शिव मंदिर शामिल थे। छात्राओं ने खुली जीप सफारी का भी आनंद लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जहांगीर रहमान कुरैशी का विशेष योगदान रहा। डॉ. पवन जांगिड़ और डॉ. भंवर लाल डूडी ने भी भ्रमण की योजना बनाने से लेकर इसके समापन तक सक्रिय सहयोग किया।

# मोरारका कॉलेज में फाग-उत्सव-2025 का आयोजन

**झुंझुनूं।** श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'फागोत्सव 2025' का आयोजन धूमधाम से किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर चंग की थाप के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति की संयोजक प्रोफेसर मंजू चौधरी ने बताया कि फागोत्सव मनाने का उद्देश्य भावी पीढ़ी को शेखावाटी की लोक परंपराओं से रुबरु करवाना है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकास मील ने होली को सामाजिक समरसता एवं सद्भाव के साथ मनाने का आह्वान किया। इस दौरान विद्यार्थियों के विभिन्न दलों ने पारंपरिक वेशभूषा में शेखावाटी के लोक नृत्य एवं लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। फागोत्सव में विद्यार्थियों ने रंग मत डाले रे सांवरिया, राजा बली के दरबार मची होली, चालो देखन ने बाईसा, बाजणती बंगड़ी आदि धमाल गीतों पर रंगारंग प्रस्तुति दी। बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के छात्र करण शर्मा ने होली के गीतों की धुन पर बांसुरी वादन कर समां बांध दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थी एवं स्टाफ सदस्यों ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित प्राकृतिक रंगों एवं फूलों की पंखुड़ियों द्वारा होली खेलकर इको-फ्रेंडली होली मनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में राष्टीय सेवा योजना इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी रमेश कुमार ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महाविद्यालय स्टाफ सदस्य, पूर्व छात्र, राष्टीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शहर में निकाली श्री खाटूश्याम बाबा की दिव्य शोभायात्रा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में श्री खाटूश्याम बाबा की दिव्य भव्य शोभायात्रा दाऊजी मन्दिर से प्रारम्भ होकर मुख्य बाजार से होते हुए बसेड़ी बस स्टैंड बीएस गार्डन पहुंची। शोभायात्रा का शहर के विभिन्न मार्गो पर बाजार में शहरवासियों द्वारा भव्य और दिव्य रूप से स्वागत किया गया। शोभायात्रा में बाहर से आए कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। शोभायात्रा के दौरान लगभग 300 निशान सहित माता बहनें एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। शोभायात्रा में भक्त नाचते गाते हुए बीएस गार्डन तक पहुंचे। शोभायात्रा के दौरान बाड़ी सर्किल ऑफिसर पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार मीणा के निर्देश पर बाड़ी कोतवाली थाना प्रभारी अमित कुमार शर्मा द्वारा शोभायात्रा के दौरान पुलिस जाप्ता की माकूल व्यवस्था की गई। वहीं शोभायात्रा के दौरान यातायात पुलिस प्रभारी गोविंद सिंह ने अपनी टीम के साथ मोर्चा संभाल शोभायात्रा शुरू होने से पूर्व शोभायात्रा के रास्ते को सुगम बनाया। जिसकी सीआई अमित कुमार शर्मा ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। इसी क्रम में आज सायं 7 बजे से बीएस गार्डन में श्री खाटूश्याम बाबा का जागरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें आयोजन कमेटी ने सभी भक्त लोगों से अनुरोध कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में श्री खाटूश्याम बाबा जागरण में पधारने के लिए कहा है।

**एनएच-11बी पर सड़क हादसा, मेहंदीपुर बालाजी दर्शन करने जा रही श्रद्धालुओं की बस पलटी**

# एक श्रद्धालु की मौत, 20 घायल, 6 श्रद्धालुओं के नाजुक हालत



### चालक को नींद की झपकी आने की वजह से हुआ हादसा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी सदर थाना क्षेत्र से गुजर रहे करौली-धौलपुर एनएच 11बीं स्थित बिजौली गांव के पास बुधवार तड़के मेहंदीपुर बालाजी दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी प्राइवेट बस चालक को नींद की झपकी आने की वजह से बेकाबू होकर पलट गई। इस दुर्घटना में एक श्रद्धालु की मौके पर मौत हो गई है। और 20 श्रद्धालु घायल हुए हैं। जिन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जिनमें से 6 घायलों की नाजुक स्थिति होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया है। तथा परिजनों की मौजूदगी में पुलिस ने पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के निवासी बस में सवार होकर मेहंदीपुर बालाजी दर्शन करने जा रहे थे। बुधवार तड़के करौली-धौलपुर एनएच 11बीं स्थित बिजौली गांव के नजदीक बस चालक को नींद की झपकी आ गई और बेकाबू होकर बस हाईवे किनारे पलट गई। घटना से मौके पर चीख पुकार मच गई। हादसे को देख स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने पुलिस को सूचित कर निजी स्तर पर घायलों को बस के अंदर से निकालने का रेस्क्यू शुरू किया। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस द्वारा सभी घायलों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने एक घायल को स्वास्थ्य परीक्षण कर मृत घोषित कर दिया। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय सिंह ने बताया कि घायलों को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। और 6 घायलों की नाजुक हालत होने पर प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची बाड़ी सदर थाना पुलिस ने मृतक के शव को मुर्दाघर में रखवाया। और परिजनों को सूचना दी। बाड़ी सदर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मृतक का परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया है। दुर्घटना के कारणों की पुलिस जांच कर रही है।

**दुर्घटना में यह हुए घायल :** दुर्घटना में बस सवार वीरेंद्र सिंह, राजेंद्र, राकेश कुमार, केस कुमारी,संगीता देवी, शिवप्रताप सिंह, मुकेश, गोविंद, सीपू, शोभा सिंह, संतोष, सोनदेवी, कीर्ति देवी, सुमित्रा देवी, सुनैना, सरला देवी, हेमलता,बलवीर सिंह,अमित कुमार और कार्तिक घायल हुए हैं। सभी घायल उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के रहने वाले हैं।

## भार वाहनों के वाहन कर जमा कराने की अंतिम तिथि 15 मार्च

**झुंझुनूं।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी डॉ. मक्खनलाल जांगिड़ ने जानकारी दी है कि भार वाहनों (वाणिज्यिक वाहनों) का वाहन कर वित्तीय वर्ष 1 अप्रेल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि के लिए 15 मार्च 2025 तक आवश्यक रूप से राजकोष में जमा कराया जाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि तक कर जमा नहीं करने वाले वाहन स्वामियों पर नियमानुसार शास्ति (जुर्माना) लगाई जाएगी और उनके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। उन्होंने समस्त वाहन स्वामियों से अपील की है कि समय सीमा समाप्त होने से पहले ही कर जमा कराएं। ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। वाहन स्वामी अपने कर का भुगतान ऑनलाइन या संबंधित परिवहन कार्यालय में जाकर कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए परिवहन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट या झुंझुनूं परिवहन कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# मनुष्य ऐसा एक ही जीव है, जिसने कचरा बनाना सीख लिया : अभिनेत्री दीया मिर्जा

## ▶▶ बिसलपुर में दो दिवसीय पर्यावरण उत्सव का शुभारंभ, वक्ताओं ने पर्यावरण को बचाने और संरक्षित करने की बात कही

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता





**सुमेरपुर।** बिसलपुर में डीजेईडी फाउंडेशन की ओर से अरावली व जवाई टूरिज्म वाइल्ड लाइफ क्षेत्र में जल, जंगल व जमीन संरक्षण एवं जीव बचाओ-पर्यावरण बचाओ को लेकर दो दिवसीय पर्यावरण उत्सव का मंगलवार को शुभारंभ किया गया। जिनेन्द्र भवन दादावाडी प्रांगण में सवेरे 11 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण संरक्षण कमेटी सदस्य व फिल्म अभिनेत्री दिया मिर्जा एवं पर्यावरण व शिक्षाविद् सोनम वांगचूक लद्दाख ने शिरकत की। अभिनेत्री मिर्जा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वेस्ट पॉल्युशन व वेस्ट मैनेजमेंट पर हम सभी को मिलकर बहुत काम करना होगा। जिप्सी ड्राईवर, रिसोर्ट मालिक, लोकल हो या टुरिस्ट सभी जवाई के इको सिस्टम का बचाव व सुरक्षा करें। पूर्वजों ने हमें सिखाया था कि जल ही जीवन हैं। यदि इकोलोजिकल बैलेंस बनाए रखेंगे तो बहुत आगे जाएंगे नहीं तो सब बर्बाद हो जाएगा। मनुष्य ऐसा एक ही जीव है, जिसने कचरा बनाना सिख लिया हैं। कोई और प्राणी नहीं जो कचरा बनाता है। नैनो व माइक्रो प्लास्टिक के पॉल्यूशन से जीवन पर भी खतरा मंडरा रहा हैं। ये पर्यावरण को नष्ट कर देंगे तो हमारे आने वाली पीढ़ियां भी नष्ट हो जाएगी। पैसा कोई काम नहीं आएंगे। ये प्लास्टिक के कण मां की कोख तक पहुंच गए हैं, खून व हर आर्गन में पहुंच गए हैं। इन्हें समाज से बाहर निकालना हैं तो प्लास्टिक को बंद करना होगा। हमने इसका दुरूपयोग किया हैं इसे ठीक करना हैं। यदि हम हमारे जल में पेस्टिसाईड व केमिकल भर देंगे तो आने वाली कई पिढीयों के स्वास्थ्य को खत्म कर देगा। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने खेती की उन्हें कभी भी पेस्टीसाईड की जरूरत नहीं पड़ी, वैसे ही हमें भी उनसे प्रेरणा लेकर खेती करनी होगी। ग्राम पंचायत, लोकल लोग व पर्यावरणप्रेमी मिलकर इस पर कार्य करें तो जरूर हमारी प्रगति व विकास होगा।

### जवाई को ईको-फ्रेंडली वाइल्ड लाइफ क्षेत्र बनाइए : वांगचुक

■ विद वांगचुक ने कहा की प्रकृति को लंबे समय तक आबाद रखने के लिए संरक्षण जरूरी हैं। पर्यावरण के दूषित होने से हर वर्ष एक करोड़ लोग मर रहें हैं। वाहनों से निकलते धूंए, प्लास्टिक के उपयोग सहित अन्य कारण शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को खुश करने के लिए जवाई में चट्टानों पर जिप्सियां नहीं दौड़ाए। जवाई को ऐसा उदाहरण बनाईए जहां ईको फ्रेंडली वाइल्ड लाईफ क्षेत्र हो। बिना हिंसा के वाईल्ड लाईफ सफारी का डेस्टीनेशन बनाईए। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति एक-एक कि.मी. के दायरे में पर्यावरण सरंक्षण करें तो देश का नक्शा ही बदल जाएगा। इस मौके पर फॉरेस्ट विभाग ने सफारी वाहनों की स्पीड लिमिट करने, गांव को सपोर्ट करने, एंट्री फीस रखने व वन्यजीवों के विचरण में खलल ना पड़े लिमिटेड वाहन चलाने की बात कही। होटल व रिसोर्ट से जुड़े लोगों ने लेपर्ड क्षेत्र में नियम बनाने व मिल जुलकर काम करने की बात कहीं। यहां के लोगों को रोजगार देने होटल में स्थानीय लोगों को रखने पर राय दी। डीजेईडी फाउंडेशन चेयरमैन दिलीप जैन व संस्था के कानाराम मेवाड़ा द्वारा वेस्ट प्लास्टिक को बेस्ट बनाकर बनाए गए उत्पादों का अवलोकन कर अभिनेत्री दिया व पर्यावरण विद वांगचुक ने सराहना की।

# इस्कॉन की पाली में पहली बार पालकी यात्रा 14 को

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली जिले में इस्कॉन द्वारा 14 मार्च को श्री गौर पूर्णिमा महोत्सव मनाएगा। श्री गौर पूर्णिमा श्री चैतन्य महाप्रभु का शुभ प्रकट दिवस है, जिन्हें उनके सुनहरे रंग के कारण गौरांग के नाम से भी जाना जाता है। जैसा कि शास्त्रों में कहा गया है, सर्वोच्च भगवान श्री कृष्ण श्री चैतन्य महाप्रभु के रूप में प्रकट हुए और भगवान के पवित्र नामों के सामूहिक जाप के माध्यम से भगवान कृष्ण की भक्ति का महत्व सिखाया, जिसे हरे कृष्ण महा मंत्र के रूप में जाना जाता है।

वे फाल्गुन पूर्णिमा, फाल्गुन (फरवरी-मार्च) में 1486 ईस्वी (1407 शकब्द) में श्रीधाम मायापुर में श्री जगन्नाथ मिश्रा और श्रीमती सचिदेवी के पुत्र के रूप में प्रकट हुए। उनके माता-पिता ने उनका नाम निमाई रखा क्योंकि उनका जन्म उनके पैतृक घर के आंगन में निम्ब (नीम) के पेड़ के नीचे हुआ था। यह त्योहार गौड़ीय वैष्णवों के लिए नए साल की शुरुआत का भी प्रतीक है। उत्सव की शुरुआत श्री श्री निताई गौरांग (भगवान चैतन्य महाप्रभु और भगवान नित्यानंद) के पालकी उत्सव से होती है। माना जाता है कि इस उत्सव में देवताओं को भव्य कीर्तन के बीच फूलों से सजी पालकी में जुलूस के लिए ले जाया जाता है।

इस मान्यता के आधार पर इस्कॉन पाली द्वारा पाली जिले के नहर चौराहा, षिवाजी सर्किल से 14 मार्च प्रातः 6:30 भव्य पालकी यात्रा प्रारंभ होगी जो शहर के विभिन्न मुख्य स्थानों से होते हुए इस्कॉन केन्द्र अमरनाथ नगर पहुंचेगी। इस भव्य जुलूस के बाद, निताई गौरांग का भव्य अभिषेक किया जाएगा। पहले पंचामृत से और फिर पंचगव्य से स्नान कराया जाएगा, उसके बाद विभिन्न फलों के रस से नहलाया जाएगा।

भक्त भगवान की महिमा करते हुए ब्रह्म-संहिता से प्रार्थना करते हैं। श्रील भक्तिविनोद ठाकुर द्वारा रचित गौरा आरती के साथ एक भव्य आरती की जाएगी। आरती के बाद, पुष्प वृष्टि (सुगंधित फूलों की वर्षा) और 56 व्यंजनों (छप्पन भोग) का विशेष प्रसाद का आयोजन किया जाएगा। इस उपलक्ष पर भक्तगण चंद्रोदय तक उपवास रखते हैं और अनुकल्प भोज (अनाज रहित खाद्य पदार्थ) खाकर अपना उपवास तोड़ते हैं।

इस अवसर पर इस्कॉन पाली द्वारा 14 मार्च को प्रातःकालीन से कार्यक्रम की शुरूआत होगी जिसमें प्रातः पांच बजे से सामूहिक माला जप, मंगल आरती, गौर लीला, गुरू पूजा तथा प्रातः 6:30 बजे पालकी यात्रा शहर भ्रमण जो षिवाजी सर्कल, नहर चौराहा से भक्तगण एकत्रित होकर पाली शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों से होकर इस्कॉन केन्द्र पाली पहुंचेगी। उसके बाद सायंकालीन चार बजे से कीर्तन, नाटिका, अभिषेक, छप्पन भोग, महाआरती, प्रसादम् इत्यादि का आयोजन किया जाएगा। अतः सपरिवार व मित्रों सहित उत्सव में शामिल होकर और श्री चैतन्य महाप्रभु से आशीर्वाद प्राप्त करें। यह एक सेवा को प्रायोजित करने और भगवान चैतन्य से आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर है।

## अखिल भारतीय खटीक समाज के प्रदेशाध्यक्ष कानजी भाई का स्वागत



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** कस्बे में अखिल भारतीय खटिक समाज के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष कांजी भाई गोल्डमैन का नाडोल बस स्टैंड पर स्वागत किया गया वे निजी कार्य के लिए पाली जा रहे थे। इस अवसर पर मूलाराम घांची, भलाराम घांची, शंकरलाल घांची, जीवाराम चौधरी, छगनलाल खटीक, मेघाराम भटनागर, मूलाराम देवासी, महिपाल चंदेल आदि गांव के गणमान्य लोगों ने माला व साफ़ा पहनाकर गोल्डमेन का स्वागत किया।

## सेवाड़ी में 1174 किसानों ने करवाया फॉर्मर रजिस्ट्रेशन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** ग्राम पंचायत सेवाड़ी के अटल सेवा केंद्र में तीन दिवसीय फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर के अंतिम दिन बुधवार तक कुल 1174 फॉर्मर आईडी बनाई गई। ग्राम विकास अधिकारी नंदकिशोर वैष्णव ने बताया कि तीन दिवसीय शिविर में फॉर्मर ई केवाईसी 1194, पीएम किसान सम्मान निधि के फॉर्मर आईडी 740, फॉर्मर सत्यापन व रजिस्ट्रेशन 1174, पशु चिकित्सा ओर उपचार 379, जन्म प्रमाण पत्र 11 का सत्यापन किया गया। प्रशासक पिंकी चौधरी, पटवारी हरचंद राम, लिपिक भरत ओझा, पटवारी हीरालाल, ऋषिता जनवा, विक्रम धीर, कृषि पर्यवेक्षक दिलीप सरेल, पी ई ई ओ गोपाल पारिख, पूर्व सरपंच लालाराम चौधरी, सहकारिता विभाग रामलाल चौधरी, पशु चिकित्सा से डा. संतोष, मोना रैगर, सुशील, भंवरलाल, ई मित्र उमेश मीणा, लतीफ, हितेश मोबारसा, सोमा मीणा, मंजू, इंदु वैष्णव सहित कार्मिक ओर सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।



# फागन फेरी का कार्यक्रम संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक तपागच संघ के सान्निध्य में सर्वोदय पार्श्वनाथ मंदिर से बुधवार को फागन फेरी का कार्यक्रम हर्ष और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। जैन संघ के सचिव संभव जैन ने बताया कि श्री संघ के तत्वावधान में फागण फेरी का आयोजन किया जा रहा हैं। दिनांक 12 मार्च को फागण फेरी प.पूज्य उपाध्याय श्री दिव्यचन्द्र विजय जी म. साहेब की पावन निश्रा में संपन्न हुई इसमें सभी ने लाभ लिया। फागण फेरी में सवेरे अल सुबह सात बजे संगीत की मधुर स्वर लहरियों के साथ विभिन्न मंदिरों के दर्शन किए। सर्वप्रथम वल्लभ विहार जैन मंदिर होते हुए स्वर्ण मंदिर एवं दादा वाडी और अंत में केसरिया मंदिरों के दर्शन वंदन का लाभ जैन धर्म के श्रावक और श्रविकाओ ने लिया। इस अवसर पर उपाध्याय श्री ने कहा कि जैन धर्म मैं फागन फेरी, फागुन मास की तेरस को की जाने वाली प्रदक्षिणा



का अर्थ है जो श्री शत्रुजय महातीर्थ पर 8.5 करोड़ मुनि के मोक्षधाम प्राप्ति की स्मृति में की जाती है जो जैन धर्म अनुनाइयों मैं विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में जैन संघ फालना के अध्यक्ष अरुण चौधरी, महेन्द्र भंडारी, सांकलचंद खांटेड, अशोक परमार, अमित मेहता, पारस बागरेचा, बाबूलाल गोयल, आनंद चौपड़ा, विनोद सुराणा, रमेश शा, शांतिलाल बागरेचा, महेश नाहटा, नरेंद्र बोहरा आदि लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के पश्चात जैन न्याती नोहरे में सुंदर नवकारसी की व्यवस्था रखी गई थी।

## ओसवाल श्री संघ घाणेराव की कार्यकारिणी का गठन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**घाणेराव।** ओसवाल श्री संघ घाणेराव के पदाधिकारियों के चुनाव को लेकर मुंबई में जैन समाज की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से ओसवाल श्री संघ घाणेराव की कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें कनकराज सांवतराज लोढा संरक्षक, जितेन्द्र कुमार पुनमिया अध्यक्ष, नरेश लोढा व संदीप कांठेर उपाध्यक्ष, विनोद लोढा मुंबई सचिव, हुकमराज कांठेर घाणेराव सचिव, निर्मल कुमार हिंगड़ व दिनेश कुमार राजावत कोषाध्यक्ष सहित सदस्य मनोनीत किया। वहीं बैठक में समाज के विकास को लेकर चर्चा कर उपस्थित समाज के लोगों ने नई कार्यकारिणी के समक्ष अपने सुझाव रखें। वहीं संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र पुनमिया ने समाज के लोगों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी दी गई हैं। उसके तहत पदाधिकारियों के साथ लेकर विकास कार्यों को गति दी जाएगी। वहीं बैठक में समाज के भामाशाह व जैन समाज के लोग उपस्थित थे।

# सुमेरपुर चैंपियंस ट्रॉफी 29 मार्च से

**▶▶ आयोजकों का दावा देश की पहली प्रतियोगिता जिसमें अलग-अलग सात फॉर्मेट खेले जाएंगे**

**▶▶ डे-नाईट मैच होंगे, पहली बार ऑक्शन से खिलाडी चुने जाएंगे**

**सुमेरपुर।** विनायक सेवा संस्था एवं सुमेरपुर विकास मंच द्वारा आगामी 29 मार्च से 12 अप्रैल तक शिक्षा क्रांति रंगमंच मैदान सुमेरपुर में 15 दिवसीय टेनिस बॉल डे नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता सुमेरपुर चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन किया जाएगा। मुख्य आयोजक कमेटी में जगदीश राजपुरोहित, पुष्पकांत मेवाड़ा, सत्येंद्र सिंह राजगुरु, मनोहर देवड़ा व मान सिंह खिवांदी होंगे, जबकी सह आयोजक कमेटी में विकास सीपा, मान सिंह रामनगर, देवेंद्र सिंह सिसोदिया, शैतान कुमार, जगदीश राजगुरु, अशरफ अली, दीपक चावरिया, अनवर पठान, रवि चौहान, मीठालाल मीणा व गोविंद मेघवाल होंगे।



कमेटी के पुष्पकांत मेवाड़ा व जगदीश राजपुरोहित ने बताया की सुमेरपुर में लंबे समय बाद हो रही इस अद्भुद क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र के क्रिकेट खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। यह प्रतियोगिता डे नाईट होगी, जिसमें सुबह आठ बजे मैचों की शुरुआत होगी और देर रात्रि तक मैच चलेंगे। रात्रि में आयोजन हेतु स्पेशल दूधिया रौशनी हेतु पहली बार बाहर से फ्लड लाइटस मंगवाकर लगाई जाएगी। पूरी प्रतियोगिता का यूट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारण होगा। प्रतियोगिता में 100 से ज्यादा टीमें व 1500 से अधिक खिलाडी भाग लेंगे जो की एक रिकॉर्ड होगा। पुरे देश में आज तक किसी भी क्रिकेट प्रतियोगिता में 100 टीमें और 1500 खिलाडी नहीं खेले है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों को निःशुल्क प्रवेश दिया जा रहा है यानि किसी टीम से कोई रजिस्ट्रेशन फीस नहीं ली जा रही है। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 16 मार्च है व अब तक 70 से ज्यादा टीमों का रजिस्ट्रेशन हो चूका है। इस प्रतियोगिता का मूल उद्देश्य स्थानीय खिलाड़ियों को बड़ा मंच उपलब्ध करवाना हैं।

### प्रतियोगिता सात अलग-अलग फॉर्मेट में खेली जाएगी

सत्येंद्र सिंह राजगुरु व मनोहर देवड़ा ने बताया की ये देश की पहली क्रिकेट प्रतियोगिता होगी जिसमें सात अलग-अलग फॉर्मेट में सभी आयु वर्ग के खिलाड़ियों की प्रतियोगिता होगी। इस 15 दिवसीय डे नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता में वार्ड कप, लीजेंड लीग, जवाई क्रिकेट लीग, वुमन लीग, चैंपियंस ट्रॉफी, प्रीमियर लीग और अंडर 14th क्रिकेट प्रतियोगिता खेली जाएगी।

मान सिंह खिवांदी व देवेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया की वार्ड कप में सुमेरपुर और शिवगंज शहर के वार्डों की टीमें हिस्सा लेगी। उनके साथ ग्राम पंचायत की टीमों को भी प्रवेश दिया जा रहा है। जवाई क्रिकेट लीग में प्रशासन, वकील मंडल, डाक्टर्स, नागरिक, चार्टेड अकॉउंटेट, पंचायत समिति, अध्यापक, तहसील कार्मिकों की टीमें हिस्सा लेगी। इसी तरह 35 साल से अधिक उम्र के खिलाड़ियों के लिए लीजेंड लीग का आयोजन होगा। वुमन क्रिकेट लीग में पहली बार गर्ल्स की टीमें भी अपना जोहर दिखाती हुई दिखेंगी। अंडर 14th प्रतियोगिता में चौदह वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों के बीच भी प्रतियोगिता होगी।

### पहली बार ऑक्शन से खिलाडी चुने जाएंगे

शैतान कुमार, रवि चौहान व गोविन्द मेघवाल ने बताया की इस प्रतियोगिता का सबसे बड़ा आकर्षण आईपीएल फॉर्मेट में खेली जाने वाली चैंपियंस ट्रॉफी होगी जिसमें खिलाड़ियों को आईपीएल की तरह पॉइंट्स के आधार पर नीलामी में खरीदा जाएगा। इसमें पाली जालोर सिरोही जिले के खिलाडी 17 मार्च तक मात्र 500 रूपए शुल्क जमा करवाकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। 19 मार्च बुधवार को शाम छह बजें इन खिलाड़ियों का ऑक्शन एलिट मल्टी स्पोर्ट्स अकादमी सुमेरपुर में रखा गया है जिसमें सभी कप्तानों को अपनी टीम चुनने के समान अवसर मिलेंगे,इस फॉर्मेट में चयनित सभी खिलाड़ियों को कमेटी की तरफ से आकर्षक टीशर्ट दिया जाएगा। प्रतियोगिता में विजेता टीमों को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। 29 मार्च को शाम सात बजे प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में कई राजनेता, भामाशाह, उद्योगपति व समाजिक क्षेत्रों से जुड़े हुए लोग शिरकत करेंगे। टीम लगान क्लब व एलिट मल्टी स्पोर्ट्स अकादमी सह आयोजक होंगे। प्रतियोगिता को लेकर अशरफ अली, दीपक चावरिया, अनवर पठान, हेमेंद्र सिंह, हितेश मीणा,मनीष चावरिया, सिद्धार्थ चावरिया, नवाब खान, आशीष देवड़ा, हर्षवर्धन, लकी, राजपाल मीणा, आयुष, सुलेमान, टीनू पठान, वाजिद आदि अलग-अलग कमेटियां बनाकर उच्च स्तरीय तैयारियां शुरू कर दी गई है।

# पाली में 4567 लीटर तेल-घी सीज

**पाली।** होली के त्योहारी सीजन में मिलावटी के संदेह पर चार हजार 567 लीटर तेल व घी सीज करने की कार्रवाई की गई। होली के त्योहार पर मिलावट की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसमें सुमेरपुर से भगवती ब्राण्ड का घी, सोजत सिटी से चेतक ब्राण्ड का मूंगफली तेल, पाली से सोया कार्तिक बहार तेल व अन्य ब्रान्ड का घी सीज कर जांच के लिए सेम्पल लिए गए। जिन्हें जोधपुर जन स्वास्थ्य खाद्य प्रयोगशाला में जांच के लिए भिजवाया गया। जांच नमूनों की खाद्य रिपोर्ट प्राप्त होने पर भारतीय खाद्य मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

एक माह में लिए 50 से अधिक सेम्पल सीएमएचओ डा. विकास मारवाल ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेशचन्द के नेतृत्व में मिलावट खोरों पर अंकुश लगाने के लिए अनेक खाद्य पदार्थो के एक माह में 50 से अधिक सेम्पल जांच के लिए भेजे गए है। इन सभी सेम्पलों को मुख्य खाद्य विश्लेषक राज्य केन्द्रीय जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला जयपुर भिजवाया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर भारतीय खाद्य मानक अधिनियम 2006 व विनियम 2011 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। तीन बार से अधिक सेम्पल फेल फर्मों के लाईसेंस होगें निरस्त जिले में मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई को अंजाम देने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा धारा 64 के तहत तीन बार से अधिक



सेम्पल फेल होने वाली फर्मो को चिन्हित कर उनके लाइसेंस निरस्त की कार्रवाई की जाएगी। एफएसओ ने बताया की जिले में त्योहार के सीजन के तहत अधिकांश खाद्य पदार्थों में मिलावट का कार्य होने की सूचना प्राप्त हो रही है।

ऐसे में दैनिक जीवन में उपयोग में ली जाने वाली खाद्य सामग्री दूध, मिठाईयां, पनीर, नमकीन, मसाले, तेल, घी, बेकरी के आईटम के बढ़ती खपत को देखते हुए इन पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ प्रभारी कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा।

सीएमएचओ डा. विकास मारवाल खाद्य ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक तहसील मुख्यालय पर खाद्य लाइसेंस शिविरों का आयोजन हो रहा है। इसके बावजूद भी खाद्य का रो बारकर्ता द्वारा लाइसेंस नहीं बनाने पर उनके खिलाफ भारतीय खाद्य मानक प्राधिकरण द्वारा जारी खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 एवं विनियम 2011 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# वंदना स्कूल में डांडिया व मटकी फोड़ कार्यक्रम संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** वंदना बाल निकेतन माध्यमिक विद्यालय में संस्था प्रधान भगवती कंवर के सानिध्य में विद्यार्थियों ने होली खेली। नोनिहाल कृष्ण व राधा की वेशभूषा पहनकर कृष्ण व राधा का स्वांग धरा। छात्रों ने गुलाल से होली खेली। डांडिया व मटकी फोड़ कार्यक्रम रखा गया। संस्था सचिव जेठाराम कुमावत ने बताया कि होली हिन्दुओं का पवित्र त्योहार हैं। उन्होंने छात्रों को सुखी होली खेल जल बचाने का संकल्प दिलाया और लोगों को जागरूक करने की बात बताई। विद्यालय में डांडिया रास की प्रतियोगिता भी रखी गई। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक कोमल कुमावत, अशोक कुमावत, भरत कुमावत, विक्रम कुमार, पूजा कुमावत,करीना कंवर,




शबनम पठान, अशोक कुमार लोहार आदि मौजूद थे।

# सूखी व गुलाल से होली खेलने का संदेश दिया

**सुमेरपुर।** मयूर पब्लिक विद्यालय में बुधवार को विद्यार्थियों द्वारा फागोत्सव मनाया गया। प्रधानाचार्या निर्मला धंवर ने बताया कि सवेरे से ही बच्चों में होली खेलने का जोश दिखाई दिया। प्राकृतिक फूलों से होली खेली। एक-दुसरे को होली की बधाईयां दी। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण बनकर फागोत्सव का आंनद लिया। शिक्षकों ने बच्चों को सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल तरीके से होली खेलने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को पानी व रंगो से होली खेलने के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए सुखी व गुलाल से होली खेलने का संदेश दिया।



# गुलाल से होली खेल पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** विनायक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में होली पर्व का महोत्सव उत्साह व उमंग के साथ धूमधाम से मनाया। इस दौरान रंगोली व खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अंजु देवासी, पूरण कंवर, हनी गहलोत, शिवानी कुमावत के ग्रुप ने प्रथम स्थान व जानवी, सपना कंवर व सविता के ग्रुप ने द्वितीय स्थान एवं विद्या चौधरी, आशा के ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप के फाउंडर महेश कुमार शर्मा ने होली मनाने के उद्देश्य एवं होली मनाने के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में अवगत करवाया। संस्था निदेशक हेमंत कुमार शर्मा ने होली पर्व के महत्व को विभिन्न कथाओं के माध्यम से अवगत करवाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सभी छात्रों एवं छात्राओं ने एक दूसरे को गुलाल से सूखी होली खेल पर्यावरण व जल संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर विद्यालय व्याख्याता विक्रम परिहार, केसाराम, साहिल मोहम्मद सहित वीणा शर्मा, शिवांगी, कीर्ति कुमारी, मीनाक्षी, वर्षा कुमारी, प्रियांशी कुमारी, आदि अध्यापिकाओं के सहित समस्त विद्यार्थीगण भी मौजूद रहे।

## होली का त्योहार, बाली में होलिका दहन की तैयारियां पूरी

**बाली।** बाली नगर में इस साल होलिका दहन आज रात 11:30 बजे मुख्य बाजार में किया जाएगा। सनातन धर्म मंडल के सदस्यों ने नगर के पंडित अवशेष शर्मा से विचार-विमर्श कर यह निर्णय लिया है। कार्यक्रम की शुरुआत रात 11 बजे से होगी। पंडित जी को सम्मानपूर्वक बैंड-बाजे के साथ होली चौक तक ले जाया जाएगा। सबसे पहले पुरानी कचहरी स्थित ठाकुरजी के मंदिर के सामने होलिका पूजन होगा। इसके बाद सभी लोग गाते-बजाते मुख्य चौराहे की ओर जाएंगे। सनातन धर्म का यह प्रमुख त्योहार विधिवत पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार के साथ मनाया जाएगा। सनातन धर्म मंडल और नगर के युवाओं द्वारा इसकी तैयारियां की जा रही हैं।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

नं. एई/एसडब्ल्यूएम/13158/केई दि. 27.02.2025

**अल्पावधि ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग | सहायक आयुक्त के/पूर्व |
| महाटेंडर नं. | 2025-एमसीजीएम-1155091-1 |
| विषय | भवन प्रस्तावना कार्यालय, पूनम नगर, जोगेश्वरी (पूर्व) में नवीनीकरण कार्य। |
| निविदा विक्रय | 28.02.2025 को 11.00 बजे से 07.03.2025 को 16.00 बजे तक |
| वेबसाइट | https://mahatenders.gov.in |
| संपर्क व्यक्ति | एई (एसडब्ल्यूएम) के/ई, एसई (इले.) के/ई |
| नाम | श्री जितेंद्र पाटील (एई) (एसडब्ल्यूएम) के/ई) 9757019177<br>श्री आकाश सालोखे (एसई (इलेक्ट्रिकल) के/ई) 8779153857 |
| फोन नं. | 022-26816722 |
| ई-मेल आईडी | ae01swm.ke@mcgm.gov.in |

**PRO/2657/ADV/2024-25**

हस्ता./-
सहायक आयुक्त के/ई वॉर्ड

छतों को साफ रखें, अटाला/पुराना/सामान का निपटारा करें।



# गुजरात जॉइंट्स पर मुंबई इंडियंस का पलड़ा भारी

**मुंबई। हरमनप्रीत कौर की मुश्किल परिस्थितियों में आगे बढ़कर नेतृत्व करने की अद्भुत क्षमता के कारण मुंबई इंडियंस की टीम गुजरात जॉइंट्स के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के एलिमिनेटर में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। दिल्ली कैपिटल्स की टीम लीग चरण में सर्वाधिक 10 अंक लेकर पहले ही फाइनल में पहुंच चुकी है। ऐसे में अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाने के लिए निगाहें भारत की कप्तान हरमनप्रीत और गुजरात जॉइंट्स की कप्तान एशले गार्डनर पर टिकी हैं।**

### टीमें

#### मुंबई इंडियंस

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), नादिन डी क्लर्क, संस्कृति गुप्ता, सैका इशाक, शबनीम इस्माइल, जिन्तिमनी कलिता, जी कमलिनी, अमनदीप कौर, अमनजोत कौर, एस. कीर्तन, अमेलिया केर, अक्षिता माहेश्वरी, हेली मैथ्यूज, सजीवन सजना, नैट साइवर-ब्रंट, पारुनिका सिसौदिया, क्लो ट्राईटन।

#### गुजरात जॉइंट्स

एशले गार्डनर (कप्तान), हरलीन देयोल, डिआंड्रा डॉटिन, भारती फुलमाली, काशवी गौतम, डेनिएल गिब्सन, दयालन हेमलता, तनुजा कंवर, मन्नत कश्यप, फोबे लिचफील्ड, मेघना सिंह, बेथ मूनी, प्रकाशिका नाइक, प्रिया मिश्रा, सयाली सतघरे, शबनम शकील, सिमरन शेख, लौरा वोल्वार्ड्ट।

यह मैच ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जाएगा और मुंबई इंडियंस की टीम घरेलू परिस्थितियों का पूरा लाभ उठाने की कोशिश करेगी। मुंबई ने सोमवार को इसी मैदान पर लीग चरण के मैच में गुजरात को नौ रन से हराया था। इस मैच में हरमनप्रीत ने 33 गेंद पर 54 रन की तूफानी पारी खेली थी। मुंबई इंडियंस के अपनी टीम में किसी तरह का बदलाव करने की संभावना नहीं है। हेली मैथ्यूज ने उन्हें अच्छी शुरुआत दी है और साथ ही अपनी ऑफ स्पिन से विरोधी टीम को परेशान भी किया है। वेस्टइंडीज की इस ऑलराउंडर ने गुजरात के खिलाफ लीग चरण के दोनों मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था और वह फिर से मैच विजेता बन सकती है।

गुजरात के खिलाफ पिछले दोनों मैच में उन्होंने तीन-तीन विकेट लिए। मुंबई इंडियंस के लिए बल्लेबाजी में नैट साइवर-ब्रंट ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने आठ मैच में 416 रन बनाए हैं और वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज है। गुजरात के गेंदबाजों को उन पर अंकुश लगाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। उन्होंने अपनी गेंदबाजी से भी अच्छा योगदान दिया है। मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत इस सत्र में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है लेकिन गुजरात के खिलाफ सोमवार को खेले गए मैच में अर्धशतक बनाने से उनका मनोबल बढ़ा होगा। गुजरात जॉइंट्स की कप्तान गार्डनर इस बात को अच्छी तरह से समझती हैं कि मुंबई को हराना आसान नहीं होगा और उसके लिए उनके खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा।

गार्डनर के लिए यह सत्र अभी तक उतार चढ़ाव वाला रहा है। इसके बावजूद वह 235 रन बनाने में सफल रही। मुंबई के खिलाफ पिछले मैच में वह खाता भी नहीं खोल पाई थी और अब उन पर बड़ा स्कोर बनाने का दबाव होगा। गुजरात की तरफ से बल्लेबाजी में हरलीन देओल ने अच्छा प्रदर्शन किया है।

आईपीएल 2025

# मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर लगा प्रतिबंध ?



आईपीएल 2024 में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेलते हुए मुंबई इंडियंस को सीजन में तीसरी बार स्लो ओवर रेट का दोषी पाया गया था. अब हार्दिक पांड्या पर एक मैच का प्रतिबंध लगा हुआ है इसलिए वह चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ होने वाला पहला मैच नहीं खेल पाएंगे, इसके बाद वह टीम में लौट आएंगे.

**नई दिल्ली।** मुंबई के लिए आईपीएल के शुरूआती मैच चुनौतीपूर्ण रहने वाले हैं। जसप्रीत बुमराह चोट के कारण कुछ मैचों से बाहर हो सकते हैं तो कप्तान हार्दिक पांड्या प्रतिबंध के चलते आईपीएल का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। आईपीएल का पहला मैच मुंबई इंडियंस चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 23 मार्च को एमए चिदंबरम स्टेडियम पर खेलेगी। आप सोच रहे होंगे कि अभी तो आईपीएल शुरू नहीं हुआ तो हार्दिक पर प्रतिबंध किस बात को लेकर लगा है? तो चलिए आपको बताते हैं। हार्दिक पांड्या ने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत 2015 में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए की थी। इसके बाद 2021 तक वह इस फ्रेंचाइजी के महत्वपूर्ण प्लेयर रहे। 2022 में गुजरात टाइटंस में बतौर कप्तान खेले और उन्हें पहले ही साल चैंपियन भी बनाया। 2023 में भी उन्होंने अपनी कप्तानी में गुजरात को फाइनल तक पहुंचाया, जहां उनकी टीम सीएसके से हार गई। दो सीजन गुजरात के लिए खेलने के बाद नवंबर में वह मुंबई इंडियंस में लौट आए और आईपीएल 2024 में मुंबई की कमान संभाली। आईपीएल 2024 में हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस के कप्तान थे। इस दौरान टीम पर तीन बार स्लो ओवर रेट का जुर्माना लगा। जब पहली जब इसका दोष लगता है तो कप्तान पर 12 लाख रूपए जुर्माना लगाया जाता है। दूसरी बार ऐसा होने पर कप्तान और 24 और अन्य खिलाड़ियों पर 12-12 लाख का जुर्माना लगता है। तीसरी बार ऐसी गलती पर कप्तान पर 30 लाख का जुर्माना और एक मैच का प्रतिबंध लगता है। अन्य खिलाड़ियों पर भी जुर्माना लगता है।

## चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पाकिस्तानी क्रिकेटरों को झटका

# मैच फीस में भारी कटौती



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने चैंपियंस ट्रॉफी को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी और हाईब्रिड मॉडल के तहत (भारत के सभी मैचों सहित फाइनल दुबई में) टूर्नामेंट सफल भी रहा। लेकिन अब घरेलू क्रिकेटरों पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गाज गिराई है और खिलाड़ियों की मैच फीस में भारी कटौती व सुविधाओं में कटौती कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार पीसीबी ने आगामी राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप में भाग लेने वाले क्रिकेटरों की मैच फीस 100,000 पाकिस्तानी रुपए प्रति मैच से घटाकर 10,000 प्रति मैच कर दी है जबकि रिजर्व खिलाड़ियों को प्रति मैच 5000 रुपए मिलेंगे। टूर्नामेंट 14 मार्च से शुरू हो रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक पीसीबी में घरेलू क्रिकेट के प्रमुख अब्दुल्ला खुर्रम नियाज़ी पिछले कुछ महीनों में घरेलू खिलाड़ियों के लिए "सुविधाओं में कटौती" कर रहे हैं। एक सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है, 'जिन खिलाड़ियों को पहले पांच और चार सितारा होटलों में रहने की सुविधा दी जा रही थी, उन्हें अब सस्ते आवास की सुविधा दी जा रही है। फीस के अलावा उनके लिए हवाई यात्रा भी कम कर दी गई है।' इतना ही नहीं खिलाड़ियों और अंपायरों को पिछले सीजन का बकाया भुगतान अभी तक नहीं मिला है। बोर्ड ने बोर्ड की नीति के अनुसार पूर्व टेस्ट क्रिकेटरों के लिए वार्षिक पेंशन वृद्धि भी लागू नहीं की है।

## राहुल द्रविड़ के साथ हादसा

**नई दिल्ली।** राहुल द्रविड़ को आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स को चैंपियन बनाने की जिम्मेदारी दी गई है लेकिन इससे पहले ये दिग्गज हादसे का शिकार हो गया है। राहुल द्रविड़ को चोट लग गई है और उनके पैरों पर प्लास्टर बंधा हुआ है। राजस्थान रॉयल्स ने द्रविड़ की एक फोटो पोस्ट की जिसमें उनके पैरों पर चोट लगी हुई है। राजस्थान रॉयल्स ने बताया कि द्रविड़ क्रिकेट खेलते हुए चोटिल हो गए। राहुल द्रविड़ की चोट की जानकारी देते हुए राजस्थान रॉयल्स ने एक्स पर लिखा- हेड कोच राहुल द्रविड़, जो कि बेंगलुरु में क्रिकेट खेलते हुए चोटिल हो गए थे वो तेजी से ठीक हो रहे हैं। जयपुर में वो बुधवार को टीम से जुड़ेंगे। राहुल द्रविड़ को चोट लगी हुई है।



## रोहित की नजर वनडे विश्व कप पर : रिकी पोंटिंग



**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी रिकी पोंटिंग का मानना है कि रोहित शर्मा अब भी दमदार खिलाड़ी हैं तथा वह 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होने वाले वनडे विश्व कप तक भारतीय टीम का नेतृत्व करना जारी रख सकते हैं। रोहित की कप्तानी में भारत ने वनडे विश्व कप को छोड़कर आईसीसी के बाकी टूर्नामेंट जीते हैं। उनकी अगुवाई में भारतीय टीम 2023 में घरेलू धरती पर खेले गए वनडे विश्व कप को जीतने के करीब पहुंची थी लेकिन फाइनल में उसे आस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा कि रोहित अपने भविष्य के लक्ष्यों को लेकर काफी हद तक स्पष्ट हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा, 'जब आप अपने करियर के इस पड़ाव के करीब पहुंचते हैं तो हर कोई आपके संन्यास लेने का इंतजार कर रहा होता है। मैं नहीं जानता कि ऐसा क्यों होता है। वह भी तब जबकि आप अच्छा खेल रहे हो जैसा कि उन्होंने अच्छी पारी खेली थी।' पोंटिंग ने कहा, 'मुझे लगता है कि वह उन सवालों को हमेशा के लिए खत्म करने की कोशिश कर रहे थे और कह रहे थे, नहीं, मैं अब भी काफी अच्छा खेल रहा हूं। मुझे इस टीम में खेलना पसंद है। मुझे इस टीम का नेतृत्व करना पसंद है।' पोंटिंग ने कहा, 'मेरे लिए इसका मतलब यह है कि उनके मन में 2027 में होने वाले अगले वनडे विश्व कप में खेलना लक्ष्य होना चाहिए।' रोहित ने 2021 में 34 वर्ष की उम्र में भारतीय टीम की कमान संभाली थी।



उनके नेतृत्व में भारत ने रविवार को यहां खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। इससे पहले भारत ने पिछले साल रोहित की कप्तानी में ही वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था।

# म नो रं ज न

## सनी देओल की 'जाट' में रणदीप हुड्डा का खूंखार अवतार



10 अप्रैल को सनी देओल 'जाट' के साथ सिनेमाघरों में वापसी कर रहे हैं। 'गदर 2' की शानदार सक्सेस के बाद सनी देओल अब 'जाट' में नजर आएंगे। इस फिल्म में ताबड़तोड़ एक्शन और थ्रिलर देखने को मिलेगा। फिल्म में रणदीप हुड्डा दमदार विलेन के रोल में सनी देओल को कड़ी टक्कर देते हुए नजर आएंगे। एक्टर का फर्स्ट लुक पोस्टर भी रिलीज किया जा चुका है। रणदीप विलेन के रोल में खूंखार और खूनी लग रहे हैं। उनके इस चौंकाने वाले अवतार ने फैन्स की एक्साइटमेंट को बढ़ा दिया है। हाल ही में रणदीप ने अपने नेगेटिव रोल को लेकर बात की और कहा कि अब से पहले उन्होंने इतना डार्क रोल प्ले नहीं किया है। 'जाट' में रणदीप हुड्डा ए क खूंखार गैंगस्टार बने नजर आएंगे, जो सनी देओल के साथ एक हाई-ऑक्टेन शोडाउन का वादा करते हैं। रणदीप अपने निभाए गए इंटेंस किरदारों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अब तक कई दमदार परफॉर्मेंस दी हैं। लेकिन उनका कहना है कि जाट में उनकी क्रूरता का लेवल काफी हाई होने वाला है। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए रणदीप ने कहा, "मैंने पहले भी डार्क और लेयर्ड किरदार निभाए हैं, लेकिन रणतुंगा प्योर शैतान है। वह हिंसक, विक्षिप्त है, और एक तरह की क्रूरता के साथ काम करता है, जिसने इसे निभाते हुए मुझे भी चौंका दिया। रणदीप ने आगे कहा कि जाट एक ऐसी फिल्म है जो कच्चे, बेबाक अपराध की दुनिया में गोता लगाती है, और मेरा किरदार उस तूफान के केंद्र में है।

## कुक्के श्री सुब्रह्मण्य मंदिर पहुंची

# कैटरीना


## चार-पांच घंटे तक की 'सर्प संस्कार पूजा'



बॉलीवुड अदाकारा कटरीना कैफ लंबे समय से भक्ति भाव में लीन नजर आ रही हैं। पहले उन्होंने शिरडी के साई मंदिर का दौरा किया था। इसके बाद एक्ट्रेस ने प्रयागराज महाकुंभ में भी पवित्र डुबकी लगाई थी। जबकि अब कटरीना कैफ कुक्के श्री सुब्रह्मण्य मंदिर में पहुंचीं। यहां उन्होंने भगवान के दर्शन करने के बाद 'सर्प संस्कार पूजा' में भी हिस्सा लिया। अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर ये 'सर्प संस्कार पूजा' क्या होती है? तो चलिए आपको इसके बारे में बताते हैं।

मंगलवार को कटरीना कैफ कुक्के श्री सुब्रह्मण्य मंदिर पहुंचीं जो कि कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में स्थित है। बताया जा रहा है कि वो अपने दोस्तों के साथ इस खास मंदिर में आई हैं। एक्ट्रेस बुधवार दोपहर तक यहीं रहेंगी। मंगलवार को उन्होंने भगवान के दर्शन करने के बाद अनुष्ठान में हिस्सा लिया। एक्ट्रेस यहां दो दिवसीय सर्प संस्कार पूजा कर रही हैं। कटरीना मंदिर के वीआईपी गेस्ट हाउस में अपने दोस्तों के साथ रूकीं। मंगलवार को उन्होंने चार-पांच घंटे तक पूजा की। बुधवार को भी एक्ट्रेस पूजा में व्यस्त हैं। कई लोगों के मन में सवाल होगा कि आखिर 'सर्प संस्कार पूजा क्या होती है। तो नाम से ही साफ है कि ये पूजा सर्प (नाग देवता) से संबंधित है। सर्प संस्कार पूजा हिन्दू धर्म का एक अनुष्ठान है। इस पूजा को ऐसे लोग करते हैं जो 'काल सर्प दोष' से पीड़ित होते हैं। वहीं किसी के पूर्वजों की ओर से जाने अनजाने सर्प को किसी तरह का कोई नुकसान पहुंचाया जाता है तो उसके दुष्प्रभाव को रोकने में भी ये पूजा कारगर है। 'सर्प संस्कार पूजा' कुक्के श्री सुब्रह्मण्य मंदिर के अलावा आंध्र प्रदेश के श्री कालहस्ती मंदिर में भी होती है। होली पर दोबारा रिलीज हो रही कटरीना की 'नमस्ते लंदन' कटरीना के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार विजय सेतुपति के साथ फिल्म 'मेरी क्रिसमस' में देखा गया था।

# इमरान ने शुरू की नई फिल्म की शूटिंग...



बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी इन दिनों अपने एक नए प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में हैं। खबरें हैं कि इमरान ने अपनी नई फिल्म का शूटिंग शुरू कर दी है। वो इस वक्त उत्तर प्रदेश की राजधानी और नवाबों के शहर लखनऊ में फिल्म का शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म में इमरान के साथ एक्ट्रेस यामी गौतम भी नजर आएंगीं। इमरान की ये फिल्म काफी चर्चा में हैं। इमरान और यामी की आने वाली नई फिल्म एक कोर्ट रूम ड्रामा होने वाली है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म की कहानी मशहूर शाह बानो केस पर आधारित होगी। फिल्म में इमरान शाह बानो के पति का रोल निभाएंगे। शाह बानो के पति एक अमीर और जाने-माने वकील हैं, जिनके मामले पर रुख ने राजनीतिक और कानूनी बहस को हवा दी थी। फिल्म को डायरेक्ट कर रहे हैं सुपर्ण वर्मा, जिन्होंने 'द फैमिली मैन सीजन 2', 'राणा नायडू' और 'द ट्रायल' जैसी शानदार वेब सीरीज का निर्देशन किया है, जबकि स्क्रिप्ट रेशु नाथ ने लिखी है, जिन्होंने पहले इलीगल और हीरा मंडी पर काम किया है। ऐसे में इस फिल्म से काफी उम्मीदें जताई जा रही हैं। यामी ने हाल ही में प्रतीक गांधी के साथ फिल्म धूम-धाम में काम किया था। ये फिल्म कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई। वहीं इमरान आखिरी बार सलमान खान और कटरीना कैफ की फिल्म 'टाइगर 3' में नजर आए थे।

# सोनम बाजवा-हर्षवर्धन राणे की 'दीवानियत' का टीजर रिलीज




'सनम तेरी कसम' की बॉक्स ऑफिस पर सेकेंड टाइम में धमाकेदार सक्सेस के बाद हर्षवर्धन राणे का क्रेज एक बार फिर फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। वो एक और रोमांटिक फिल्म लेकर आ रहे हैं। लेकिन इस फिल्म में उनके साथ पंजाब की सुपर स्टार सोनम बाजवा रोमांस करती दिखेंगे। ईश्क में दीवानगी की हद पार कर देने वाली फिल्म 'दीवानियत' का ऐलान कर मोशन टीजर जारी किया गया। इसे देख फैंस अपनी एक्साइटमेंट को संभाल नहीं पा रहे हैं।

टीजर की शुरुआत एक लाल गुलाब से होती है, लेकिन उसे एक खून भरे हाथों मे थामा हुआ है। इसके बाद उसे आग लगाकर जला दिया जाता है। बैकग्राउंड में सोनम बाजवा की आवाज में एक बहेतरीन शायरी कही गई है, जो दिल टूटे आशिकों के प्यार और नफरत की हद को जताती है। सोनम कहती हैं, 'तेरा प्यार, प्यार नहीं तेरी जिद्द है, जिसे तू प्यार कर रहा है वो हर हद की हद है। जल जाऊंगी, मिट जाऊंगी, पर खाती हूं मैं कसम, तेरे ईश्क में झुक जाऊं मैं नहीं वो सनम। तेरे लिए मेरे दिल में मोहब्बत नहीं नफरत है, तुझे तबाह जो कर देगी वो मेरी दीवानियत है।' सोनम ने फिल्म का टीजर शेयर कर लिखा- दीवानियत में प्यार की आग लाने के लिए बहुत थ्रिल्ड हूं। जुनून और दिल टूटने की एक गहन गाथा, जिसमें अमेजिंग हर्षवर्धन राणे भी साथ हैं। फिल्म को मिलाप जावेरी ने डायरेक्ट किया है। तो वहीं विकिर मोशन पिक्चर्स के बैनर तले प्रोड्यूस की जा रही है। सोनम ने बताया कि फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। हालांकि इसकी रिलीज डेट अभी कन्फर्म नहीं है लेकिन 'दीवानियत' को साल 2025 के अंत में रिलीज किया जाएगा। सोनम बोलीं- प्यार के इस पागलपन को देखने के लिए आप सभी का इंतजार नहीं कर सकते। बता दें, सोनम की आवाज में झलकता दर्द फैंस के दिलों तक पहुंचने में भी कामयाब रहा है। यूजर्स कमेंट कर अपना एक्साइटमेंट शो कर रहे हैं।



प्रदेश में पर्यटन को लेकर बोले भजनलाल शर्मा

# देश ही नहीं दुनिया में नंबर-1 राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यटन की दृष्टि से राजस्थान देश ही नहीं दुनिया में नंबर-1 है। आईआईएफए (आईफा) के माध्यम से राजस्थान के विरासत की प्रशंसा हुई। आईआईएफए (आईफा) के माध्यम से राजस्थान के पर्यटन को बूम मिलेगा। लेकिन दुर्भाग्य से विपक्षी नेताओं ने टिप्पणियां की जो उनकी आदत है प्रतिपक्ष नेता को भरतपुर से ज्यादा प्रेम है। छोटे कामों का ये लोग मजाक उड़ाते हैं। आपको होटल बनाने, मॉल बनाने की आदत है वो मजाक उड़ाते हैं। हमसे बैर रखो या न रखो ये आपकी मर्जी, जनहित के कार्यों में सहयोग करो ये अर्जी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। आप कहते हो कि राइजिंग राजस्थान में कुछ नहीं है। यदि राइजिंग राजस्थान में कुछ था ही नहीं तो आपने क्यों किया। आपके और हमारे राइजिंग राजस्थान में फर्क है। आपने सिर्फ दिखाने के लिए अंतिम वर्ष में इसका आयोजन किया जबकि हमने विजन लेकर इसको सरकार के पहले वर्ष में ही कर दिखाया।


### निवेश को धरातल पर उतारने को प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री भजनलाल कि हम निवेश की संभावनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। हमने दिखावे के लिए इसका आयोजन नहीं किया। नेता प्रतिपक्ष ने आंकड़ों का भ्रमजाल फैलाया। हमने प्रथम वर्ष में ही 35 लाख करोड़ के MoU किए। 2 लाख 24 हजार करोड़ के कार्य धरातल पर आए।

### हर साल निवेश का ब्योरा देने की घोषणा

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले राइजिंग राजस्थान की घोषणा भी हमने की है। हमने हर साल निवेश का ब्योरा देने की घोषणा की है। MoU धरातल पर आने पर उसकी फोटो भी कंप्यूटर पर आएगी। प्रदेश में कोने-कोने में विकास के लिए जिला स्तर पर भी राइजिंग राजस्थान का आयोजन हुआ।

### ▶▶ जनहित के कार्यों में सहयोग की विपक्ष से अर्जी



### सीएम ने दी होली-धुलेंडी की शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने होली एवं धुलंडी (13 व 14 मार्च) के पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। शर्मा ने कहा कि होली का यह त्यौहार जीवन में खुशहाली का प्रतीक है। होली के विविध रंग अनेकता में एकता की हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के परिचायक हैं। रंगों और खुशियों से लबरेज यह पर्व हमें आपसी भाईचारे, एकता और सद्भाव को बढ़ाने की सीख देता है।



**सिरोही।** जालोर-सिरोही के पूर्व सांसद देवजी एम. पटेल ने बुधवार को जीरावल पहुंचकर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, पूर्व प्रधान हनुमान भादू, पूर्व जिला महामंत्री भारताराम देवासी, ओबीसी महामंत्री बाबूनाथ गुंदाऊ, विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष छोगाराम चौधरी आदि मौजूद थे।

## 'महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार 2024' की घोषणा शीघ्र : फडणवीस



**मुंबई।** 'महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार 2024' के लिए प्राप्त नामांकनों में राज्य के लिए अमूल्य योगदान देने वाले प्रतिष्ठित व्यक्तित्व शामिल हैं। इस पुरस्कार का अंतिम निर्णय सभी संबंधित पक्षों से चर्चा के बाद जल्द ही घोषित किया जाएगा, ऐसा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यह बातें 'महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार 2024' चयन समिति की बैठक में कहीं, जो विधान भवन में आयोजित की गई थी। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री अजित पवार, सांस्कृतिक कार्य मंत्री एड. आशीष शेलार, सांस्कृतिक कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव विकास खरगे, मुख्यमंत्री कार्यालय की प्रधान सचिव अश्विनी भिडे, सचिव डा. श्रीकर परदेशी, सांस्कृतिक कार्य विभाग के निदेशक बिभीषण चवरे, तथा महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार चयन समिति के अशासकीय सदस्य डा. अनिल काकोडकर, एड. उज्ज्वल निकम (वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से), वासुदेव कामत, गो. ब. देगूलकर, डा. शशिकला वंजारी, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### राज्य का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

- मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार राज्य का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, जो ऐसे व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने निष्पक्ष रूप से समाज की सेवा की है और मानव जीवन को ऊंचाई पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चयन समिति द्वारा सुझाए गए नामों पर विचार किया गया है और जल्द ही सभी संबंधित पक्षों से चर्चा कर 'महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार 2024' की घोषणा की जाएगी।

### एमपीएससी प्रतियोगी परीक्षाएं मराठी में कराने की योजना

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधान परिषद में जानकारी दी कि महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग (एमपीएससी) द्वारा आयोजित सभी प्रतियोगी परीक्षाएं मराठी में कराने की राज्य सरकार की योजना है। विधान परिषद में सदस्य मिलिंद नार्वेकर ने एमपीएससी परीक्षाओं को लेकर एक प्रश्न का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि अभी तक अभियांत्रिकी (इंजीनियरिंग) और कृषि से संबंधित तकनीकी पदों की परीक्षाएं मराठी में नहीं होतीं, क्योंकि इन विषयों की पुस्तकें मराठी में उपलब्ध नहीं थीं।

### अधिक ब्याज के लालच में न फंसें

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधान परिषद में राज्य की जनता से अधिक ब्याज देने वाली योजनाओं के लालच में न फंसने की अपील की। सदस्य शशिकांत शिंदे द्वारा टोरेस घोटाले को लेकर पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि 99% अधिक ब्याज देने वाली योजनाएं धोखाधड़ी होती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी व्यक्ति अत्यधिक ब्याज नहीं दे सकता। बैंक के ब्याज दर से 2-4% अधिक ब्याज दिया जा सकता है, लेकिन उससे ज्यादा या बहुत अधिक ब्याज देना संभव नहीं है। साथ ही कहा कि टोरेस घोटाले में ठगे गए निवेशकों के पैसे वापस दिलाने के लिए कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## संभल में ढकी गईं होली के जुलूस मार्ग की मस्जिदें

**संभल।** यूपी के संभल जिले में गुलाल की चौपाई और होली के जुलूस को लेकर पुलिस-प्रशासन सतर्क है। बुधवार को जुलूस के मार्ग पर पड़ने वाली दस मस्जिदों को कवर कराया गया है। वहीं, दूसरी ओर जामा मस्जिद कमेटी ने भी जुमे की नमाज का समय 2.30 बजे तय कर दिया है। इसका एलान जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट ने किया है। एएसपी श्रीशचंद्र के अनुसार, संभल में होली की चौपाइयों का जुलूस जिन रास्तों से निकेलगा, उन रास्तों पर पड़ने वाले धार्मिक स्थलों को दोनों पक्षों की सहमति के बाद ढका गया। चौपाई जुलूस के रास्ते पर पड़ने वाली ऐसी 10 मस्जिद हैं, जिन्हें ढका गया। दोनों पक्षों के लोगों से इसको लेकर बातचीत की गई। दोनों ही पक्षों के लोगों ने ही इस फैसले पर सहमति जताई थी। उधर,संभल DM राजेंद्र पेंसिया ने त्यौहारों से पहले सुरक्षा व्यवस्था पर कहा, ...शांति समिति की बैठकें की गई हैं... 27 QRT बनाई गई हैं, हमने 6 जोन और 29 सेक्टर बनाए हैं।

## यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल मध्य प्रदेश के चार नए स्थल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि राज्य की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मान्यता मिली है। हाल ही में राज्य के चार ऐतिहासिक स्थलों को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में आगे शामिल करने के लिए इसकी संभावित सूची में शामिल किया गया है। इस सूची में मध्य प्रदेश के साथ भारत के कुल छह ऐतिहासिक स्थलों को शामिल किया गया। यादव ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य ने विश्व मंच पर अपनी सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने में एक और उपलब्धि हासिल की है।



### अब कुल 18 विरासत स्थल

- इस नवीनतम समावेश के साथ, मध्य प्रदेश में अब कुल 18 यूनेस्को मान्यता प्राप्त विरासत स्थल हैं। इनमें से तीन स्थलों को स्थायी सूची में और 15 को संभावित सूची में स्थान मिला है। स्थायी सूची में शामिल स्थलों में खजुराहो मंदिर समूह, भीमबेटका रॉक शेल्टर और सांची के बौद्ध स्मारक हैं। वहीं, संभावित सूची में मांडू के स्मारक, ओरछा का ऐतिहासिक समूह, नर्मदा घाटी में भेड़ाघाट-लमेटाघाट, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और भारत का प्रतिष्ठित साड़ी-बुनाई समूह चंदेरी भी शामिल है। उन्होंने मध्य प्रदेश के लोगों से इन ऐतिहासिक खजानों की सुरक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता में एकजुट होने का आह्वान किया।

## जेडीए अभियंता से मिले 100 से ज्यादा संपत्तियों के दस्तावेज



### ▶▶ 'काली कमाई' के राज अभी बाकी

**जयपुर।** राजधानी में जयपुर विकास प्राधिकरण के अधीक्षण अभियंता अविनाश शर्मा ने अपने सेवाकाल में वैध आय से 253 प्रतिशत ज्यादा संपत्तियां अर्जित की हैं। उसके दर्जनभर ठिकानों पर तलाशी में उसके और परिजनों के नाम पर 100 संपत्तियों के दस्तावेज मिले हैं। उसके घर से 13 लाख रुपए नकद मिले हैं, जबकि उसके और परिजनों के बैंक खातों में 30 लाख रुपए से ज्यादा जमा हैं। इसके साथ ही सोने-चांदी के आभूषण और म्यूचुअल फंड-शेयर मार्केट में 1.34 करोड़ रुपए के निवेश के दस्तावेज भी मिले हैं। एसीबी के डीजी डा. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने यह जानकारी दी कि अभियंता अविनाश शर्मा की बेटियों की महंगी स्कूल-कॉलेज में पढ़ाई पर भी करीब 50 लाख रुपए खर्च होने के दस्तावेज हैं, जबकि 25 लाख रुपए से ज्यादा की राशि दोपहिया और चौपहिया वाहनों पर खर्च की गई है। दो बैंक लॉकर के दस्तावेज भी मिले हैं, जिनकी तलाशी ली जानी बाकी है।

एसीबी का 'ऑपरेशन 40 प्लस' : एसीबी के एएसपी ज्ञानप्रकाश नवल ने बताया कि ब्यूरो मुख्यालय को गोपनीय सूत्रों से सूचना मिली थी कि जेडीए के अधीक्षण अभियंता अविनाश शर्मा ने भ्रष्टाचार के साधनों द्वारा खुद के और परिजनों के नाम पर अपनी वैध आय से कई गुना ज्यादा चल-अचल संपत्तियां अर्जित की हैं। एसीबी की सूचना शाखा ने गोपनीय रूप से सत्यापन किया तो 40 से ज्यादा संपत्तियां अर्जित करने की पुष्टि हुई।

### छह करोड़ से ज्यादा संपति अर्जन का मामला

करीब 6.26 करोड़ रुपए की संपत्ति अर्जित करने का मामला सामने आया, जिसके बाद एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति का मुकदमा दर्ज किया। एसीबी ने कोर्ट से वारंट हासिल कर अभियंता के जयपुर स्थित सात ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया जिसमें अभियंता और उसके परिजनों के नाम पर जयपुर में 100 से अधिक संपत्तियों के दस्तावेज मिले हैं। आवास की तलाशी में करीब 13 लाख रुपए नकद, करीब 140 ग्राम सोने के आभूषण, करीब 500 ग्राम चांदी के आभूषण मिले हैं।

## रायपुर से मुंबई जा रही इनोवा में मिले 4.5 करोड़ रुपए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की रायपुर पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। आमनाका में चेकिंग के दौरान एक सफेद इनोवा कार (23 BH 8886 J) से करीब 4.5 करोड़ नकद बरामद किए गए। यह रकम कार में विशेष रूप से बनाए गए एक खुफिया कंपार्टमेंट में छिपाई गई थी। पुलिस ने मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया, जिनमें कार चालक भी शामिल है। हालांकि, आरोपियों ने नकदी के बारे में कोई जानकारी होने से इनकार किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रायपुर से मुंबई जा रही इस गाड़ी में बड़ी मात्रा में नकद राशि मौजूद है। इसी आधार पर पुलिस ने कार को रोका और तलाशी के दौरान भारी रकम बरामद की। प्रारंभिक जांच में यह पैसा हवाला



कारोबार से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। पकड़े गए लोगों से पूछताछ की जा रही है। पैसा कहां से आया और कहां जा रहा था, इसकी जांच चल रही है। दरअसल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक कार में बड़ी मात्रा में कैश ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने आमानाका में चेकिंग प्वाइंट लगाया था।

## घर की सफाई में निकले 36 साल पुराने रिलायंस के शेयर

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के रहने वेला रतन ढिल्लों की किस्मत उस समय बदल गई जब वो अपने घर की सफाई कर रहे थे। दरअसल सफाई के दौरान उनके घर में RIL के 36 साल पुराने शेयर मिले हैं। जिनकी कीमत अब लाखों रुपए में है। स्टॉक मार्केट आज के समय ऐसी चीज हो चुकी है कि आम आदमी भी इसमें दिलचस्पी दिखाने लगा है। बहुत से शेयर खरीदना-बेचना और बाजार की स्थिति पर नजर रखते हैं। हालांकि ये कुछ वर्षों पहले तक इतना आम नहीं था। फिर भी जिन लोगों को जानकारी थी तो उन्होंने शेयर खरीदे भी हैं और अचानक पता लगता है कि वो तो माला-माल हो गए। हाल ही में एक एसी ही घटना सामने आई है। चंडीगढ़ के रहने वाले एक शख्स की तब किस्मत बदल गई उसने अपने घर में सफाई के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (RIL) के भौतिक शेयर खोज निकाले, जिनकी कीमत आज करीब 11 लाख रुपए है। कारों के शौकीन रतन ढिल्लों जब वो सफाई कर रहे थे। दस्तावेजों के मुताबिक ये 30 इक्विटी शेयर 1988 में 10 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से खरीदे गए थे।

## उत्तराखंड में अवैध मदरसों पर धामी एक्शन

**ऋषिकेश।** उत्तराखंड में धर्म की आड़ में अवैध मदरसे चलाने वालों के खिलाफ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सख्त रुख अपना लिया है। 15 दिनों के भीतर ही 52 से अधिक अवैध रूप से संचालित मदरसों को सील किया जा चुका है। सोमवार को सीएम धामी के निर्देश पर देहरादून के विकासनगर में 12 और खटीमा में 9 अवैध मदरसों को सील कर दिया गया। इससे पहले विभिन्न जिलों में 31 मदरसों पर कार्रवाई हो चुकी है।



दरअसल, उत्तराखंड में प्रशासन ने बीते 15 दिन के अंदर राज्य में अवैध रूप से चल रहे 52 से ज्यादा मदरसों को सील कर दिया है। प्रशासन ने देहरादून के विकासनगर में 12 और खटीमा में 9 अवैध मदरसे सील किए गए। इससे पहले भी विभिन्न जिलों में 31 मदरसों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। लंबे समय से उत्तराखंड के पछवादून और अन्य इलाकों में अवैध मदरसों का जाल फैलाया जा रहा था। यहां धर्म की आड़ में जनसंख्या असंतुलन की कोशिशें भी सामने आई थीं। लेकिन अब सीएम धामी ने साफ संदेश दे दिया है कि प्रदेश के मूल स्वरूप से किसी भी कीमत पर खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो भी कानून तोड़ेगा या अवैध गतिविधियों में शामिल होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। आने वाले समय में भी अवैध मदरसों और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाइयां देखने को मिल सकती हैं।

## लैंड जिहाद से पौराणिक स्थलों पर किया कब्जा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकारों में माफिया ने लैंड जिहाद के जरिये प्रयागराज के पौराणिक स्थलों पर अवैध कब्जा किया था, जिससे इनकी गरिमा को गहरी चोट पहुंची थी। महाकुंभ के दौरान इन स्थलों को माफिया मुक्त कराकर कायाकल्प हुआ। इस आयोजन ने दुनिया को भारत के सामर्थ्य और सनातन धर्म के वास्तविक स्वरूप को दिखाया। प्रदेश की नकारात्मक छवि को भी बदला। सीएम योगी बुधवार को राजधानी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखपत्र पांचजन्य और आर्गेनाइजर के मंथन : कुंभ एंड बियॉन्ड विचार संगम कार्यक्रम में बोल रहे थे। योगी ने कहा कि महर्षि भारद्वाज की नगरी प्रयागराज, दुनिया के पहले गुरुकुल की भूमि है। पिछली सरकारों में माफिया के हवाले थी। अक्षय वट को गुलामी के काल में कैद कर नष्ट करने की कोशिश की गई, जिससे 500 वर्षों तक श्रद्धालु दर्शन से वंचित रहे। माता सरस्वती कूप और पातालपुरी जैसे स्थल उपेक्षित रहे। श्रृंगवेरपुर भगवान राम और निषादराज के मैत्री स्थल पर लैंड जिहाद के जरिए कब्जा कर लिया गया। द्वादश माधव और नागवासुकी जैसे पवित्र स्थल भी अवैध कब्जों की चपेट में थे। महाकुंभ में वहां नए कॉरिडोर बनाकर इनको मुक्त कराया गया, जो हमारी पौराणिक परंपरा के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। त्रिवेणी संगम में हर जाति, पंथ और क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने एक साथ डुबकी लगाई, जो 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना को दर्शाता है।

- श्रृंगवेरपुर और मैत्री स्थल पर किया कब्जा


### सकारात्मकता की उम्मीद बेकार

- सीएम ने कहा कि जिनकी सोच नकारात्मक हो, उनसे सकारात्मकता की उम्मीद बेकार है। उन्होंने आजादी के बाद कांग्रेस और सपा के शासनकाल में कुंभ की अव्यवस्थाओं का जिक्र करते हुए कहा कि 1954 में एक हजार से अधिक मौतें हुईं थी, तो 2007 में प्राकृतिक आपदा ने जन-धन की हानि की। वहीं 2013 में मॉरिशस के तत्कालीन प्रधानमंत्री ने संगम की गंदगी देखकर आंसू बहाए थे। पिछली सरकारों ने कुंभ को अव्यवस्था और गंदगी का अड्डा बना दिया था। आज वही लोग स्वच्छ महाकुंभ पर सवाल उठा रहे हैं।

## महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के पुरस्कारों की घोषणा

### रामकृष्ण सहस्त्रबुद्धे एवं डॉ. श्रीराम परिहार को अखिल भारतीय जीवन गौरव पुरस्कार

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी द्वारा वर्ष 2024-25 के पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है। हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं विकास हेतु सतत प्रयासरत महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी द्वारा प्रतिवर्ष हिंदी सेवियों को पुरस्कृत किया जाता है। अकादमी द्वारा दिए जाने वाले ये पुरस्कार अखिल भारतीय, राज्य स्तरीय तथा विधागत होते हैं। महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष डॉ. शीतला प्रसाद दुबे ने बताया कि इस वर्ष अखिल भारतीय सम्मान जीवन गौरव पुरस्कारों में 'महाराष्ट्र भारती अखिल भारतीय हिंदी सेवा पुरस्कार' के लिए रामकृष्ण सहस्त्रबुद्धे तथा 'डॉ. राम मनोहर त्रिपाठी अखिल भारतीय हिंदी सेवा पुरस्कार' के लिए प्रो. (डॉ.) श्रीराम परिहार के नामों की घोषणा की गई है। पुरस्कारों के इसी क्रम में राज्य स्तरीय सम्मान जीवन गौरव पुरस्कार के अंतर्गत 'छत्रपति शिवाजी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार'





राजेश कुमार मिश्र उर्फ राजेश विक्रांत को, 'साने गुरुजी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार' ऋषिकुमार मिश्र को, 'पद्मश्री अनंत गोपाल शेवडे हिंदी सेवा पुरस्कार' डॉ. संजय सिंह को, 'डॉ. उषा मेहता हिंदी सेवा पुरस्कार' डॉ. सुष्मिता भट्टाचार्य को, 'गजानन माधव मुक्तिबोध मराठी भाषी हिंदी लेखक पुरस्कार' प्रो (डॉ.) विजयकुमार रोडे को, 'कांतिलाल जोशी इतर हिंदी भाषी हिंदी लेखक पुरस्कार' गीता माणेक को 'व्ही. शांताराम ललित कला हिंदी विशिष्ट सेवा पुरस्कार' अखिलेंद्र मिश्र को तथा 'सुब्रमण्य भारती हिंदी सेतु विशिष्ट सेवा पुरस्कार' शीला डोंगरे को प्रदान किया जाएगा।

### 14 विधाओं में 36 रचनाकारों को पुरस्कार

विधा पुरस्कारों के अंतर्गत दिए जाने 14 विधाओं के 36 साहित्याकारों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके अंतर्गत काव्य के लिए दिया जाने वाला 'संत नामदेव पुरस्कार' अमर कृपाशंकर त्रिपाठी, सत्यदेव विजय सिंह (सत्यदेव विजय), ठाकुर भरत सिंह को, उपन्यासकारों को दिया जाने वाला 'जैनेंद्र कुमार पुरस्कार' वीरेंद्र ओझा, श्रीमती रेखा बैजल, कोत्तापल्ली लता (लता तेजेश्वर 'रेणुका') को, कहानी के लिए दिया जाने वाला 'मुंशी प्रेमचंद' पुरस्कार श्यामलता गुप्ता, हरि मृदुल, पारमिता षड़ंगी (अर्चना मिश्रा), डॉ. वर्षा पुनवटकर को, निबंध के लिए दिया जाने वाला 'आचार्य रामचंद्र शुक्ल पुरस्कार' श्रीमती अलका रागिनी, डॉ. आभा सिंह, डॉ. फय्याज अहमद फैजी को, समीक्षा के लिए दिया जाने वाला 'आचार्य नंददुलारे वाजपेयी पुरस्कार' डॉ. अवधेश कुमार राय, डॉ. सुधीर वाघ, प्रो. (डॉ.) बालाजी श्रीपती भुरे को, अनुवाद के लिए दिया जाने वाला 'मामा वरेरकर पुरस्कार' सेवक नैयर, डॉ. शेषनारायण उर्फ शशि मुरलीधर निघोजकर, डॉ. प्रेरणी उबाळे को तथा वैज्ञानिक तकनीकी के लिए दिया जाने वाला 'होमी जहांगीर भाभा पुरस्कार' डॉ. अमरीश सिन्हा, हिंदी भाषा संबंधी लेखन के लिए दिया जाने वाले 'महावीर प्रसाद द्विवेदी पुरस्कार' डॉ. मनोज पांडेय, डॉ. मीना राजपूत, को नाटक के लिए दिया जाने वाला 'विष्णुदास भावे पुरस्कार' डॉ. पूजा हेमकुमार अलापुरिया को, जीवनी परक लेखन के लिए दिया जाने वाला 'काका कालेलकर पुरस्कार' डॉ. राजेंद्र प्रताप सिंह, मांगीलाल जगमालाराम विश्नोई, भगवान वैद्य को, पत्रकारिता एवं कला के लिए दिया जाने वाला 'बाबूराव विष्णु पराडकर' पुरस्कार डॉ. शैलेंद्र दुबे को बालसाहित्य के लिए दिया जाने वाला 'सोहनलाल द्विवेदी पुरस्कार' रीता अमर कुशवाहा, विपुल सेन (कवि विपुल लखनवी), श्रीमती रोचिका अरुण शर्मा को, लोकसाहित्य के लिए दिया जाने वाला 'फणीश्वरनाथ रेणु' पुरस्कार मदन गोपाल गुप्ता (अकिंचन) एवं हेमलता मिश्र 'मानवी', शामराव नारायण राव रावले (श्याम रावले 'सुंदर') को तथा राष्ट्रभक्ति आधारित लेखन के लिए दिया जाने वाला शशिभूषण वाजपेयी हिंदी लेखक पुरस्कार कृष्ण प्रकाश, रेणु शर्मा एवं प्रतीक राजीव मिश्रा को प्रदान किया जाएगा।

### 18 मार्च को पुरस्कार समारोह



- अकादमी के कार्याध्यक्ष प्रो. शीतला प्रसाद दुबे ने सभी पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को बधाई देते हुए बताया कि मंगलवार, 18 मार्च 2025 को रंगशारदा ऑडिटोरियम, बांद्रा पश्चिम में शाम 5.30 बजे से पुरस्कार समारोह को आयोजन किया गया है। इस समारोह में विशिष्ट गणमान्यों की उपस्थिति में पर्यटन एवं सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार के हाथों से सभी पुरस्कृत साहित्यकारों को नगद पुरस्कार, स्मृति चिह्न तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाता है। मुंबई के बाहर से आने वाले पुरस्कृत साहित्यकारों के आने - जाने एवं मुंबई में ठहरने का व्यय महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य अकादमी की ओर से वहन किया जाएगा।

### रेणु शर्मा को शशिभूषण वाजपेयी हिंदी लेखक पुरस्कार



- जागरूक टाइम्स की वरिष्ठ उपसंपादक रेणु शर्मा को उनकी पुस्तक 'भारत वसुंधरा- साझा गौरव, सामूहिक उत्तरदायित्व' के लिए शशिभूषण वाजपेयी हिंदी लेखन का रजत पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## दिल्ली पुलिस ने 20 से ज्यादा बांग्लादेशियों को पकड़ा

अश्वनी कुमार चौधरी

**नई दिल्ली।** भारत के विभिन्न राज्यों में इस वक्तअवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ बड़े स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिल्ली पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। दिल्ली पुलिस ने एक ऑपरेशन के दौरान 20 से ज्यादा बांग्लादेशी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ये गिरफ्तारी दक्षिणी पूर्वी और दक्षिणी दिल्ली से की है। पकड़े गए बांग्लादेशी अवैध तरीके से भारत में आए थे। इनके पास से कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। दरअसल, हाल ही में गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, गृह विभाग के मंत्री आशीष सूद, दिल्ली के पुलिस कमिश्नर व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की थी। गृह मंत्री ने निर्देश दिया था कि दिल्ली में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के देश में घुसने से लेकर उनके डाक्यूमेंट बनवाने और यहां रहने में मदद करने वाले पूरे नेटवर्क के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। अवैध घुसपैठियों का मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है और इसमें पूरी सख्ती के साथ काम हो और इन्हें चिह्नित कर डिपोर्ट किया जाए। लगातार खराब प्रदर्शन करने वाले पुलिस थानों और सब-डिविज़न्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। बता दें कि इससे पहले एक बांग्लादेशी नागरिक को भारत-नेपाल सीमा से सटे महाराजगंज जिले में बिना वीजा और पासपोर्ट के प्रवेश करने की कोशिश करने के आरोप में पकड़ा गया है। सशस्त्र सीमा बल ने मंगलवार को इस बारे में जानकारी दी थी। बांग्लादेशी सैफुल इस्लाम (उम्र 35 साल) को SSB द्वारा निचलौल क्षेत्र में गिरफ्तार किया गया है।

### ▶▶ अवैध तरीके से आकर रह रहे सभी

